महानगर नई दिल्ली मंगलवार 2 जून, 2026, रु. 6.00 (22 पेज) दिल्ली, कोलकाता, लखनऊ और चंडीगढ़ से प्रकाशित

जनसत्ता

jansatta.com epaper.jansatta.com

तमिलनाडु : भाजपा छोड़ेंगे अन्नामलाई

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

तमिलनाडु भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और दक्षिण में पार्टी के सबसे प्रमुख चेहरों में से एक के अन्नामलाई मंगलवार को भाजपा से अपना इस्तीफा सौंप सकते हैं और औपचारिक रूप से दिल्ली में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन को अपने फैसले से अवगत करा सकते हैं।

भाजपा के विश्वसनीय सूत्रों ने सोमवार को बताया कि उन्होंने अपना मन बना लिया है और दिल्ली का यह दौरा महज एक राजनीतिक बैठक नहीं बल्कि उस पार्टी के प्रति आभार व्यक्त करने का भी एक तरीका है जिसके साथ उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन के पिछले छह साल बिताए हैं। उधर, अन्नामलाई ने पार्टी से नाराजगी और नया राजनीतिक संगठन बनाने की संभावनाओं को लेकर लगाई जा रही अटकलों पर **बाकी पेज 8 पर**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण लगभग तय

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और अमेरिका ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के पहले चरण के अधिकांश प्रावधानों को अंतिम रूप दे दिया है और अब बातचीत कुछ छोटे मुद्दों तक ही केंद्रित है। गोयल ने कहा कि लगभग सभी चीजें तय हो चुकी हैं। जैसा कि अमेरिकी राजदूत ने भी कहा है कि 99 फीसद मुद्दों पर सहमति बन चुकी है।

गोयल ने संवाददाताओं से कहा कि अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल इस समझौते के पहले चरण को अंतिम रूप देने के लिए भारत में है। दोनों पक्षों के बीच दो से चार जून तक यह बातचीत होगी। इस वार्ता में बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं, सीमा शुल्क, निवेश प्रोत्साहन और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी रणनीतिक साझेदारी पर गहन चर्चा हो रही है।

अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल भारत में, चार जून तक होगी बातचीत। इस वार्ता में बाजार पहुंच, गैर-शुल्क बाधाएं, सीमा शुल्क, निवेश प्रोत्साहन और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़ी रणनीतिक साझेदारी पर गहन चर्चा हो रही है।

दोनों देशों ने तीन फरवरी को इस व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा तय होने की घोषणा की थी।

इस उच्च स्तरीय वार्ता में दोनों देशों की टीमें तकनीकी विवरणों को सुलझाने और कानूनी मसौदे को अंतिम रूप देने पर ध्यान केंद्रित करेंगी। दोनों देशों ने तीन फरवरी को इस व्यापार समझौते के पहले चरण के लिए रूपरेखा तय होने की घोषणा की थी।

गोयल ने कहा कि अब केवल छोटे-छोटे बिंदुओं पर चर्चा चल रही है। उन्होंने कहा कि समझौते को अंतिम रूप देते समय इस पर भी विचार किया जा रहा है कि अमेरिका में हुए कानूनी बदलावों को इसमें किस तरह से जगह दी जाएगी। उन्होंने **बाकी पेज 8 पर**

व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर 42 रुपए महंगा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

होटल और रेस्तरां में इस्तेमाल होने वाली व्यावसायिक द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) 19 किलोग्राम के सिलेंडर की कीमत राजधानी दिल्ली में सोमवार को 42 रुपए बढ़ा दी गई। अब दिल्ली में व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 3,071.50 रुपए से बढ़कर 3,113.50 रुपए हो गई है।

यह वृद्धि एक मई को की गई 993 रुपए की भारी बढ़ोतरी के बाद हुई है, जिससे व्यावसायिक एलपीजी कीमतें रिकार्ड स्तर पर पहुंच गई हैं। वहीं कोलकाता में व्यावसायिक एलपीजी की कीमतों में 53.50 रुपए तक की बढ़ोतरी की गई है। यहां अब ये सिलेंडर 3,255.50 रुपए में मिलेगा। पहले ये 3,202 रुपए में मिल रहा था। वहीं, पांच किलोग्राम 'फ्री-ट्रेड' एलपीजी सिलेंडर की कीमत भी 11 रुपए बढ़ाकर 821.50 रुपए कर दी गई है। इसे कोई भी बिना आवास पता प्रमाण के ले सकता है। पांच किलोग्राम वाले छोटे सिलेंडर को नियमित कनेक्शन के साथ लेने पर इसका दाम 339 रुपए पर स्थिर है।

पांच किलोग्राम 'फ्री-ट्रेड' सिलेंडर की कीमत भी 11 रुपए बढ़ाकर 821.50 रुपए की गई।

घरेलू गैस के दाम जस के तस। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए एटीएफ हुआ 27 फीसद सस्ता।

घरों में इस्तेमाल होने वाली रसोई गैस की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया। 14.2 किलोग्राम के **बाकी पेज 8 पर**

'भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ म्यांमा की धरती का इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा'

नई दिल्ली, 1 जून (ब्यूरो)।

प्रधानमंत्री मोदी से मिले म्यांमा के राष्ट्रपति आंग ह्लाइंग।

म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आश्वासन दिया कि भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ उनके देश की धरती का इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा।

दोनों नेताओं ने व्यापार, रक्षा और ऊर्जा क्षेत्रों में द्विपक्षीय **बाकी पेज 8 पर**

नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में म्यांमा के राष्ट्रपति यू मिन आंग ह्लाइंग के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

सीबीएसई : पुनर्मूल्यांकन पोर्टल दिन भर नहीं चला, विद्यार्थी रहे हलकान

नई दिल्ली, 1 जून (ब्यूरो)।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने की घोषित तिथि के बाद भी सोमवार को दिन भर पोर्टल नहीं खुला। सीबीएसई के आधिकारिक पोर्टल पर लगातार 'रखरखाव के अधीन' संदेश प्रदर्शित होता रहा। इससे हजारों विद्यार्थी हलकान रहे।

सीबीएसई सूत्रों ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन पोर्टल जल्द चालू होने की उम्मीद है।

-पूरी खबर पेज 8 पर

तृणमूल ने पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर दो विधायकों को निकाला

नई दिल्ली, 1 जून (ब्यूरो)।

तृणमूल कांग्रेस ने कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋतव्रत बनर्जी को सोमवार को निष्कासित कर दिया।

निष्कासन आदेश से कुछ ही मिनट पहले मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा था कि राज्य विधानसभा में 'फर्जी हस्ताक्षर' मामले के संबंध में शिकायतें इन दोनों विधायकों ने दर्ज कराई थीं। *-पूरी खबर पेज 12 पर*

पंजाब अनुसूचित जाति आयोग ने रवनीत बिट्टू को चार जून को तलब किया

चंडीगढ़, 1 जून (ब्यूरो)।

पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को कथित जातिसूचक टिप्पणी के मामले में चार जून को पेश होने के लिए सोमवार को समन जारी किया।

आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनके संज्ञान में आया कि बिट्टू ने हाल में धूरी में दौरे के दौरान कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था। *-पूरी खबर पेज 10 पर*

जनसत्ता क्लासीफाइड

व्यक्तिगत

This is to certify that "Dinesh Singh" alias "Dinesh Singh Bisht" is one and the same person. 0040858168-1

My Correct name is KALPANA KUMARI, W/o-Ashish Saini insteadof KALPANA SAINI, which is Wrongly-written in-my Daughter, AANVI SAINI School-Record,R/o-RZ-20,Subhash-Park,Ext-2,Uttam Nagar,New-Delhi-59, both names belong to same-person i.e.myself- KALPANA KUMARI 0040858205-4

It is for general information that I Akhil Kumar Jain son of Kamal Chand Jain resident of A-14,Green Park Main, New Delhi-110016, declare that name of mine has been wrongly written as Akhil Jain in My son's i.e. Naitik Jain Passport. The actual name of mine is Akhil Kumar Jain, respectively which may be amended accordingly. 0040858157-1

I,YOGESH KUMAR,S/O-MURARI LAL SHARMA R/O C-20,SECOND FLOOR,ANAND NIKETAN NEW DELHI-110021,CHANGED MY NAME TO YOGESH SHARMA FOR ALL PURPOSES. 0040858201-8

I,Vikas Arora,S/o Sharwan Kumar Arora,R/o-1/6185-A,3rd Floor,Gali No.2,East Rohtash-Nagar,Shahdara,Delhi-110032,have changed my son's name from Moksh Arora to Tanay Arora. 0040858205-5

I,URMILA DEVI,MOTHER OF, VIJESH KUMAR,R/O VPO-KHORRA DISTT-JHAJJAR HARYANA-124142,HAVE CHANGED MY NAME,FROM URMILA DEVI TO URMILA VIDE AFFIDAVIT,DATED 01/06/2026, BEFORE NCT-DELHI. 0040858200-10

I,Sweta W/o Minku Kumar R/o RZ-15,Toop Floor,Gali No.19, Vashisht-Park, Delhi -110046, have changed my name to Sweta Singh for all Purposes. 0040858205-2

I,Sonia,D/o Gurbachan Singh Sodhi,W/o-Jatinder Pal Singh,R/o-A-200 3rd Floor, Lajpat Nagar-I,New Delhi-110024,hereby declare that my name Sonia Sodhi appearing in Passport and Sonia appearing in Aadhaar-Card & PAN-Card belong to one and the same-person. Henceforth, I shall be known as "Sonia" for all,official purposes. 0040858200-9

I,Shweta sharma,w/0 PEEYUSH Vij,r/0 B404,saya zeenath,apt Ghaziabad,up, have change her MINOR DAUGHTER NAME ALISHA VIJAN TO PEHAL Vijan,for all 0040858200-5

I, Sanjay Gupta, S/o Ganga Prasad Gupta, R/o A-87, Near Gurudwara, Pandav Nagar, East Delhi-110092, have changed my name to Sanjay Kumar Gupta, for all purposes. 0040858201-3

I,SANCHI PANDEY,W/O VIVEK RAWAL R/O-FLAT.802,TOWER-3, PANCHSHEEL PEBBLES, SECTOR-3,VAISHALI, Ghaziabad UTTAR PRADESH-201010 changed my name to SANCHI RAWAL. 0040858200-1

I,Rachna W/o-Atmaram Meena, R/o-A-161,Street no.15,Pratap Nagar,Mayur Vihar Phase-1,New Delhi-110091,Change My Name to RACHNA SAXENA New Name Permanently. 0040858204-1

I,RAVINDER KUMAR S/O BUDHRAM R/O HNO.151 HAIDERPUR VILLAGE DELHI-110088.HAVE CHANGED MY NAME TO RAVINDER YADAV FOR ALL FUTURE PURPOSES. 0040858201-5

I,Patel Sohini Vitthal W/o Abhishek Goel R/o Flat-1807, Tower Modena Mahagun Mirabella,Sector-79,Noida, G.B.Nagar,have changed my name to Sohini Patel. 0040858205-7

I,Saarvi D/O Mukesh Luthra R/O-QU 96-B Vishaka Enclave, Delhi-110034,have Changed my name to Saarvi Luthra for all future purposes. 0040858204-5

I,PUSHPA RANI/PUSHPA GUPTA,W/O RAJIV GUPTA, R/O B-6 UPPER GROUND MAHATMA GANDHI-ROAD ADARSH-NAGAR, DELHI-110033.HAVE CHANGED MY NAME TO PUSHPA RANI GUPTA. 0040858201-4

I,POOJA LAMBA, C/O, ANKUSH MALHOTRA, R/O-FLAT.NO-104,1ST FLOOR,T/4 PLOT.NO-GH-14A 1ST-floor SECTOR-1 WEST,GREATER NOIDA,GAUTAM BUDH-NAGAR,UTTAR PRADESH-201306,have changed my name to pooja. 0040858200-2

I,Netrapal Singh Panghal, S/O-Mahavir Singh Panghal,R/O-804,Nangla Tashi,Kanker-Khera,Meerut,Uttar Pradesh-250001,have changed my minor son name,from Adiraj Singh to Adhiraj Singh. 0040858200-8

I, Kavita Maurya alias Kavita Kushwaha W/o Shiv Prasad Kushwaha and D/o Ram Dhani Maurya R/o Flat No.1202, Tower-A1, Saviour Greenisle, Crossing Republik, Ghaziabad , UP-201016 have changed my name from Kavita Maurya to Kavita Kushwaha for all future purposes. 0040858105-1

I,NARESH KUMAR,S/O-NARSHING DASS GUPTA,R/O-E-99, KAMLA NAGAR,MALKA GANJ, DELHI-110007,HAVE CHANGED MY NAME TO NARESH KUMAR GUPTA. 0040858200-4

I,Mohd.Mazid,S/o Sirazuddin, R/o-B-145,Gali No.13,Kanti-Nagar Extn.Krishna Nagar, Delhi-110051,have changed the name of my-minor son Hamdan(DOB-24-01-2019) to Muhammad Hamdan,for all purposes. 0040858200-7

I,Mirza Mohd,Aabideen,S/O-Mirza Ali Akhtar,R/O-4256, Dargh near-Railway colony-Naya bazar Chandni,chowk North Delhi 110006,have changed my name to Mohammad Aabdeen,for all purposes 0040858201-7

I,Kunal Verma S/o Ashok Kumar Verma R/o F-17, Sector-41, Noida(U.P) have changed my son's name from Ruhaan Verma to Roohaan Verma for all purposes. 0040858111-1

I,Kunal Verma S/o Ashok Kumar Verma R/o F-17, Sector-41, Noida(U.P) have changed my daughter's name from Samaira Verma to Samairaa Verma for all purposes. 0040858111-2

I,Kiranjeet Kaur,W/O.Devinder Singh Anand,R/O.JG1/62, Vikaspuri,New Delhi-110018 have changed my name to Kiranjeet Kaur Anand for all Purposes 0040858200-6

I,Jasleen Kohli w/o Satvinder Singh Kohli R/o B-2/1,Second Floor,Front Side,Janak Puri, Delhi-110058,have changed my name to Jasleen Kaur Kohli. 0040858201-1

I,JAMAN SINGH S/O SITAB SINGH,R/O-417 PRATAP-VIHAR, KHODA-COLONY, KHODA,P.O: KHODA GAON, DISTRICT: GHAZIABAD,UTTAR PRADESH-201309,have changed my name to JAMAN SINGH RAWAT, for all,future purposes. 0040858205-9

I,BABLOO,S/O-RAMBIR SINGH, R/O-79A,RAJAN-VIHAR,HASTSAL VILLAGE,DELHI-110059 HAVE CHANGED MY NAME TO BABLOO SINGH. 0040858205-3

I,Aayush Kumar Mishra,S/o-Jyotish Kumar Mishra, R/o-Block-S1, Nanakpura, Shakarpur Khas, S-695,School Block,Shakarpur, Delhi-110092, have changed my name to Ayush Kumar Mishra, for all,future purposes. 0040858205-6

I,AQSA SAHUD AHAMAD, W/O-SAHUD AHAMAD,R/O-MOHALLA TIHAI,MAWANA KALAN, MAWANA,Meerut UTTAR, PRADESH-250401 changed my name to AQSA. 0040858200-3

I,ANUSHA,D/O-DEEPAK GUPTA, residing at,F-60,3RD FLOOR, PREET VIHAR, SHAKARPUR, DELHI-110092.have changed my name to ANUSHA GUPTA for all future purposes. 0040858201-2

I,Aakriti D/O Nitin Kumar R/O F 520,Gali No 2 Near Kali Mata Mandir Lado Sarai New Delhi 110030 changed my name to Aakriti Gupta 0130065349-1

I,ANL KUMAR GUPTA S/O Ratan Lal Gupta R/O HOUSE NO-22 B, 1ST FLOOR,BLOCK NO-5,NEAR HDFC BANK,ROOP NAGAR,PO:-MALKA GANJ,DIST:-NORTH DELHI,DELHI-110007,have changed my name to ANIL KUMAR GUPTA for all future purposes. 0040858204-2

I,AANCHAL YADAV W/O JATIN R/O A-1518 NEAR DELHI CHAAT BHANDAR JAHANGIR-PURI DELHI-110033.HAVE CHANGED MY NAME TO AANCHAL SONI. 0040858201-6

I, Udya Pratap Singh S/o Ranvir Singh R/o 21, Jagnapur, Murthar Alipur, Agra, Uttar Pradesh- 283201, have changed my minor daughter's name from Namee Jadaun aged 05 years to Anika Jadoun forever 0071039437-1

I, UMA BHARTI W/o N.R. Ramachandran, R/o C-84, DDA Flats, Kalkaji, New Delhi-110019, have changed my name and shall hereafter be known as UMABHARATHI RAMACHANDRAN. 0040858115-1

I, Subrat Parida Son of Sahadev Parida, Residing at Unit No B-2 First Floor C-48-B, Old No C-48, Krishna Park Khanpur, Devli, PO Dr. Ambedkar Nagar, Dist: South Delhi-110080, have changed my name to Abhishek Parida 0071039481-1

I, Sanjeev Kumar Tiwari, s/o shri Nand Lal Tiwari, resident of Tower-O, Flat-401, Pan Oasis, Plot No. GH-01, Sector-70, Noida, UP-201301, have changed my name from Sanjeev Kumar Tiwari to Sanjeev Tiwari. Henceforth I would be known by the name of Sanjeev Tiwari for all future purposes. 0040858109-1

I, SHYNI SHAJI, Dependent (Mother) of SHIJIN SHAJI, Resident of KILIYAMPARAMBIL HOUSE, CHERAKKAPARAMBA PO ANGHADIPURAM, MALAPPURAM, KERALAM–679321 have changed my name SHYNI SHAJI to BABY SHINY vide Affidavit dated 27/05/2026 before District Court Faridabad. 0071039417-1

I, Raghav Anand, R/o Hno.10, Roadno.18, East Punjabi Bagh, New Delhi-110026, have changed my daughter's name from khushvka Anand to Khushvika Anand. 0040858140-2

I Nagma Parveen D/o Mohd Shakir R/o Village Rampura, Shahabad, Uttar Pradesh-244922, have changed my name to Shagun 0071039441-1

I, Pramod,S/o-Ram Swaroop, R/o-Block.No.-8,175,176 Dakshinpuri-Extn, Ambedkar-Nagar,Pushpa Bhawan,South-Delhi,Delhi-110062,have changed my name to Pramod Kumar 0040858205-10

I, PRASHANT MAAN C/o Narender Mann, C-3356, Road No-156, Gurudwara Road, Green Field Colony, Sector-41, Faridabad-121010 have changed my name to PRASHANT MANN. 0071039477-1

I, Mamta w/o Surinder Kumar r/o E-38, Second Floor, Bali Nagar, New Delhi-110015, have changed my name to Mamta Budhiraja. 0040858140-1

I, MUKESH , W/O AJIT SINGH, R/o 186 OMAXE GALLERIA SECTOR 14 BAHADURGARH JHAJJAR Haryana - 124507 have changed my name MUKESH DEVI for all future purposes. 0071039450-1

I, Krishan Kumar Rajput Son of Kaptan Singh, Residing at Villa No. B-20, Kamakhya Villa, Shahberi, Ghaziabad, Shah Beri, Chhipyana, Gautam Buddha Nagar, Uttar Pradesh-201009, have changed my name to Krishna Rajput. 0071039486-1

I, Kavita Singh, D/o Jageshwar Nath Singh, W/o Punit Dutt Tyagi, R/o 433, Sector-28, Arun Vihar, Noida, have changed my name after marriage to Kavita Tyagi, for all purposes. 0040858104-1

I, K.D. Oberoi S/o Shriram Oberoi R/o F-64, Wave Green, Opposite-Wave Mall Ramganga Vihar-2, Moradabad(U.P) have changed my name to Kulbhushan Oberoi for all purposes. 0040858177-1

I, Irveen Kaur w/o Narinder Bir Singh r/o ExB-14-15, BE-Block, Hari Nagar, Delhi-110064 have changed my name to IRVEEN KAUR SETHI. 0040858110-1

I, ISHITA ANIL GUPTA, D/O ANIL KUMAR GUPTA R/O-HOUSE NO-22-B,1ST-FLOOR, BLOCK NO-5,NEAR HDFC BANK, ROOP NAGAR,PO:-MALKA GANJ,DIST:-NORTH DELHI,DELHI-110007,have changed my name to ISHITA GUPTA for all future purposes. 0040858204-3

I, Gurpreet Wife of Ajit Pal, Residing at 353/2, Gali No-1, Than Singh Nagar, Anand Parbat,Karol Bagh, Karol Bagh, Central Delhi-110005, have changed my name to Gurpreet Sharma. 0071039483-1

I, Dipannita Dey W/o Bikash Chaurasia R/o C-2/2490 Ground Floor Avenue-8 Vasant Kunj Delhi-110070 Have Changed My Name To Dipannita Dey Chaurasia. 0040858205-8

I, BINDU , C/O KEWAL KUMAR , R/O HOUSE NO A 252 GALI NO 3 RAMA GARDEN KARAWAL NAGAR NORTH EAST DELHI - 110094 , have changed my name BINDU KUMARI for all future purposes. 0071039446-1

I, Ajit Pal Son of Ram Kumar Sharma, Residing at 353/2, Gali No-1, Than Singh Nagar, Anand Parbat, Karol Bagh, Karol Bagh, Central Delhi-110005, have changed my name to Ajit Pal Sharma. 0071039488-1

I SUNITA MOTI W/O ANIL KUMAR MOTI R/O FLAT NO-1401/1501,TOWER-5, UNI-WORLD GARDEN-1,SEC-47, GURGAON, HARYANA-122018, CHANGE MY NAME TO SUNITA VUTHOO. 0040858205-1

I PRIYANKA CHADHA W/O NAHUSH AGARWAL R/O - 154 RAM VIHAR DELHI-110092 HAVE CHANGED MY NAME TO PRIYANKA NAHUSH AGARWAL FOR ALL PURPOSE 0040857911-2

I Leo Guharay. D/O, Partha Sarathi Guharay. R/o Partha Sarathi Guharay. Dangapara. Guha Niwas. P.o. Pandapara Kalibari. Dist. Jalpaiguri. Pin.735132. have changed my name to Parnashreya Guharay. 0040858102-1

I Kalu S/o Kishan Pal R/o Pavia, Incholi, Dist: Meerut, Uttar Pradesh- 250001, have changed my name to Anil Kumar 0071039440-1

I,Rachna Sachdev,D/O-P L Sachdeva R/O 3115,U G Floor,Mahindra Park,Rani Bagh,Shakur Basti,Delhi-110034,have changed my name to Rachna. 0040858204-4

I, No.-14879052M, Sep/MT, Bhavare Suraj Annasahab, presently R/o Vill.-Umalwad, PO-Jaysingpur, Teh.-Shirol, Distt.-Kolhapur, Maharashtra-416101 have changed my daughter's name from SURVI to SURVI SURAJ BHAVARE vide affidavit No.IN-UP92499385034689Y dated 30-05-2026 0060141953-1

I, HAV, Badgujar Mahendra Ananda R/o House No.-16, Saptshrungi Nagar, Village & Post–Devpur, Distt-Dhule, Maharashtra-424005, have changed my son's name from JIGAR to BADGUJAR JIGAR MAHENDRA vide affidavit No. 73AB-201041 dated 13-04-2026 0060141953-2

I MOHAMMAD MUSLEMIN QURESHI S/ O MOHAMMAD MUKIM AHMAD QURESHI BORN ON15/04/1972 RESIDING AT 163/252 LETHER MARKETMOULVIGANJ LUCKNOW UP 226018 HAVE CHANGE MY NAME TO MOHAMMAD MUSLEMIN QURAISHI VIDE AFFIDAVIT DATED 30/05/2026 AT LUCKNOW 0050290658-1

व्यक्तिगत

मैं मनोज कुमार चिंदलिया, पुत्र हनुमानलाल चिंदलिया, निवासी 257 द्वितीय तल एजीसीआर एन्क्लेव, वीटीसी, आनंद विहार, दिल्ली 110092, अपने 16 वर्षीय नाबालिग पुत्र मन्नन चिंदलिया का नाम बदलकर मनन जैन रख देता हूँ।

व्यक्तिगत

मैंने अपना नाम Mohammad Younus S/o Mohammad Umar से बदलकर Mohd Younus S/o Mohd Umar सभी उद्देश्यों हेतु कर लिया है। Mohd Younus S/o Mohd Umar, निवासी 229/294, चिड़िया बाजार, हुसैन कॉम्प्लेक्स, नक्खास, लखनऊ-226003

व्यक्तिगत

मैंने अपना नाम इमरान से बदलकर इमरान अंसारी सभी उद्देश्यों हेतु कर लिया है। इमरान अंसारी पुत्र शम्सुद्दीन निवासी नई बस्ती, बेनीगंज, देहात, हरदोई -241304

व्यक्तिगत

मैं बनाश्री मंडल पत्नी अशेष मंडल, सरबंगापुर, सरबंगापुर मुरशिदाबाद, पश्चिम बंगाल 742174 में रहती हूं, मैंने नोटरी पब्लिक डिस्ट्रिक्ट कोर्ट लखनऊ (यूपी) के समक्ष दिनांक 13/05/26 के शपथ पत्र के माध्यम से अपना नाम बनाश्री को बदलकर बनाश्री मंडल कर लिया है।

व्यक्तिगत

मैंने अपना नाम Mohd Irfan S/o Mohd Yusuf से बदलकर Mohammad Irfan S/o Mohammad Yusuf सभी उद्देश्यों हेतु कर लिया है। Mohammad Irfan S/o Mohammad Yusuf, निवासी 106, न्यू राम नगर, खंजर वाला तकिया, चौक, लखनऊ-226003

खोया+पाया

I Vijay Kumar Talwar, S/o Late Om Prakash Talwar R/o 256/7, Gali No.7, Padam Nagar, Kishan Ganj, Malka Ganj, Delhi-110007 have lost my Original Lease Deed original copy and others document of Shop No.190, Old Rohtak Road, Kishan Ganj Market, Delhi-110007. Finders may contact at above address. 0040858101-2

I Sanjay Kumar S/o Shankar Lal R/o F-11, Patli Gali, Shastri Nagar, Delhi-110052, have lost my original GPA, Will, Receipt, Agreement to Sell Family Settlement, Sale deed etc. in favour of Shankar Lal of above said property. Finders may contact at the above address. 0040858101-1

LOST & FOUND

DDA फ्लैट K-210, सरिता विहार, नई दिल्ली के दस्तावेज सरिता विहार, नई दिल्ली में खो गए हैं/कहीं रखकर भूल गया हूँ, आवंटन पत्र, मांग पत्र, कब्जा पत्र, कब्जा पर्ची, पानी और बिजली के लिए NOC ePS सरिता विहार में दिनांक 30 मई 2026 को eFIR (LR No. 337587/2026) दर्ज करवा दी गई है। कृपया राजिंदर पाल सिंह (7696962293) को सूचित करें। 20514408

अदालती सूचना

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF Sh. Khush Karan Jot Singh Gill Civil Judge (Junior Division), Hansi

Tara Devi
Vs. Arpit aliwa Arpit Agarwal
CS/852/2025

Tara Devi aged about 68 years W/o Sher Singh son of Shri Amar Singh R/o Village Dhani Balhara Tehsil Siwani Distt. Bhiwani now at Hisar

VS

1) Arpit @ Arpit Aggarwal son of Shri Shiv kumar adopted son of Shri Sher Singh son of Ganga Sahya R/o Flat no. 48, The Kasal Apartment no. 1 Kolash Nagar, Pondicherry.

CNR No. HRHSA0-000-1039-2025
Next Date:-15-07-2026

PUBLICATION ISSUED TO:
1) Arpit @ Arpit Aggarwal son of Shri Shiv kumar adopted son of Shri Sher singh son of Ganga Sahya R/o Flat no.48, The Kasal Apartment no.1 Kolash Nagar, Pondicherry.

In above titled case, the defendant(s)respondent(s) could not be served. It is ordered that **defendant(s)/respondent(s)** should appear in person or through counsel on 15-07-2026 at 10:00 am.

For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?mod=district_notice&district=Hisar

Civil Judge (Junior Division) Hansi

IN THE HIGH COURT OF DELHI AT NEW DELHI
(CIVIL APPELLATE JURISDICTION)
Notice Under Order V Rule 20 Code of Civil Procedure

RFA No. 436/2024 And CM No. 40006/2024 & 40007/2024
Appeal against the Order dated 14.03.2024 Passed by Sh. Aman Pratap Singh, ADJ-01, South West District, Dwarka Courts, New Delhi
In Civil Suit No. CS DJ ADJ No. 449/2023

KISHAN KUMAR@PAPPU ......APPELLANT(S)
VERSUS
VIJAY KUMAR .....RESPONDENT(S)

Notice to: Respondent(s):
SHRI VIJAY KUMAR
S/O LATE RANGI LAL
R/O RZ-06, DURGA PARK GALI NO.10, NEW DELHI-110045
MOB.7428021362

Whereas the above-noted appellant has presented an appeal under Section 96 CPC along with the above-mentioned application which was listed before the Court on 25.09.2024 and the Court ordered issuance of notice to you. And whereas it has been proved to the satisfaction of the Court that you cannot be served in the ordinary manner, Notice is hereby issued that, if you wish to defend the above-mentioned application, you may cause an appearance to be entered on your behalf either personally or through an advocate duly appointed by you for the purpose before the **Court of Worthy Registrar (Appellate) on 21.08.2026 (actual) at 11:00 a.m.**

If no appearance is made on your behalf, by yourself, your pleader or someone by law authorized to act for you in the above mentioned appeal and pending application on the aforementioned date, no further notice of the subsequent date of hearing of the said application will be given and the same will be heard and determined ex-parte in your absence.

Given under my hand and the seal of this Court on this 25th day of May, 2026.

Seal

Sd/-
Assistant Registrar (Appl.) (Civil)
for REGISTRAR GENERAL

DOCUMENTATION

अपोस्ट्ल, गजट, जन्म/व्यापार/वाहन/विवाह प्रमाणपत्र, ट्रांसफर, डुप्लीकेट, पासपोर्ट, बेदखली, लाइसेंस, वीजा, वोटरकार्ड, CBSE, FSSAI, ITR, PAN, PCC. **98105-38183**

सार्वजनिक सूचना

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि भूखण्ड सं0-2, जो खसरा सं0-384 का भाग, क्षेत्रफल 1200 वर्गफिट स्थित ग्राम कल्ली पश्चिम, परगना बिजनौर, तहसील सरोजनी नगर, जिला लखनऊ, जिसके स्वामीगण वर्तमान खतौनी के अनुसार बालक राम पुत्र मन्नी लाल उर्फ मुन्नी लाल व राजन उर्फ राजन रावत पुत्र संतराम उर्फ संतराम रावत है। जो उक्त सम्पत्ति को श्रीमती अर्चना पत्नी स्व० दिनेश कुमार को विक्रय कर रहे है। उक्त सम्पत्ति को क्रय करने के लिए श्रीमती अर्चना, मेरे मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड से लोन ले कर बंधक करने जा रहे है। उक्त खसरा सं0-384 में बालक राम व राजन उर्फ राजन रावत के साथ अन्य सहखातेदार भी है। बालक राम व राजन उर्फ राजन रावत अपने हिस्से में से उक्त भूखण्ड को विक्रय कर रहे है। यदि उक्त के सम्बन्ध में किसी भी सहखातेदार व अन्य किसी भी व्यक्ति व संस्था को आपत्ति या हित है तो लिखित साक्ष्य व दस्तावेजो के साथ इस सूचना के प्रकाशन से 7 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क करें। अन्यथा कि दशा में इस सूचना के प्रकाशन के 7 दिन पूरे हो जाने के उपरान्त अधोहस्ताक्षरी व मेरा मुवक्किल आधार हाउसिंग फाईनेंस लिमिटेड किसी भी तथ्य व आपत्ति के लिए जिम्मेदार नही होगें।

हस्ता./-
आदर्श दीक्षित
एडवोकेट
लीगल डोमेन (लॉ फर्म)
ऑफिस-डी-2133, इंदिरा नगर, लखनऊ।

सूचना

अजीत कुमार यादव पुत्र श्री रघुनाथ यादव निवासी भवन निर्मित प्लाट खसरा संख्या 190 स्थित ग्राम अनौरा परगना व तहसील जिला लखनऊ ने ग्राम अनौरा के खसरा संख्या 190 पर भूखंड क्रय किया था जिसकी मूल चैन डीड कहीं खो गई है जो कि बही संख्या 1, जिल्द संख्या 16033 पेज 161 से 222 क्रमांक 18377 दिनांक 5 11.2014 उपनिबंधक द्वितीय लखनऊ में पंजीकृत है का उपयोग किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा किया जाता है तो वह अवैध होगा मो0 नं0 7007406885

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है रीटा राघव वाइफ का राजेश राघव निवास एक बात 1/2310 रामनगर नियर मंडोली रोड शाहदरा दिल्ली 32 खसरा नंबर 147 है 50 गज का अपना मकान है जिसकी पेपर 28 अगस्त 2018 को आग लगने की वजह से जल गए हैं रजिस्ट्रेशन नंबर 5518 बुक नंबर 1 वॉल्यूम नंबर 3919 पेज नंबर 13 से 18 दिनांक 16/8/2005 को बैनामा हुई है।

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री जसवीर सिंह पुत्र श्री नच्छी सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती राजेश कुमारी, दोनों निवासीगण मकान न. 635, मनिहार चौक, विराग दिल्ली, नई दिल्ली-110017 का बेटा तरुण कुमार एवं उसकी पत्नी ज्योति फोगाट मेरे मुवक्किलगणों की कोई बात नहीं मानते, उनके साथ गाली-गलौच व दुर्व्यवहार करने के कारण, मेरे मुवक्किलों ने अपने बेटे तरुण कुमार एवं उसकी पत्नी ज्योति फोगाट को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है और अपने सभी प्रकार के संबन्ध विच्छेद कर लिये हैं। भविष्य में यदि कोई भी व्यक्ति हमारे पुत्र एवं पुत्रवधू से कोई व्यक्तिगत / व्यापारिक या किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन करता है तो मेरे मुवक्किलगण किसी भी प्रकार से जिम्मेदार नहीं होंगे। **सोहम प्रकाश वर्मा** (अधिवक्ता) चैंबर न. 66, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

PUBLIC NOTICE

IT IS HEREBY INFORMED I, REKHA W/O KANWAR SHARMA R/O WZ-700/C, SRI NAGAR SHAKUR BASTI DELHI-110034, HAS LOST/MISPLACED THE ORIGINAL GIFT DEED IN RESPECT OF PROPERTY NO.WZ-700/C, AREA MEASURING 51.5 SQUARE YARDS, VILLAGE SHAKUR PUR, ABADI KNOWN AS SRI NAGAR, SHAKUR BASTI, DELHI-110034, VIDE SALE DEED REGD. AS DOC. NO.501, BOOK NO.I, VOL. NO.6693 PAGES 177-182 DT.18-01-2017, REGD. IN THE OFFICE OF S.R. VI-A, DELHI EXECUTED BETWEEN KALAWATI & REKHA AND IS NOT TRACEABLE & I HAVE LODGED A FIR/NCR VIDE LR NO.3013861/2025 DATED 15.07.2025 WITH POLICE STATION, CRIME BRANCH, DELHI, IF ANY BODY FIND THE SAID DOCUMENTS, INFORM US AT THE ABOVE SAID PROPERTY ADDRESS OR MOB. NO.9716474523.

सार्वजनिक सूचना

श्रीमती पारुल चौहान ने हमारी अभिलाषा आई.सी.आई.सी.आई. एच.एफ.सी., शाखा मॉडल टाउन दिल्ली में संपत्ति संख्या 2462 पर निर्मित Upper Ground Floor, पंजाबी बस्ती, सब्जी मंडी, दिल्ली, क्षेत्रफल 118.92 वर्ग मीटर, को रहन रख ऋण प्राप्त लेने का आवेदन किया है। श्री राजेंद्र कुमार व श्रीमती स्वर्ण लता पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 26.07.2024 के अनुसार उक्त संपत्ति के मालिक हैं, जो अब पंजीकृत विक्रय विलेख श्रीमती पारुल चौहान के पक्ष में निष्पादित करेंगे। इस बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था इत्यादि को आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशित होने के सात दिवस में मय सबूत सम्पर्क करें, अन्यथा कोई उज्र अथवा आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

कार्तिक कुमार गोला, एडवोकेट,
वास्ते **लीगल एसोसिएट**, ए-3/ए-1, दिलशाद गार्डन, दिल्ली-95, मोब: 7011604304

PUBLIC NOTICE

Public at large hereby informed that **Residential Flat/Unit No.1202A, 13th Floor, Tower-CS6, Capetown, measuring 1150 Sq. Feet, Plot No. GH-01/A, Sector-74, Noida, Distt. Gautam Budh Nagar U P** (hereafter refer to be scheduled property) is owned by Sh. Pradeep Kumar S/o Sh. Asha Ram Yadav & Smt. Anjali Devi W/o Sh. Pradeep Kumar.

Original Allotment Letter dated 01.10.2011 issued by Supertech Limited in favour of Sh. Pradeep Kumar S/o Sh. Asha Ram Yadav & Smt. Anjali Devi W/o Sh. Pradeep Kumar, in respect of the captioned property is informed as lost and lost report filed with P.S. Crime Branch Delhi vide LR No.340091/2026 dated 31.05.2026.

It is hereby notified that any person or entity, firm/ company, Bank, financial institution having claim any charge, interest or lien or claim on the basis of documents mentioned above or otherwise and/or objection thereof, he/she/they may lodge/notify the same to the undersigned with documentary proof within 15 days from the day of publication, failing which the title shall be deemed to be clear and marketable without any defect.

Sd/-
NIRMAL KUMAR
Advocate
Enrl. No. UP02691/03
Mobile No. 8587898197

स्वामित्व हस्तांतरण संबंधी सूचना

संपत्ति संख्या सी-2/10, द्वितीय तल, डीएलएफ वैली, पंचकूला के संबंध में यह सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति के अभिलेखानुसार सह-स्वामी कर्नल पी. सी. आहूजा (सेवानिवृत्त), पुत्र श्री जे. एन. आहूजा का दिनांक 04/05/2026 को निधन हो गया है। अब श्रीमती राज कुमारी आहूजा, निवासी सी-2/10, द्वितीय तल, डीएलएफ वैली, पंचकूला, पति-पत्नी संबंध तथा सह-स्वामिनी होने के आधार पर उक्त संपत्ति को अपने नाम स्थानांतररत करवाने हेतु आवेदन करना चाहती हैं। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति के हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति हो, तो वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में डीएलएफ वैली, पंचकूला कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता/सकती है। अन्यथा, उक्त संपत्ति का हस्तांतरण नियमानुसार कर दिया जाएगा तथा उसके बाद प्राप्त होने वाले किसी भी दावे अथवा आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

करण प्रकाश
अधिवक्ता एन-31, ग्रीन पार्क एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110016

दिल्ली

गोली लगने से घायल नाबालिग ने दम तोड़ा

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

दक्षिण पूर्वी दिल्ली की अमर कालोनी के एक रेस्तरां में जिस 17 वर्षीय लड़के को गोली मारी गई थी, उसकी सोमवार को अस्पताल में मौत हो गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि 26 मई को हुई घटना के बाद साई कुमार वेंटिलेटर सपोर्ट पर था और आज पूर्वाह्न करीब पौने 12 बजे उसकी मौत हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मामले की जांच का जिम्मा संभाल चुकी दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा प्राथमिकी में अब हत्या से संबंधित धारा भी जोड़ सकती है। अधिकारियों ने बताया था कि आरोपी 16 वर्षीय लड़के को 28 मई की सुबह ओखला से पुलिस ने पकड़ लिया था और उसके पास से एक स्वचालित पिस्तौल बरामद की गई थी। एक नए घटनाक्रम में, पुलिस ने इस मामले के संबंध में जय कुमार नामक एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हालिया गिरफ्तारी के साथ, अब तक दो लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और एक नाबालिग को हिरासत में लिया गया है।

Contact for Advt. Booking: M/s Friends Publicity Service (M): 9212665841, 9212008155

चालीस से अधिक चिकित्सकों व अधिकारियों का स्थानांतरण

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

दिल्ली सरकार ने केंद्रीय खरीद एजंसी के 40 से अधिक मेडिकल, पैरामेडिकल और प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्थानांतरण कर दिया है। एक आधिकारिक बयान में सोमवार को यह जानकारी दी गई।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा है कि राजधानी की स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक मजबूत, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अंतर्गत कार्यरत केंद्रीय खरीद एजंसी (सीपीए) के इन कर्मियों का तबादला किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि सीपीए में एचओओ डा विनोद कुमार रंगा समेत 10 डाक्टरों का स्थानांतरण किया गया है और पैरामेडिकल सेवाओं को मजबूत करने के लिए 20 कर्मचारियों का तबादला कर दिया गया है। इसमें फार्मासिस्ट, कनिष्ठ मेडिकल लैब टेक्नीशियन आदि शामिल हैं। प्रशासनिक कार्यों में दक्षता बढ़ाने के लिए खंड अधिकारी, वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ सहायक स्तर के 10 कर्मचारियों का भी स्थानांतरण किया गया है।

उपहार त्रासदी पूर्व आइपीएस के खिलाफ अर्जी वापस लेने की अनुमति

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

दिल्ली की एक अदालत ने सोमवार को सीबीआइ को 1997 के उपहार अग्निकांड के सिलसिले में पूर्व आइपीएस अधिकारी आमोद कंठ के खिलाफ एक मामले में 'क्लोजर रिपोर्ट' को स्वीकार करने के अनुरोध वाली अर्जी वापस लेने की अनुमति दे दी।

अप्रैल में, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट टी प्रियदर्शनी द्वारा सीबीआइ को एक जून तक वस्तु स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहे जाने के बाद, कंठ के खिलाफ मामले को बंद करने की एजंसी की कोशिश न्यायिक जांच के दायरे में आ गई। सोमवार को अपने आदेश में, अदालत ने कहा, 'वस्तु स्थिति रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया है कि उपहार त्रासदी के पीड़ितों के संघ द्वारा दिल्ली हाई कोर्ट में एक रिट याचिका दायर की गई है, जिसमें भारत सरकार के साथ-साथ सीबीआइ को अभियोजन की मंजूरी से संबंधित प्रासंगिक रिकार्ड पेश करने और मंजूरी के मुद्दे पर पुनर्विचार करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है।

'चांदनी चौक की सुध लो सरकार' अभियान शुरू

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस ने 'चांदनी चौक की सुध लो सरकार' नामक अभियान की शुरुआत की है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सोशल मीडिया अध्यक्ष राहुल शर्मा ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए पुरानी दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों की बदहाल स्थिति को उजागर करते हुए सरकार से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। शर्मा ने कहा कि चांदनी चौक देश की सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और व्यापारिक धरोहर है, लेकिन आज यहां के हालात बेहद चिंताजनक हैं। चांदनी चौक, जामा मस्जिद, बल्लीमारान, मटिया महल, दरियागंज, चावड़ी बाजार और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को रोजाना भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बारिश के दिनों में जलभराव और सीवर ओवरफ्लो की समस्या गंभीर रूप धारण कर लेती है, जबकि जाम और अतिक्रमण के कारण आम लोगों के साथ-साथ व्यापारियों को भी नुकसान उठाना पड़ता है। इस अभियान के माध्यम से क्षेत्र की वास्तविक तस्वीर जनता और सरकार के सामने लाई जा रही है। अभियान के तहत स्थानीय नागरिकों की समस्याओं, तस्वीरों और वीडियो को साझा कर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया जाएगा।

"IMPORTANT"

Whilst care is taken prior to acceptance of advertising copy, it is not possible to verify its contents. The Indian Express (P) Limited cannot be held responsible for such contents, nor for any loss or damage incurred as a result of transactions with companies, associations or individuals advertising in its newspapers or Publications. We therefore recommend that readers make necessary inquiries before sending any monies or entering into any agreements with advertisers or otherwise acting on an advertisement in any manner whatsoever.

खबर कोना

नकदी और आभूषण चुराने का अरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

हौज काजी इलाके में एक घर से पौने चार लाख रुपए की नकदी और गहने चुराने के आरोप में एक शख्स को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को बताया कि आरोपी अरशद अली के पास से चोरी के 1.80 लाख रुपए नकद और अन्य माल बरामद कर लिया गया है। मध्य दिल्ली के पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने बताया कि अली पहले भी चोरी के पांच मामलों में शामिल रहा है। उनके अनुसार, 30 मई को हौज काजी थाने में चोरी की एक शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने बताया कि 29 मई की शाम वह अपनी पत्नी के साथ कहीं गए थे और जब लौटे, तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला, जहां से 3,75,000 रुपए नकद और सोना, चांदी व 'आर्टिफिशियल' आभूषण गायब थे।

हत्या के मामले में नौ साल से फरार आरोपी गिरफ्तार

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दिल्ली पुलिस ने 50 लाख रुपए की बीमा पालिसी और संपत्ति के लिए एक महिला की हत्या के मामले में नौ साल से फरार आरोपी को बिहार के लखीसराय से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि इस मामले में एक अन्य आरोपी की 2018 में मृत्यु हो गई थी। पुलिस के अनुसार, चंदन कुमार को 29 मई को लखीसराय से गिरफ्तार किया गया है। अपराध शाखा के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि बुराड़ी थाने में दर्ज हत्या के मामले में चंदन कुमार को 2018 में भगोड़ा घोषित किया गया था। पुलिस ने बताया कि चंदन, अपने भाई कुंदन कुमार और अपने रिश्तेदार कमल कुमार के साथ अगस्त 2017 में 43 वर्षीय अनीता देवी की हत्या में कथित तौर पर शामिल था।

पाक्सो मामले में अदालत की कार्रवाई

आठ दिन के भीतर सुनवाई पूरी, दोषी को सुनाई उम्रकैद की सजा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दिल्ली की एक अदालत ने नाबालिग के यौन उत्पीड़न के मामले में आठ दिनों में सुनवाई पूरी कर ली और 38 वर्षीय दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के मुताबिक, इस साल 17 अप्रैल को जब प्राथमिकी दर्ज की गई थी तब लड़की 32 सप्ताह की गर्भवती थी। उसने आरोप लगाया कि उसके पड़ोसी ने जुलाई 2025 में कई बार उसका यौन उत्पीड़न किया था। पुलिस ने बताया कि यौन अपराधों से बच्चों के संरक्षण (पाक्सो) अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज होने के बाद के बाद 34 दिनों के भीतर अदालत में आरोप-पत्र दाखिल कर दिया गया, अदालत ने आठ दिनों में सुनवाई पूरी की, 29 मई को आरोपी को दोषी ठहराया और 30 मई को दोषी को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। पुलिस ने यह भी बताया कि पीड़ित के लिए 16.5 लाख रुपए का मुआवजा भी स्वीकृत किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी का घर उसके घर के ठीक सामने था और वह परिवार का परिचित था। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़िता का आरोप था कि पहले उसके भाई-बहनों को पास की दुकान पर भेजा गया, जिसके बाद उसपर यौन-हमला किया गया तथा उसे घटना के बारे में किसी को बताने पर अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। मामला तब सामने आया जब पीड़िता गर्भवती पाई गई और उसने अपनी मां को यौन उत्पीड़न के बारे में बताया।

पुलिस ने बताया कि दोषी पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

पीड़ित के लिए 16.5 लाख रुपए का मुआवजा भी स्वीकृत किया गया है।

नाबालिग ने 17 अप्रैल को अपने माता-पिता के साथ पुलिस से शिकायत की। पीड़िता के बयान के आधार पर उसी दिन बाहरी दिल्ली के निहाल विहार थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के मुताबिक, अदालत ने स्पष्ट किया है कि आजीवन कारावास के तहत दोषी को उसके शेष जीवनकाल तक जेल में रहना होगा।

'फसलों के नुकसान पर मिलेगा 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर मुआवजा'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दिल्ली सरकार ने फसलों के नुकसान होने पर किसानों को दी जाने वाली अनुग्रह सहायता राशि में बढ़ोतरी का निर्णय लिया है। सोमवार को आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में दिल्ली सरकार ने इस बाबत मंजूरी दे दी है। अगस्त-सितंबर 2025 के दौरान भारी वर्षा व खेतों में जलभराव से प्रभावित किसानों को अब 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से मुआवजा सरकार देगी। सरकार के इस निर्णय से दिल्ली के करीब दस हजार किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बताया कि दिल्ली में कुल 10,977.44 एकड़ यानि लगभग 4,442.41 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ था। वर्ष 2015 में तत्कालीन सरकार द्वारा वर्षा से फसल क्षति की स्थिति में किसानों को 20 हजार रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा देने का प्रावधान था। यह राशि लगभग 49,421 रुपए प्रति हेक्टेयर है। लेकिन हमारी सरकार ने दस वर्षों से अधिक समय की अवधि में कृषि लागत में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए सहायता की दर बढ़ाकर 75 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर कर दिया है। इससे पहले की तुलना में किसानों को अधिक सहायता प्राप्त होगी। यह सहायता भूमि के अभिलेखित स्वामियों को दी जाएगी।

कंपनियों के स्वामित्व वाली भूमि, ग्राम सभा में निहित भूमि तथा पक्की चारदीवारी वाले भूखंड स्वरूप के फार्महाउस इस सहायता के दायरे में शामिल नहीं होंगे।

मुख्यमंत्री के अनुसार राजस्व विभाग द्वारा कराए गए विस्तृत आंकलन में पाया गया कि अगस्त-सितंबर 2025 की भारी वर्षा और खेतों में जलभराव से प्रभावित क्षेत्रों में फसलों को व्यापक नुकसान पहुंचा और फसल क्षति का आंकलन 100 फीसद किया गया। उन्होंने कहा कि यह सहायता किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें अगली फसल की तैयारी में सक्षम बनाएगी और कृषि गतिविधियों की निरंतरता सुनिश्चित करेगी।

आक्रोश नई दिल्ली में नीट पेपर लीक प्रकरण और सीयूईटी परीक्षा स्थगन के मामले में प्रदर्शन करते आइसा और केवाईएस के सदस्य।

समिति ने चिकित्सकों के संगठन को अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

नीट-यूजी से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के लिए शिक्षा संबंधी संसदीय स्थायी समिति की बैठक में आमंत्रित यूनाइटेड डाक्टर्स फ्रंट (यूडीएफ) के प्रतिनिधियों को अंतिम समय में शामिल होने और अपनी बात रखने की अनुमति नहीं दी गई। संगठन ने इसका विरोध जताया है।

नीट-यूजी पेपर लीक मामला।

यूडीएफ को समिति की बैठक के लिए एक सप्ताह पहले औपचारिक निमंत्रण भेजा गया था और एजंडा में भी उसका उल्लेख था। हालांकि संसद पहुंचने पर प्रतिनिधिमंडल को बताया गया कि वे बैठक की कार्यवाही में हिस्सा नहीं ले सकेंगे। संगठन के अनुसार, समिति के कुछ सांसदों के विरोध के कारण उन्हें शामिल नहीं किया गया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह ने यूडीएफ प्रतिनिधियों से मुलाकात कर चिकित्सा छात्रों की भागीदारी सुनिश्चित न कर पाने पर खेद जताया। उन्होंने संगठन के सुझाव-पत्र को रिकार्ड में लेने का आश्वासन भी दिया। यूडीएफ अध्यक्ष डाक्टर लक्ष्य मित्तल ने कहा कि राष्ट्रीय महत्त्व की परीक्षा से जुड़े मामलों में हितधारकों को अपनी बात रखने का अवसर मिलना चाहिए। यूडीएफ ने अपने ज्ञापन में एनटीए को भंग कर नई परीक्षा एजंसी बनाने तथा नीट-यूजी 2024 और 2026 से जुड़े मुद्दों, पेपर लीक, ग्रेस मार्क्स, परीक्षा सुरक्षा और अन्य विवादों की व्यापक जांच की मांग की है।

जम्मू-कश्मीर विस्थापितों के लिए अचल संपत्ति और आय की शर्तें हटीं

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

जम्मू-कश्मीर से विस्थापित होकर दिल्ली में रह रहे प्रवासी परिवारों के कल्याण, पुनर्वास व सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए दिल्ली सरकार ने उन्हें प्रदान की जाने वाली तदर्थ मासिक राहत योजना (एएमआर) से संबंधित महत्त्वपूर्ण प्रस्तावों को सोमवार को मंजूरी दी है।

यह योजना केवल उन पंजीकृत प्रवासी परिवारों पर लागू होगी, जिन्होंने 31 मार्च 2024 तक राहत प्राप्त की है। बता दें कि, इस निर्णय के बाद उन्हें उनकी आय संबंधी पात्रता की शर्त को समाप्त करने का निर्णय लिया है। जिससे अब परिवार की आय कितनी भी हो या उसके पास कोई अचल संपत्ति हो, इससे राहत प्राप्त करने की पात्रता प्रभावित नहीं होगी।

माडल टाउन, मुखर्जी नगर और चांदनी महल थाना क्षेत्र की घटना

दो लोगों की चाकू व एक की कैंची घोंप कर हत्या

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में कुछ घंटे के भीतर तीन लोगों की चाकू से ताबड़तोड़ वार कर हत्या कर दी गई। पहली घटना माडल टाउन थाना क्षेत्र की है, जहां पर 25 वर्षीय साहिल की हत्या की गई। दूसरी घटना मुखर्जी नगर थाना क्षेत्र की है, जहां पर 38 वर्षीय दिलबहार की सहकर्मी ने हत्या कर दी। वहीं, चांदनी महल थाना क्षेत्र में कुछ हमलावरों ने 50 वर्षीय कामिल की हत्या कर दी। पुलिस ने तीनों ही मामलों में प्राथमिकी दर्ज कर तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है।

वारदात में शामिल एक आरोपी गिरफ्तार, दो नाबालिग भी हिरासत में लिए गए।

उत्तरी पश्चिमी जिला उपायुक्त आकांक्षा यादव ने सोमवार को बताया कि विनायक अस्पताल से रविवार को सूचना मिली कि बुराड़ी के तोमर कालोनी निवासी साहिल को उसके दोस्त शिव और शुभम गंभीर अवस्था में लेकर आए थे, जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। साहिल के सीने, पीठ और गर्दन पर चाकू से वार किए जाने के कई निशान थे। जांच में पता चला कि घटना एमसीडी कालोनी में हुई थी। चश्मदीद शिव के मुताबिक लालबाग निवासी 18 वर्षीय आशु उर्फ लाला ने साहिल पर चाकू से वार किए थे। वारदात में इस्तेमाल चाकू को बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने बताया कि इस संबंध में माडल टाउन थाने में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

वहीं, मुखर्जी नगर थाना पुलिस को सोमवार को सूचना मिली कि एक शख्स पर उसके कर्मचारी ने हमला किया है। मौके पर पहुंची पुलिस को पता चला कि घायल को बाबू जगजीवन राम अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सकों ने 38 वर्षीय दिलबहार को मृत घोषित कर दिया। जांच में पता चला कि वह पेटल चेस्ट अस्पताल के बाहर गद्दा बनाने का काम करता था। उसके साथ काम करने वाला अशफाक उर्फ शहबाज से उसकी कहासुनी हो गई थी, जिसके बाद आरोपी ने दिलबहार पर कैंची से कई बार वार कर दिया और मौके से फरार हो गया। हालांकि, पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी अशफाक को दबोच लिया है।

मध्य जिला पुलिस उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह ने सोमवार को बताया कि चांदनी महल थाना क्षेत्र में चाकू मारे जाने की सूचना रविवार देर रात करीब 11:30 बजे मिली थी। एलएनजेपी अस्पताल पहुंचने पर पता चला कि घायल शख्स की मौत हो चुकी है। दरअसल, कामिल अपनी 27 वर्षीय बेटी और छह साल की नातिन के साथ झूलावाले के पास गए थे। उसकी नातिन झूला झूल रही थी, तभी दो लड़के वहां आए और लूटपाट करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने कामिल पर चाकू से हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि घटना के बाद उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। हत्या का मामला दर्ज कर दो नाबालिगों को पकड़ा गया है।

वर्षा जल संचयन के लिए बनाए जाएंगे 500 नए ढांचे

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

दिल्ली जलबोर्ड ने राजधानी में व्यापक वर्षा जल संचयन अभियान शुरू किया है ताकि मानसून से पहले जल सुरक्षा को मजबूत करने के साथ ही भूजल स्तर में सुधार लाया जा सके।

इस अभियान के प्रथम चरण में जलबोर्ड 500 नए वर्षा जल संचयन ढांचों का निर्माण करेगा तथा विभिन्न सरकारी भवनों में स्थापित एक हजार निष्क्रिय प्रणालियों को पुनः कार्यशील बनाएगा।

सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधितों को यह नोटिस दिया गया हैं और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि कंपनी को प्रस्तावित वाणिज्यिक भवन का निर्माण के लिए 21/37/2025 –आईए–III दिनांक 27/05/2026 को भारत सरकार के पर्यावरण, वन और **जलवायु परिवर्तन मंत्रालय** (**"एमओईएफ"**) द्वारा पर्यावरण मंजूरी जारी की गई है। प्लॉट संख्या एलपी–03–02, एयरोसिटी डाउनटाउन डिस्ट्रिक्ट, एयरोसिटी, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली। उक्त पर्यावरण मंजूरी की प्रतियां एमओईएफसीसी/एसईआईएए परिवेश पोर्टल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं https://parivesh.nic.in

Sd/-
M/s PAMIR DEVELOPERS LIMITED
3rd Floor, Worldmark 2, Asset 8, Aerocity, New Delhi – 110037
Phone No.: 011-41384000

डीयू की आपत्तियों के बावजूद सेंट स्टीफंस कालेज की प्राचार्य ने कार्यभार संभाला

नई दिल्ली, 1 जून (संवाददाता)।

दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) की आपत्तियों के बावजूद सेंट स्टीफंस कालेज ने प्राचार्य की नियुक्ति कर दी। सुजैन एलियास ने सोमवार को कालेज के 14वें प्राचार्य के रूप में कार्यभार संभाल लिया।

कालेज ने इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की लेकिन सूत्रों ने यह जानकारी दी। कालेज की सुप्रीम कांउंसिल ने एलियास की नियुक्ति 12 मई को ही एक अधिसूचना के माध्यम से कर दी थी, जिसके बाद डीयू ने कालेज को पत्र लिखकर नियुक्ति प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ाने का निर्देश दिया था और दावा किया था कि यह विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के नियमों का उल्लंघन है। पदभार ग्रहण करने के सवाल पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने कहा कि उन्हें इसकी जानकारी नहीं दी गई । वे यूजीसी से आगे के निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं।

DABUR INDIA LIMITED
CIN: L24230DL1975PLC007908
Regd. Off: 8/3, Asaf Ali Road, New Delhi-110 002
Phone: 011-23253488, Website: www.dabur.com,
Email: investors@dabur.com

NOTICE TO SHAREHOLDERS
SPECIAL WINDOW FOR TRANSFER AND DEMATERIALISATION OF PHYSICAL SECURITIES

In terms of SEBI Circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026 dated January 30, 2026 on the above-referred subject matter, please note that Special Window has been **opened for a period of one year from February 5, 2026 to February 4, 2027,** allowing shareholders to lodge/ re-lodge transfer and dematerialization requests of physical securities which were sold/purchased prior to April 1, 2019 but were not lodged with the Company/RTA or rejected/returned/not attended to due to deficiency in the documents/process/or otherwise.

Eligible Shareholders who wish to avail this opportunity are advised to contact the Company's Registrar to an Issue & Share Transfer Agent (RTA) **KFin Technologies Limited at their address, Unit: Dabur India Limited, Selenium Building, Tower-B, Plot Nos. 31 & 32, Financial District, Nanakramguda, Serilingampally, Hyderabad - 500032, Telangana** or at their email address at einward.ris@kfintech.com or send an email to the Company at investors@dabur.com at the earliest so as to enable the Company/RTA to complete the transfer / demat process on or before the deadline of February 4, 2027.

June 01, 2026
New Delhi

For DABUR INDIA LIMITED
(SAKET GUPTA)
Company Secretary

खबर कोना

गुरुग्राम : महिला का सड़ा गला शव शौचालय में मिला

गुरुग्राम, 1 जून (भाषा)।

गुरुग्राम के डीएलएफ फेज 2 इलाके में दूसरी मंजिल पर स्थित एक घर के शौचालय में 74 वर्षीय महिला का सड़ा गला शव बरामद हुआ। पुलिस ने सोमवार को बताया कि महिला की पहचान रीता बख्शी के रूप में हुई है जो अपनी बेटी रजनी बख्शी के साथ उसी घर में रहती थीं। रजनी ने 28 मई को डीएलएफ फेज 2 थाने में अपनी मां के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें उन्होंने दावा किया था कि उनकी मां 25 मई से लापता हैं। शिकायत मिलने के बाद पुलिस दो बार उनके घर गई लेकिन महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं मिली। पड़ोसियों ने 30 मई की शाम को पुलिस को घर से दुर्गंध आने की सूचना दी। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची, जहां शौचालय में रीता बख्शी का शव सड़ी-गली अवस्था में मिला। पुलिस को संदेह है कि बुजुर्ग महिला शौचालय में फिसलकर गिर गई, जिससे उनके सिर में चोट आई और उनकी मृत्यु हो गई।

'दाखिले के नाम पर ठगी करने वालों से बचकर रहें'

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय (आइपी) में दाखिले का झांसा देने वाले धोखेबाज सक्रिय हैं। विश्वविद्यालय का कहना है कि इस बाबत कई उम्मीदवारों ने की शिकायत की है। इसके बाद विश्वविद्यालय ने धोखेबाजों को लेकर आवेदकों को सतर्क करना पड़ा है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में उसने कहा कि उसे ऐसे कई उम्मीदवारों से शिकायतें मिली हैं जिनसे कथित धोखेबाजों ने दाखिले के लिए संपर्क किया। विश्वविद्यालय की प्रवक्ता नलिनी रंजन ने कहा कि विश्वविद्यालय ने सभी आवेदकों से कहा है कि वे ऐसे संदेशों के झांसे में न आएं और यदि कोई एजंट इस उद्देश्य से उनसे संपर्क करता है तो विश्वविद्यालय को सूचित करें।

यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 20 केंद्रों पर होगी

जनसत्ता संवाददाता
ग्रेटर नोएडा, 1 जून।

आठ से 10 जून तक होने वाली यूपी पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस लिखित परीक्षा में 42048 अभ्यर्थी शामिल होंगे। इसके लिए जनपद में 20 केंद्र बनाए गए हैं। नकलविहीन और पारदर्शी परीक्षा के लिए बायोमीट्रिक सत्यापन, चेहरा मिलान और लाइव सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। हालांकि परीक्षा में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों की जांच के दौरान कलावा और मंगलसूत्र नहीं उतरवाए जाएंगे। परीक्षा रोजाना दो पाली में होगी। पहली पाली सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक और दूसरी पाली दोपहर तीन से शाम पांच बजे तक होगी। अभ्यर्थियों को तय समय से पहले केंद्रों पर पहुंचना होगा, ताकि जांच और सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। जिला विद्यालय निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि परीक्षा ड्यूटी में तैनात कर्मचारी और शिक्षक भी केंद्र के भीतर अपना मोबाइल फोन नहीं ले जा सकेंगे।

नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले तीन दबोचे

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

पुरानी दिल्ली रेलवे थाना पुलिस और रेलवे पुलिस की संयुक्त टीम ने भारतीय रेलवे में एमटीएस और लिपिक की नौकरी दिलवाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है और तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान ईशा, रणजीत और आलम के तौर पर की गई है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने पीड़ित की ओर से दिए गए 3,60,000 रुपए जब्त किए हैं। रेलवे पुलिस उपायुक्त बी बोम्मा रेडी ने सोमवार को बताया कि पीड़ित ने पुरानी दिल्ली रेलवे थाना पुलिस से संपर्क किया और बताया कि उससे भारतीय रेलवे में नौकरी दिलवाने के नाम पर ठगी की गई है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने एक योजना बनाई और बाकी के रकम लेने के लिए आरोपी को पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बुलाया। टीम ने सबसे पहले ईशा को चांदनी चौक के गेट नंबर-3 के पास से गिरफ्तार किया।

साकेत हादसा : मकान मालिक गिरफ्तार, बचाव कार्य पूरा

मेट्रो स्टेशन के पास सैदुलाजाब इलाके में शनिवार को ढह गई थी बहुमंजिला इमारत, छह लोगों की गई थी जान

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दक्षिणी दिल्ली के साकेत इलाके में शनिवार को ढही बहुमंजिला इमारत के मालिक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई थी, जबकि आठ अन्य घायल हुए थे। अधिकारियों ने सोमवार को बताया कि आरोपी कर्मवीर उस इमारत का मालिक है, जो साकेत मेट्रो स्टेशन के पास सैदुलाजाब इलाके में शनिवार को ढह गई थी।

वहीं, इमारत ढहने के स्थल पर बचाव और मलबा हटाने का कार्य भी सोमवार को पूरा कर लिया गया। एहतियातन मौके पर आपातकालीन दल तैनात रहे। इस इमारत में एक कोचिंग सेंटर, कैफे और कार्यालय थे। पुलिस ने बताया कि अधिकतर पीड़ित छात्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी थे जिनमें विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) की तैयारी करने वाले भी शामिल थे। घायलों में से पांच ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में दम तोड़ दिया, जबकि एक अन्य की सफदरजंग अस्पताल में मौत हो गई। यह घटना सैद-उल-अजैब इलाके में वेस्टएंड मार्ग पर शाम सात बजकर 40 मिनट पर हुई। इस इलाके में पुस्तकालय, कोचिंग संस्थान, छात्रावास और भोजनालय हैं, जो सैकड़ों विद्यार्थियों की जरूरतों को पूरा करते हैं।

प्राधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि क्या संरचनात्मक खामियां, ऊपरी मंजिलों पर जारी निर्माण गतिविधि या भवन नियमों का उल्लंघन इमारत ढहने की वजह बना। दिल्ली नगर निगम ने मामले में एक सहायक अभियंता और एक कनिष्ठ अभियंता को निलंबित कर दिया है।

पुलिस ने बताया कि अधिकतर पीड़ित छात्र और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे अभ्यर्थी थे जिनमें विदेशी चिकित्सा स्नातक परीक्षा (एफएमजीई) की तैयारी करने वाले भी शामिल थे।

आप नेताओं ने किया प्रदर्शन, उपायुक्त के इस्तीफे की मांग

आम आदमी पार्टी (आप) के कार्यकर्ताओं ने साकेत में इमारत ढहने की घटना को लेकर सोमवार को दक्षिणी दिल्ली के उपायुक्त कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया उपायुक्त राकेश कुमार के इस्तीफे की मांग की। आप के दिल्ली संयोजक सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली नगर निगम के दक्षिणी क्षेत्र के पार्षदों ने जवाबदेही तय करने की मांग को लेकर उपायुक्त कार्यालय का घेराव किया। अवैध इमारत को लेकर उपायुक्त को बार-बार शिकायतें भेजी गईं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई।

काश... मां ने नहीं खोली होती कैंटीन

साकेत में इमारत के ढहने से उसमें दबकर जान गंवाने वाली पार्वती की बेटी नीलम ने रुंधे गले से कहा कि उन्होंने ही मां से कैंटीन खोलने के लिए कहा था। काश... मां ने कैंटीन नहीं खोली होती। अब उन्हें इस बात का बेहद अफसोस है। इसके साथ ही उसने आरोप लगाया कि इमारत के जर्जर होने और उससे कंक्रीट गिरने की शिकायतें पहले भी की गई थीं। बातचीत में नीलम ने बताया कि इमारत के ढहने के संकेत मिलते ही उनकी मां सुरक्षित बाहर निकल आई थीं। लेकिन अंदर फंसे छात्रों की मदद करने के लिए वह दोबारा भीतर चली गईं। पार्वती इस परिसर में एक कैंटीन चलाती थीं, जहां मुख्य रूप से आसपास के कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र आते थे। नीलम ने बताया कि यह कैंटीन करीब तीन साल से संचालित हो रही थी और हाल ही में इसने चौथे साल में प्रवेश किया था।

'अवैध ढांचों की पहचान कर सीलिंग अभियान चलाएगा निगम'

साकेत में एक बहुमंजिला इमारत गिरने की घटना में छह लोगों की मौत होने के दो दिन बाद दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) दक्षिण दिल्ली में अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान शुरू करने की तैयारी में है। वरिष्ठ अधिकारियों के मुताबिक निगम जल्दी ही दक्षिण दिल्ली में भवन निर्माण नियमों का उल्लंघन करके बनाई गईं इमारतों की पहचान करके उन्हें सील करने और खाली कराने का अभियान शुरू कर सकता है। दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भूतल समेत तीन मंजिल से अधिक सभी अनधिकृत इमारतों को नोटिस जारी की जाएगी। यह अभियान महरौली, साकेत और आसपास के क्षेत्रों में शुरू किया जाएगा। उन्होंने बताया कि साकेत क्षेत्र के सैद-उल-अजैब, पर्यावरण काम्प्लेक्स और फ्रीडम फाइटर्स एंक्लेव में अवैध निर्माण बड़े पैमाने पर हो रहे हैं।

जनवरी-मई का औसत एक्यूआइ आठ वर्षों में सबसे बेहतर रहा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दिल्ली में पिछले आठ वर्षों में इस साल जनवरी से मई के बीच हवा सबसे साफ दर्ज की गई। हालांकि, इसमें कोविड प्रभावित वर्ष 2020 शामिल नहीं है। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने सोमवार को आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी।

सीएक्यूएम ने बताया कि इस वर्ष इस अवधि में औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआइ) सुधरकर 211 रहा। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में सीएक्यूएम ने बताया कि वर्ष 2026 के पहले पांच महीनों के दौरान औसत एक्यूआइ 211 रहा, जबकि 2025 की समान अवधि में यह 214, 2024 में 231, 2023 में 213, 2022 में 238, 2021 में 235, 2019 में 237 और 2018 में 243 था। वहीं, कोविड-19 पूर्णबंदी (लाकडाउन) के कारण वर्ष 2020 में एक्यूआइ सुधरकर 181 पर आ गया था। आयोग ने यह भी कहा कि वर्ष 2020 और 2021 को छोड़कर, इस साल मई में दिल्ली का औसत एक्यूआइ पिछले आठ वर्षों में दर्ज किया गया, दूसरा सबसे बेहतर सूचकांक था। मई 2026 में औसत एक्यूआइ 157 दर्ज किया गया।

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने जारी किया आंकड़ा।

दिल्ली हाई कोर्ट का बड़ा फैसला

'भुला दिए जाने के अधिकार' को मिली कानूनी मान्यता

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दिल्ली हाई कोर्ट ने व्यवस्था दी है कि गूगल जैसे सर्च इंजन उन मामलों में नाम-आधारित खोज के माध्यम से न्यायिक अभिलेखों को अनिश्चित काल तक प्रदर्शित नहीं कर सकते, जो निजी प्रकृति के हों या आरोपी के बरी होने, आरोपमुक्त किए जाने, कार्यवाही रद्द किए जाने अथवा समझौते के कारण मामले का निस्तारण हो चुका हो। हाई कोर्ट ने व्यक्ति के 'भुला दिए जाने के अधिकार' को मान्यता दी है।

याचिकाकर्ताओं के एक समूह को राहत देते हुए अदालत ने संबंधित प्राधिकारियों, विभिन्न 'सर्च इंजन' के संचालकों और कानूनी डेटाबेस मंचों को निर्देश दिया कि वे याचिकाकर्ताओं द्वारा उद्धृत निर्णयों, आदेशों और समाचार लेखों के संबंध में अपनी नाम-आधारित खोज सुविधा को निष्क्रिय करें तथा उन्हें खोज परिणामों से हटा दें (डी-इंडेक्स करें)। 'डी-इंडेक्स' करने का अर्थ है किसी विशेष वेबपेज या वेबसाइट को सर्च इंजन के डेटाबेस से हटाना, ताकि वह सामान्य खोज परिणामों में दिखाई न दे। हालांकि, अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि महिलाओं या बच्चों के विरुद्ध अपराधों, सार्वजनिक विश्वास के उल्लंघन से जुड़े अपराधों, लोकसेवकों, निर्वाचित प्रतिनिधियों आदि द्वारा किए गए अपराधों में दोषसिद्धि से संबंधित मामलों में 'डी-इंडेक्स' करना उपयुक्त नहीं होगा।

अपने 144 पृष्ठों के फैसले में न्यायालय ने फैसला सुनाया कि याचिकाकर्ताओं को संबंधित न्यायालय से मूल निर्णय या आदेश में खुद की पहचान छिपाने का अनुरोध करने की स्वतंत्रता होगी। अदालत ने कहा कि जिन अभिलेखों की अंतर्निहित कार्यवाही संबंधित व्यक्ति के पक्ष में हल हो चुकी है, उनकी असीमित और अप्रतिबंधित नाम-आधारित खोज क्षमता से किसी भी वैध या विशिष्ट उद्देश्य की पूर्ति नहीं होती है।

शुभारंभ गुरुग्राम में सोमवार को नए आपातकालीन प्रतिक्रिया वाहन लेकर जाते पुलिसकर्मी।

अदालत ने तीन आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दिल्ली की एक अदालत ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) प्रश्न पत्र लीक मामले में तीन आरोपियों को सोमवार को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन आरोपियों में राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) द्वारा अनुवादक के तौर पर सूचीबद्ध किए गए भौतिकी के एक व्याख्याता, लातूर के एक बाल रोग विशेषज्ञ और एक भौतिकी शिक्षक शामिल हैं।

विशेष न्यायाधीश अजय गुप्ता ने भौतिकी अनुवादक मनीषा संजय हवलदार, बाल रोग विशेषज्ञ मनोज शिरुरे और भौतिकी शिक्षक तेजस हर्षदकुमार शाह की न्यायिक हिरासत के अनुरोध संबंधी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) की याचिका स्वीकार कर ली।

नीट-यूजी प्रश्न पत्र लीक मामला

हवलदार की सीबीआइ हिरासत शनिवार को दो दिनों के लिए बढ़ाई गई थी, जबकि शिरुरे और तेजस शाह को हिरासत में पूछताछ के लिए 27 मई को पांच दिन की पुलिस रिमांड में भेजा गया था। सीबीआइ का आरोप है कि हवलदार ने अन्य आरोपियों के साथ साजिश करके पैसों के लिए बिना अनुमति के नीट-यूजी परीक्षा का प्रश्न पत्र अपने पास रखा और वितरित किया।

मुखर्जी नगर में एक इमारत में लगी आग, छात्रा झुलसी

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

दिल्ली के मुखर्जी नगर इलाके में एक तीन मंजिला इमारत में आग लगने से एक छात्रा झुलस गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा अधिकारी ने बताया कि मुखर्जीनगर के इंदिरा विहार स्थित एक तीन मंजिला इमारत में रविवार की देर रात आग लगी, जिसमें पेइंग गेस्ट (पीजी) आवास भी संचालित था।

अग्निशमन अधिकारियों ने बताया कि आग इमारत के भूतल में लगी जहां बिजली का सामान रखा हुआ था। आग तेजी से फैली और दूसरी मंजिल तक के हिस्सों को अपनी चपेट में ले लिया। इमारत में मौजूद सभी लोगों को समय रहते सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

उधर आइटीओ इलाके में स्थित स्कूल आफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) परिसर में शिक्षा मंत्रालय के कार्यालय की दूसरी मंजिल पर सोमवार को आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि आग की घटना में किसी के भी हताहत होने की सूचना नहीं है।

जनगणना में लापरवाही, सात कर्मियों पर गिरी गाज

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 1 जून।

जनगणना-2027 के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर नोएडा प्राधिकरण ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी है। लगातार धीमी प्रगति और कर्मचारियों की उदासीनता को देखते हुए दो नियमित कर्मचारियों के निलंबन और पांच संविदा कर्मियों की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। अन्य विभागों के उन कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई की तैयारी है, जिन्होंने अब तक जनगणना कार्य शुरू नहीं किया है।

प्राधिकरण के विशेष कार्याधिकारी इंदु प्रकाश सिंह के मुताबिक जनगणना-2027 का कार्य प्रगति पर है। कुल 2284 हाउस लिस्टिंग ब्लाक (एचएलबी) में से 1172 एचएलबी पर कार्य चल रहा है, जबकि 16 एचएलबी का काम पूरा किया जा चुका है। वहीं, 1096 एचएलबी पर अब तक काम शुरू ही नहीं हो सका है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय महत्त्व के इस कार्य में कई कर्मचारी रुचि नहीं ले रहे हैं। इसको देखते हुए प्राधिकरण की नियमित कर्मचारी श्वेता तलवार और पिंकी मावी को निलंबित किया गया है। वहीं, संविदाकर्मी नीरज, ईश्वर तोमर, महबूब अली, राजेश शर्मा और धर्मेंद्र सिंह की सेवाएं समाप्त की जा रही हैं।

जनगणना कार्य पर जा रहे शिक्षक की हादसे में मौत

थाना दनकौर थाना क्षेत्र के चांगोली मोड़ के पास जनगणना ड्यूटी पर जा रहे शिक्षक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उनकी मौत हो गई शिरकपुर ग्राम निवासी बालकिशन खुर्जा क्षेत्र के हसनपुर गांव स्थित कंपोजिट विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत थे। सोमवार को घर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर निकले थे, लेकिन चांगोली मोड़ के पास हादसे का शिकार हो गए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें टक्कर मारने के बाद आरोपी चालक गाड़ी के साथ भाग गया।

योजना सड़कों की बढ़ेगी चौड़ाई, 72 किमी लंबे लिंक एक्सप्रेस-वे पर बनेगा गोल चक्कर

जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से सीधा जुड़ेगा न्यू नोएडा

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 1 जून।

न्यू नोएडा का भी जेवर के नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे तक सीधा संपर्क होगा। इसके लिए गंगा एक्सप्रेस-वे से 72 किलोमीटर लंबा लिंक एक्सप्रेस प्रस्तावित है। यह लिंक एक्सप्रेस-वे यमुना एक्सप्रेस-वे जोड़ा जाएगा, जो जनपद बुलंदशहर से जाएगा। इसका अधिकांश हिस्सा न्यू नोएडा के गांवों से होकर जाएगा।

नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ ने सतीश पाल ने बताया, लिंक एक्सप्रेस-वे पर गोलचक्कर (रोटरी) बनाकर इसे न्यू नोएडा से जोड़ने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इस प्रस्ताव को आगामी नोएडा बोर्ड बैठक में रखा जाएगा। इस गोल चक्कर के बनने से न्यू नोएडा के अधिकांश गांव और प्रस्तावित सेक्टर लिंक एक्सप्रेस-वे आपस में जुड़ जाएंगे। जिसके जरिए जेवर हवाई अड्डे तक पहुंचना आसान होगा। वहीं, नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी क्रांति शेखर ने बताया कि इस्टर्न पेरीफेरल के आसपास जहां सड़क बनी है, वहां किसानों से आपसी सहमति के आधार पर जमीन लेने की योजना है। यही पर ही न्यू नोएडा का 'साइट आफिस' बनाया जाएगा। जमीन के लिए किसान प्राधिकरण में भी सीधे संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने बताया जिन सड़कों की चौड़ाई 18 मीटर है। उन्हें महायोजना के मुताबिक 24 मीटर किया जाना प्रस्तावित है। वहां के गांवों की जमीन लेकर सड़कों की चौड़ाई बढ़ाई जाएगी। एसीईओ ने कहा, सबसे महत्त्वपूर्ण नोएडा से न्यू नोएडा का संपर्क स्थापित करना है। दोनों को आपस में जोड़ने के लिए सीधा कोई नया लिंक भी बनाया जा सकता है। ताकि न्यू नोएडा की ज्यादातर अंदरूनी सड़कें इससे जुड़ जाए और नोएडा से इसका सीधा संपर्क मार्ग हो सके।

न्यू नोएडा के लिए यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की तर्ज पर मुआवजा दर 4300 रुपए प्रति वर्ग मीटर तय की गई है। किसानों से आपसी सहमति के आधार पर जमीन ली जाएगी। जिन किसानों को सात फीसद विकसित भूखंड दिया जाएगा, उन्हें 3800 रुपए प्रति वर्गमीटर की दर से मुआवजा मिलेगा।

चार चरण में पूरा होगा काम

न्यू नोएडा (डीएनजीआइआर) 209.11 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल में बनाया जाना है। जिसके मास्टर प्लान को चार चरण में पूरा किया जाएगा। पहले चरण का विकास 2027 तक किया जाना है। इसमें 3165 हेक्टेयर क्षेत्र को विकसित किया जाएगा।

नोएडा पुश्ता रोड की 12 साल बाद होगी मरम्मत

नोएडा, 1 जून (संवाददाता)।

सेक्टर-94 से सेक्टर-135 तक 11.20 किलोमीटर के यमुना पुश्ता मार्ग की 'री-सर्फेसिंग' और साफ-सफाई के लिए नोएडा प्राधिकरण ने 34.18 करोड़ रुपए का बजट मंजूर किया है। जिसमें से 11 करोड़ रुपए प्राधिकरण ने सिंचाई विभाग को दे दिए हैं।

बताया गया है कि जून में ही पुश्ता मार्ग पर काम शुरू कर दिया जाएगा। चार लेन वाली इस सड़क की 'री सर्फेसिंग' होने से वाहन चालकों को बड़ी राहत मिलेगी। यह सड़क 2014 में बनी थी। इसके बाद मरम्मत नहीं होने से पूरी सड़क उखड़ चुकी है। इस पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं और और घनी झाड़ियां खड़ी हुई हैं। नोएडा के एसीईओ सतीश पाल ने बताया कि बताया कि पहले सड़क की सफाई करवाई जाएगी।

ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड
Oil and Natural Gas Corporation Ltd.

अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)

ओएनजीसी अपने मेहसाणा एसेट (गुजरात) में नॉर्थ गुजरात (NG) के कच्चे तेल के पूर्व-उपचार एवं निर्जलीकरण के लिए ऑयल डीसॉल्टर यूनिट (जो स्थापित/किराये पर स्थापित करने की इच्छुक हो), ताकि रिफाइनरी-बेड कच्चे तेल की निर्धारित गुणवत्ता प्राप्त की जा सके (0.2% से कम BS&W तथा 10 PTB से कम नमक) इसकी क्षमता... इच्छुक राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित, तकनीकी रूप से सक्षम तथा वित्तीय रूप से मजबूत व्यावसायिक संस्थाओं से अभिरुचि की अभिव्यक्ति (EOI) आमंत्रित करती है ऐसे साझेदार, जिन्होंने पूर्व में डीसाल्टर तकनीकों की आपूर्ति की हो, नॉर्थ गुजरात NG कच्चे तेल का विस्तृत विश्लेषण एवं पायलट स्तर पर इलेक्ट्रोस्टैटिक डिहाइड्रेशन परीक्षण करके उच्च प्रक्रिया की गारंटी, प्रक्रिया डिज़ाइन और जोखिम-निवारण संबंधी सुझावों सहित सबसे उपयुक्त डीसाल्टर तकनीक की अनुशंसा करेंगे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया ईओआई दस्तावेज़ https://etender.ongc.co.in और https://ongcindia.com देखें।

इच्छुक पक्षों अपना विस्तृत प्रस्ताव ई-मेल द्वारा sanghi_sanjiv@ongc.co.in तथा mishra_sb@ongc.co.in पर इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 21 दिनों के भीतर भेजें।

अधिक जानकारी के लिए, कृपया ओएनजीसी के ई-पोर्टल पर जाएं: https://tenders.ongc.co.in

---

इंडिया एक्सपोसिशन मार्ट लिमिटेड

सीआईएन: U99999DL2001PLC110396

पंजीकृत कार्यालय: प्लॉट नंबर 1, 210 अटलांटिक प्लाजा, दूसरी मंजिल, स्थानीय शॉपिंग सेंटर, मयूर विहार फेज़-1, दिल्ली-110091, टेलीफोन: +91-120-2328011-20 फैक्स: +91-120-2328010 ईमेल आईडी: cs@indiaexpocentre.com, वेबसाइट: www.indiaexpomart.com

शेयरधारकों हेतु सूचना
15वीं असाधारण सामान्य बैठक का नोटिस और ई-वोटिंग की सूचना

सूचित किया जाता है कि इंडिया एक्सपोसिशन मार्ट लिमिटेड ("कंपनी") के शेयरधारकों की 15वीं असाधारण सामान्य बैठक ("ईजीएम") मंगलवार, 23 जून, 2026 को 11:30 सुबह (भारतीय समयानुसार) "गवर्नमेंट सर्वेंट्स को-ऑपरेटिव हाउस बिल्डिंग सोसाइटी लिमिटेड", कल्याण केंद्र, 9, पृथ्वीराज मार्ग, वसंत विहार, नई दिल्ली - 110057 में आयोजित की जा रही है, ताकि शेयरधारकों को व्यक्तिगत रूप से भेजे गए नोटिस में बताए गए व्यवसाय को पूरा किया जा सके।

ईजीएम की सूचना उन सभी सदस्यों को भेज दी गई है, जिनकी ईमेल आईडी कंपनी के साथ पंजीकृत हैं। इसकी भौतिक प्रतियां अन्य सभी शेयरधारकों को उनके पंजीकृत पते पर भेज दी गई हैं। यह सूचना कंपनी की वेबसाइट www.indiaexpomart.com और नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है। ईजीएम की सूचना प्रेषण का काम सोमवार, 1 जून, 2026 को पूरा हो चुका है।

ईजीएम में किए जाने वाले कारोबार से संबंधित दस्तावेज ईजीएम की तारीख तक, शनिवार, रविवार और राजपत्रित छुट्टियों को छोड़कर सभी कार्यदिवसों में दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे के बीच कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में निरीक्षण के लिए उपलब्ध हैं।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 के, और उस पर लागू नियमों के अनुसार और भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सचिवीय मानक-2, शेयरधारकों को नोटिस में निर्धारित सभी प्रस्तावों पर, एनएसडीएल द्वारा सुगमतापूर्वक, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (रिमोट ई-वोटिंग) द्वारा अपना वोट डालनेका अवसर मिलेगा। रिमोट ई-वोटिंग शनिवार, 20 जून 2026 को सुबह 10:00 बजे (भारतीय समयानुसार) से शुरू होगी और सोमवार, 22 जून, 2026 को शाम 5:00 बजे (भारतीय समयानुसार) समाप्त होगी। इसके बाद मतदान के लिए एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई-वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा। ई-वोटिंग के निर्देशों के लिए कृपया ईजीएम का नोटिस देखें।

- कंपनी ईजीएम के दौरान वोटिंग की सुविधा भी प्रदान करेगी। ईजीएम में भाग लेने वाले शेयरधारक, जिन्होंने पहले से ही रिमोट ई-वोटिंग के माध्यमसे अपना वोट नहीं डाला है, वे ईजीएम में अपने वोट के अधिकार का प्रयोग करने में सक्षम होंगे। जिन शेयरधारकों ने ईजीएम से पहले रिमोट ई-वोटिंग के माध्यम से अपना वोट डाला है, वे बैठक में भाग ले सकते हैं, लेकिन उन्हें फिर से अपना वोट डालने का अधिकार नहीं होगा।
- **रिमोट ई-वोटिंग या ईजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की कट-ऑफ तिथि मंगलवार, 16 जून, 2026 है।** जिस व्यक्ति का नाम कट-ऑफ तिथि पर सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज है, वह रिमोट ई-वोटिंग या ईजीएम में उपलब्ध मतदान सुविधा का लाभ उठाने का हकदार होगा।
- कोई भी व्यक्ति जिसने इस नोटिस के प्रेषण के बाद कंपनी के शेयरों का अधिग्रहण किया हो या कंपनी का शेयरधारक बना हो अथवा कट ऑफ तारीख पर शेयर लिया हो, वो डीपीआईडी/क्लाइंट आईडी नंबर, का उल्लेख कर evoting@nsdl.com या cs@indiaexpocentre.com पर एक अनुरोध भेज कर लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।
- किसी भी सवाल के लिए, आप एनएसडीएल की ई-वोटिंग वेबसाइट www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग में उपलब्ध 'सामान्यतः पूछे जाने वाले प्रश्न' (एफएक्यू) और ई-वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल का संदर्भ ले सकते हैं। किसी भी शिकायत के मामले में, आप एनएसडीएल, से 022-4886 7000 पर संपर्क कर सकते हैं या evoting@nsdl.com पर पहुंच सकते हैं।
- मतदान के परिणाम संबंधित नियमों के तहत निर्धारित अनुसार घोषित किए जाएंगे और उपर्युक्त कंपनी और एनएसडीएल की वेबसाइट पर भी पोस्ट किए जाएंगे।

निदेशक मंडल के आदेश से
इंडिया एक्सपोसिशन मार्ट लिमिटेड के लिए
एसडी/-
अनुपम शर्मा
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

2 जून, 2026
दिल्ली

सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Satin Housing Finance Ltd. THE ANSWER IS HOME

कॉर्पोरेट कार्यालय: प्लॉट नंबर 492, उद्योग विहार, फेज -3 गुरुग्राम हरियाणा-122016
पंजीकृत कार्यालय: 5वीं मंजिल, कुंदन भवन, आजादपुर कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, आजादपुर, नई दिल्ली-110033

मांग सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत।

अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी हैं। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (कथित अधिनियम) के तहत सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित कथित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में अधिकृत प्राधिकारी ने निम्नलिखित कर्जदार(रों) ('कथित कर्जदार(रों)') को उन्हें निर्गत सम्बन्धित मांग सूचनाओं जिन्हें नीचे भी दिया गया है, में उल्लिखित राशियों का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए नीचे वर्णित तिथियों पर मांग सूचनाएं निर्गत की थीं। उपर्युक्त के सम्बन्ध में, एतद्वारा कथित कर्जदार(रों) को धारा 13(2) के तहत एक बार पुनः इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर मांग सूचना में उल्लिखित राशि, कथित कर्जदार(रों) द्वारा क्रियान्वित अन्य दस्तावेजों/प्रलेखों, यदि कोई हो, के तहत देय नीचे वर्णित तिथि(यों) से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक कथित सूचनाओं में वर्णित के अनुसार भावी ब्याज सहित नीचे सूचित राशि तथा का नीचे उल्लिखित तिथि तक भुगतान करने के लिए कहते हुए सूचना दी जाती है। ऋण के बकाया पुनर्भुगतान हेतु प्रतिभूति के रूप में कथित कर्जदार(रों) द्वारा सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास क्रमशः निम्नलिखित आस्तियां बंधक रखी गयी हैं।

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/सह-कर्जदार(रों)/जमानती(यों) के नाम एवं ऋण खाता संख्या	मांग सूचना की तिथि तथा मांग सूचना की राशि
1	1. गणपत पुत्र सहीराम (कर्जदार) 2. कमला पत्नी गणपत (सह-कर्जदार) दोनों निवासी खानपुर छाता, मथुरा, उत्तर प्रदेश-281401 ऋण खाता संख्या - LAMTR0322-00004590	23-05-2026 रु. 2,42,355/- (रुपये दो लाख बयालीस हजार तीन सौ पचपन मात्र) दिनांक 31.05.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः- एक प्लॉट, क्षेत्रफल 46.45 वर्ग मीटर, खसरा संख्या 192 के एक भाग पर स्थित, मौजा छाता/धर्मसिंघा मार्ग पर विकसित नई आबादी, तहसील छाता, जिला मथुरा। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्वः 12.5 फीट, 12 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः 12.5 फीट, किसी अन्य व्यक्ति का प्लॉट, उत्तरः 40 फीट, खेमचंद का प्लॉट, दक्षिणः 40 फीट, विक्रेता का प्लॉट। पंजीकरण की तिथिः 13.10.2020, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 8246, पृष्ठ संख्या 39-70, क्रम संख्या 12263	
2	1. जीतेन्द्र कुमार पुत्र राजन सिंह (कर्जदार) 2. श्याम वती पत्नी जीतेन्द्र (सह-कर्जदार) दोनों निवासी सादाबाद पट्टी शक्ति बटपुरा, उत्तर प्रदेश-281307 ऋण खाता संख्या - LAAGR0523-00007897	25-05-2026 रु. 6,13,775/- (रुपये छह लाख तेरह हजार सात सौ पचहत्तर मात्र) दिनांक 31.05.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः- एक प्लॉट, खसरा संख्या 281 का एक भाग, जिसका माप 52.89 वर्ग गज अर्थात 44.32 वर्ग मीटर है। इसकी भुजाओं का माप इस प्रकार है- पूर्वः 33 फीट, पश्चिमः 35 फीट, उत्तरः 14 फीट, दक्षिणः 14 फीट। यह बाहर टाउन एरिया, नई आबादी सादाबाद, तहसील सादाबाद, जिला हाथरस में स्थित है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्वः विनोद कुमार का प्लॉट, पश्चिमः रविंदर कुमार का प्लॉट, उत्तरः श्रीमती पुष्पलता सिंह का खेत, दक्षिणः 6 मीटर चौड़ा रास्ता। पंजीकरण की तिथिः 15.12.2024, पुस्तक संख्या 03, खंड संख्या 2644, पृष्ठ संख्या 281-298, क्रम संख्या 8423.	
3	1. मंजू मंजू पत्नी दुष्यन्त (कर्जदार) 2. दुष्यन्त पुत्र हरपाल (सह-कर्जदार) दोनों निवासी मकान नंबर 247, राकेश मार्ग, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201001 ऋण खाता संख्या - LAGZB0121-00002789	20-05-2026 रु. 5,86,181/- (रुपये पांच लाख छियासी हजार एक सौ इक्यासी मात्र) दिनांक 30.04.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः- गोदाम संख्या 8, भूतल, बिना छत के अधिकार के (अर्थात छत का अधिकार शामिल नहीं है), नगरपालिका संख्या 63/575 (पुराना नंबर 85, नया नंबर 249), जिसका माप 13.93 वर्ग मीटर अर्थात 150 वर्ग फीट है। यह राकेश मार्ग कॉलोनी, ग्राम नासिरपुर, तहसील एवं जिला गाजियाबाद में स्थित है। सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्वः दुकान संख्या 7 और 12 फीट चौड़ी गली, पश्चिमः जीत बंधन यादव का मकान, उत्तरः किसी अन्य का मकान, दक्षिणः दुकान संख्या 5. पंजीकरण तिथिः 19.03.2021, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 17996, पृष्ठ संख्या 45-70, क्रम संख्या 2700.	
4	1. मुकेश कुमार पुत्र सूरज पाल (कर्जदार) 2. मंशी पत्नी मुकेश (सह-कर्जदार) दोनों निवासी खसरा नंबर 64, मंझौली (179), फरीदाबाद, हरियाणा-121101 ऋण खाता संख्या - LALDI0124-00010030	27-05-2026 रु. 38,83,566/- (रुपये अड़तीस लाख तिरासी हजार पांच सौ छियासठ मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः- प्लॉट संख्या ऊ-77, क्षेत्रफल 194.81 वर्ग मीटर (अर्थात 233 वर्ग गज), परगना एवं तहसील लोनी, मोहल्ला/ग्रामः रामेश्वर पार्क कॉलोनी, लोनी (चकबंदी क्षेत्र से बाहर), गाजियाबाद. सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्वः प्लॉट संख्या 76, पश्चिमः प्लॉट संख्या 78, उत्तरः 40 फीट चौड़ा रास्ता, दक्षिणः 12 फीट चौड़ी सर्विस लेन. पंजीकरण तिथिः 08.04.2024, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 5649, पृष्ठ संख्या 211-232, क्रम संख्या 6288.	
5	1. राय कुमार पुत्र धरम वीर (कर्जदार) 2. रेखा पत्नी आनंद पाल (सह-कर्जदार) 3. शुभम पुत्र राज कुमार (सह-कर्जदार) सभी निवासी मकान नंबर 52, पहली मंजिल, ब्लॉक-बी, फेज-I, विजय विहार, रोहिणी, दिल्ली-110085, ऋण खाता संख्या - LAGZB0922-00005711 और LAGZB0921-00003481	20-05-2026 रु. 16,24,298/- (रुपये सोलह लाख चौबीस हजार दो सौ अट्ठानवे मात्र) दिनांक 30.04.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः- फ्लैट संख्या यूजीएफ-01, ऊपरी भूतल, एमआईजी फ्रंट आरएचएस, बिना छत के अधिकार के, खसरा संख्या 233 में से, प्लॉट संख्या इ-164, क्षेत्रफल 150 वर्ग गज, कवर्ड एरिया (निर्मित क्षेत्र) 50.166 वर्ग मीटर (अर्थात 60 वर्ग गज), स्थितः कॉलोनी रेल विहार आवास समिति लिमिटेड, ग्राम सदुल्लाबाद, परगना एवं तहसील लोनी, गाजियाबाद. सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्वः दुकान संख्या 31, पश्चिमः 30 फीट चौड़ी सड़क, उत्तरः प्लॉट संख्या बी-163, दक्षिणः प्लॉट संख्या बी-165. पंजीकरण तिथिः 06.10.2021, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 2898, पृष्ठ संख्या 291-320, क्रम संख्या 12213.	
6	1. टिंकू पुत्र महेंद्र सिंह (कर्जदार) 2. गंगा देवी पत्नी टिंकू (सह-कर्जदार) दोनों निवासी बैंक कॉलोनी, प्रीमियम नगर, वेद नगर, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश-202001 ऋण खाता संख्या - LAALG0924-00012235	27-05-2026 रु. 21,45,827/- (रुपये इक्कीस लाख पैंतालीस हजार आठ सौ सत्ताइस मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः- एक आवासीय संपत्ति जिसका माप 100 वर्ग गज (यानी 83.61 वर्ग मीटर) है, जो खसरा संख्या 294 का एक हिस्सा है। यह गंभीरपुरा, परगना और तहसील कोइ, जिला अलीगढ़ में स्थित है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्वः 18 फीट, उसके बाद किसी अन्य का मकान; पश्चिमः 18 फीट, उसके बाद 12 फीट चौड़ी सड़क; उत्तरः 50 फीट, उसके बाद सत्यनारायण का मकान; दक्षिणः 50 फीट, उसके बाद इंदिरा कुमारी का मकान। पंजीकरण की तिथिः 04.10.2024, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 14278, पृष्ठ संख्या 265-286, क्रम संख्या 13494.	
7	1. वसीम पुत्र मेहरबान (कर्जदार), 2. हीना पत्नी वसीम (सह-कर्जदार), दोनों निवासी ग्राम लोनी चकबंदी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201102 ऋण खाता संख्या - LALQI0624-00011566	27-05-2026 रु. 7,16,995/- (रुपये सात लाख सोलह हजार नौ सौ पंचानवे मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः- खसरा संख्या 437 में स्थित एक प्लॉट, जिसका माप 50 वर्ग गज (यानी 41.80 वर्ग मीटर) है। यह अमन गार्डन, ग्राम लोनी चकबंदी क्षेत्र, वार्ड/परगनाः लोनी, तहसील लोनी, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में स्थित है। इसकी सीमाएं इस प्रकार हैं- पूर्वः मुमताज का मकान; पश्चिमः इलियास का मकान; उत्तरः आरिफ का मकान; दक्षिणः 20 फीट चौड़ी सड़क। पंजीकरण की तिथिः 24.04.2024, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 2065, पृष्ठ संख्या 1-18, क्रम संख्या 7634.	

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त के रूप में सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध पूरी तरह से उक्त कर्जदारों के लागत और परिणाम के जोखिम पर आगे की कार्यवाही करेगा। अधिनियम के तहत उक्त कर्जदारों को सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से, उपरोक्त संपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करेगा, वह अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : गुरुग्राम — **ह. /- अधिकृत प्राधिकारी**
दिनांक : 02.06.2026 — **सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधितों को यह नोटिस दिया गया है और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि कंपनी को प्रस्तावित मेगा वाणिज्यिक विकास विस्तार परियोजना के लिए 21-433/2024-आईए-III दिनांक 27/05/2026 को भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ("एमओईएफ") द्वारा पर्यावरण मंजूरी दी गई है। प्लॉट संख्या एलपी-1बी-02, गेटवे डिस्ट्रिक्ट, एरोसिटी, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली। उक्त पर्यावरण मंजूरी की प्रतियां एमओईएफसीसी/एसईआईएए परिवेश पोर्टल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं https://parivesh.nic.in

Sd/-
M/s ANGELICA DEVELOPERS LIMITED
3rd Floor, Worldmark 2, Asset 8, Aerocity, New Delhi – 110037
Phone No.: 011-41384000

DFM FOODS LTD.

सीआईएन: U15311DL1993PLC052624
पंजीकृत कार्यालय: 149, पहली मंजिल, किलोकारी, रिंग रोड, आश्रम, नई दिल्ली-110014
कॉर्पोरेट ऑफिस: 1401-1411, 14वीं मंजिल, लॉजिक्स सिटी सेंटर, सेक्टर-32, नोएडा-201301 (यूपी), दूरभाष: नं0 0120-6013232
ईमेल: dfm@dfmfoods.com, वेबसाइट: www.crax.in

शेयरधारकों के लिए सूचना
कंपनी के इक्विटी शेयरों के निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (IEPF) प्राधिकरण को हस्तांतरण हेतु

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124 तथा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखापरीक्षा, हस्तांतरण एवं धनवापसी) नियम, 2016, यथासंशोधित ("नियम") के प्रावधानों के अनुसार दी जाती है।

नियमों के अनुसार, उन सभी शेयरों को, जिनके संबंध में लाभांश का भुगतान नहीं किया गया है अथवा शेयरधारकों द्वारा लगातार सात वर्षों तक दावा नहीं किया गया है, निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (IEPF) प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित किया जाना है।

नियमों में निर्धारित आवश्यकताओं का अनुपालन करते हुए, कंपनी ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के दौरान उन सभी शेयरों को IEPF प्राधिकरण को पहले ही हस्तांतरित कर दिया है, जिनके संबंध में लाभांश लगातार सात वर्षों तक अवैतनिक अथवा दावा रहित रहा था। कंपनी ने उन शेयरधारकों को, जिनके शेयर वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने के लिए उत्तरदायी हैं, उनके नवीनतम उपलब्ध पते पर व्यक्तिगत सूचना भेज दी है। कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों तथा IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरण हेतु देय शेयरों का पूर्ण विवरण अपनी वेबसाइट www.crax.in पर अपलोड कर दिया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित किए जाने वाले शेयरों का विवरण सत्यापित करने हेतु वेबसाइट का अवलोकन करें।

जिन शेयरधारकों ने वर्ष 2018-19 से अपना लाभांश दावा नहीं किया है, वे आगे की जानकारी प्राप्त करने तथा वर्ष 2018-19 एवं उसके बाद के वर्षों के अवैतनिक लाभांश के लिए वैध दावा प्रस्तुत करने हेतु 11 सितंबर 2026 तक कंपनी/रजिस्ट्रार एवं शेयर हस्तांतरण अभिकर्ता (RTA) को लिख सकते हैं। कृपया ध्यान दें कि यदि 11 सितंबर 2026 तक संबंधित शेयरधारकों से कंपनी या RTA को कोई सूचना प्राप्त नहीं होती है, तो कंपनी नियमों के अनुपालन हेतु, बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, उक्त नियमों में वर्णित प्रक्रिया का पालन करते हुए शेयरों को IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित कर देगी, जो निम्नानुसार है:

i) भौतिक रूप में धारित शेयरों के मामले में – डुप्लिकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे तथा शेयर IEPF को हस्तांतरित किए जाएंगे। कृपया ध्यान दें कि शेयरधारक के नाम पर पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वतः निरस्त माने जाएंगे और उन्हें गैर-परक्राम्य माना जाएगा।

ii) डीमैट रूप में धारित शेयरों के मामले में – नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार नियत तिथि तक कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से शेयर सीधे IEPF प्राधिकरण के डीमैट खाते में हस्तांतरित किए जाएंगे।

शेयरधारक यह भी ध्यान दें कि IEPF प्राधिकरण को हस्तांतरित अवैतनिक लाभांश तथा ऐसे शेयरों पर अर्जित होने वाले सभी लाभ, यदि कोई हो, नियमों के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के पश्चात IEPF प्राधिकरण से पुनः प्राप्त किए जा सकते हैं।

उपरोक्त विषय में किसी भी प्रश्न के लिए, शेयरधारक कंपनी के RTA at M/s MCS Share Transfer Agent Limited, 179-180, DSIDC Shed, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज – 1, नई दिल्ली-110020, ईमेल **admin@mcsregistrars.com** अथवा **helpdeskreply@mcsregistrars.com** और दूरभाष: 011-41406149-52 पर संपर्क कर सकते हैं।

डीएफएम फूड्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
वैशाली सिंह
कंपनी सचिव
सदस्यता संख्या: A15108

दिनांक: 1 जून, 2026
स्थान: नोएडा

GPES Solar
Building Trust & Partnerships

NOTICE OF EXTRAORDINARY GENERAL MEETING

Notice is hereby given that the Extra Ordinary General Meeting **("EGM")** of the members of **GP Eco Solutions India Limited ("the Company")** will be held on **Saturday, June 20, 2026, at 02:30 P.M. (IST)** through Video Conferencing **('VC")**/ Other Audio-Visual Means **("OAVM")** to transact the businesses as set forth in the Notice convening the said Meeting.

In compliance with the provisions of sections 108, and other applicable provisions, if any, of the Companies Act, 2013 ('the Act') (including any statutory modifications or re-enactment thereof for the time being in force and as amended from time to time), read with Rules 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014 (the 'Rules'), read with General Circular No. 14/2020 dated 8th April 2020, 17/2020 dated 13th April 2020, and various subsequent circulars, read with Circular No. 09/2024 dated September 19, 2024 as issued by Ministry of Corporate affairs (collectively referred to as **('MCA Circulars'))** from time to time, permitted the companies to conduct General Meeting **("the Meeting")** through Video Conferencing **("VC")** facility or other Audio Visual means **("OAVM")**, without the physical presence of the Members at a common venue. In compliance with the provisions of the Companies Act, 2013 **("Act")** SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulations,2015 **("SEBI LODR Regulations")** and MCA Circulars, Extra-Ordinary General Meeting ("EGM") of the Company will be held through VC/OAVM on **Saturday, June 20, 2026, at 02:30 P.M. (IST)**. The deemed venue for the EGM will be the Registered Office of the Company.

In terms of the aforesaid Circulars, Notice convening the EGM of the Company has been dispatched only through electronic mode **(i.e. mail)** to the members who have registered their E-mail IDs with the Depository Participant(s)/Company. The Company completed the dispatch of the Notice of the EGM on Friday, May 29, 2026.

In terms of Section 108 of the Act, read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, Regulation 44 of SEBI LODR Regulations and Secretarial Standard on General Meetings **("SS-2")** issued by the Institute of Company Secretaries of India, the company is pleased to provide to its Members, the facility to exercise their right to vote by remote e-voting or e-voting during the EGM. The Company has engaged the services of **CDSL** as the Agency to provide an e-voting platform to the Members of the Company. The details relating to e-voting in terms of the Act and the relevant Rules are as under:

1. All the businesses as set out in the Notice of EGM may be transacted through remote e-voting or e-voting during the EGM.
2. The remote electronic voting will commence from **Wednesday, June 17, 2026, at 9:00 A.M.** and ends on **Friday, June 19, 2026, at 5:00 P.M.** No remote e-voting shall be allowed beyond the said date and time.
3. The voting rights of Members shall be in proportion to the equity shares held by them in the paid-up equity share capital of the Company as on, **Saturday, June 13, 2026 ("cut-off date").** Any person who acquires shares of the company and becomes a member of the company after the dispatch of the Notice of EGM and holds shares as on the cut-off date, may cast his/her vote through remote e-voting or e-voting during the EGM by obtaining the Login-ID and password by sending a request to CDSL. However, if such a member is already registered with CDSL for e-voting, then the existing User-ID and Password shall be used for casting a vote.
4. Only those members who will be present at the EGM through VC/OAVM facility but have not already cast their vote by remote e-voting, shall be eligible to vote through the e-voting system in the EGM.
5. The Cut-off date for determining the eligibility to vote by remote e-voting or e-voting during the EGM is **Saturday, June 13, 2026 ("Cut-off date").**
6. A Member may participate in the EGM even after exercising his/her right to vote through remote e-voting but shall not be allowed to vote again at the EGM.
7. A person whose name is recorded in the Register of Members or in the Register of Beneficial Owners maintained by the depositories as on the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting or e-voting during the EGM.
8. The Notice of the EGM is displayed on the website of the Company, i.e. www.gpecosolutions.com, and available on the website of NSE, i.e. https://www.nseindia.com/ and https://www.cdslindia.com/.
9. The manner in which the members, who are holding shares in dematerialized mode or physical form or who have not registered their email addresses with their Depository/the Company, can cast their vote through remote e-voting or through the e-voting system during the EGM will be provided in the Notice of the EGM.
10. In case of any query/grievance with respect to remote e-voting, Shareholders, may refer to the Frequently Asked Questions (FAQs) for Shareholders and remote e-voting User Manual for shareholders available under the Downloads section of CDSL e-voting website https://www.cdslindia.com/ or call on.: 022-62638200 or send a request to helpdesk.evoting@cdslindia.com.

Manner of Registration of e-mail addresses:

In case shares are held in physical mode, please update your e-mail ID with investor@bigshareonline.com. In case shares are held in demat mode, please update your e-mail ID with your relevant Depository Participant.

For GP Eco Solutions India Limited
Sd/-
Tanushree
Company Secretary & Compliance Officer

Date: May 28, 2026
Place: Noida

प्रपत्र फॉर्म – जी का परिशिष्ट

16 मई 2025 को प्रकाशित यह 'हरिद्वार हाइवेज प्रोजेक्ट लिमिटेड' के लिए रुचि की अभिव्यक्ति हेतु आमंत्रण का परिशिष्ट है।
(U45200DL2010PLC198587)

(वित्तीय एक्सप्रेस जनसत्ता (अखिल भारतीय संस्करण), दैनिक जागरण हिंदी (उत्तराखंड संस्करण – हरिद्वार विशिष्ट) (उत्तर प्रदेश संस्करण-मुजफ्फरनगर विशिष्ट) में प्रकाशित प्रपत्र फॉर्म जी का परिशिष्ट, भारतीय दिवालियापन एवं दिवालियापन बोर्ड (कॉर्पोरेट व्यक्तियों के लिए दिवालियापन समाधान प्रक्रिया) विनियम, 2016 के विनियम 36ए(1) के अंतर्गत)

संशोधित प्रारंभिक विवरण	
फॉर्म जी और प्रक्रिया ज्ञापन जारी करने की तिथि	16.05.2026
सूचना सूचना (EOI) जमा करने की अंतिम तिथि	11.06.2026
PRAs की अनंतिम सूची जारी करने की तिथि	16.06.2026
अनंतिम सूची पर आपत्तियां जमा करने की अंतिम तिथि	21.06.2026
PRAs की अंतिम सूची जारी करने की तिथि	29.06.2026
RFRP, IM, और मूल्यांकन मैट्रिक्स जारी करने की तिथि	04.07.2026
संकल्प योजना (संभावित) जमा करने की अंतिम तिथि	03.08.2026

नोट: दिनांक 16.05.2026 के फॉर्म जी की अन्य सामग्री और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। इसके अतिरिक्त, जिन मौजूदा संभावित संकल्प आवेदकों ने दिनांक 16.05.2026 के फॉर्म जी के उत्तर में दिनांक 01.06.2026 तक अपनी रुचि की अभिव्यक्ति प्रस्तुत की है, उन्हें पुनः प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं है।

हस्ताक्षरित/-
आई पी आलोक कुमार अग्रवाल (एचएचपीएल के आरपी), AFA, 30 जून 2027 तक वैध
पंजीकरण संख्या: IBBI/IPA-001/IP-P00059/2017-2018/10137

मेटल कोटिंग्स (इंडिया) लिमिटेड

CIN: L74899DL1994PLC063387
पंजीकृत कार्यालय: 912, हेमकंट चैंबर्स, 89, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
फोन: 011-41808125, वेबसाइट: www.mcil.net, ईमेल: info@mcilindia.net

शेयरधारकों के लिए सूचना

सेबी के परिपत्र सं. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/1/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि सेबी ने 1 अप्रैल, 2019 से पहले जमा किए गए उन भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोधों को फिर से जमा करने के लिए 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक विशेष विंडो फिर से खोल दी है, जिन्हें दस्तावेजों में कमियों के कारण खारिज या वापस कर दिया गया था।

पात्र निवेशक सभी प्रकार से विधिवत पूर्ण किए गए हस्तांतरण विलेख को आवश्यक दस्तावेजों के साथ रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, एमयूएफजी इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के पास यूनिटः सी 101, एम्बेसी 247, एल.बी.एस. मार्ग, विक्रोली (पश्चिम), मुंबई 400083 के पते पर फिर से जमा कर सकते हैं।

किसी भी प्रकार की पूछताछ के लिए, शेयरधारक https://web.in.mpms.mufg.com/helpdesk/Service_Request.html पर सर्विस रिक्वेस्ट दर्ज कर सकते हैं या rasharma@mcilindia.net, cs@mcilindia.net, rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com या Investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com पर ईमेल कर सकते हैं।

यह सूचना कंपनी की वेबसाइट: https://www.mcil.net/pdf/1312026115416_1769772850270.pdf पर भी उपलब्ध कराई जा रही है।

कृते, मेटल कोटिंग्स (इंडिया) लिमिटेड
हस्ता./–
शिम्पी गोयल
कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 01 जून, 2026

एराया लाइफस्पेसेज लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 54, जनपथ, नई दिल्ली, भारत 110001
सीआईएन: L74899DL1967PLC004704 | ई-मेल: cs@eraayalife.com | वेबसाइट: www.eraayalife.com | स्क्रिप कोड: 531035

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(आंकड़े लाख में)

विवरण	स्टैंडअलोन					समेकित				
	समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.12.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.12.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)
परिचालनों से कुल आय	-34.54	30.60	22.95	104.81	218.23	6158.65	6408.24	6145.87	25679.71	15362.12
कुल व्यय	519.14	261.08	60.89	2758.75	561.95	6029.45	6,365.77	7383.54	26860.37	16171.93
अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (कर, अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	-553.68	-230.47	-37.95	-2653.94	-343.75	128.84	43.88	-1236.85	-1174.10	-810.34
कर पूर्व अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	-553.68	-230.47	-37.95	-2653.94	-343.75	70.11	-62.08	-1651.27	-1338.79	-1553.75
कर पश्चात अवधि हेतु निवल लाभ/(हानि) (अपवादित तथा/अथवा असाधारण मदों के पश्चात)	-553.62	-230.56	-60.01	-2740.55	-258.65	814.98	-545.77	-3253.65	-4527.51	-3128.21
अवधि हेतु कुल व्यापक आय [अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात) सहित]	-567.52	-230.55	-60.01	-2754.45	-258.65	832.55	-550.54	-3102.65	-4502.78	-3235.15
इक्विटी शेयर पूंजी	206.69	199.33	193.69	206.69	193.69	206.69	199.33	190.69	206.69	193.69
आय प्रति शेयर (रु. 1/- प्रत्येक का((सतत तथा असतत प्रचालनों हेतु)- 1. बेसिक :	-2.84	-1.21	-0.34	-14.08	-1.48	-1.63	-1.73	-21.01	-21.21	-22.55
2. डाइल्यूटेड :	-2.84	-1.21	-0.34	-14.08	-1.48	-1.63	-1.73	-21.01	-21.21	[illegible]

टिप्पणियाँ:
1. 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए कंपनी के वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखा परीक्षा समिति द्वारा की गई है और 30 मई, 2026 को आयोजित अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
2. ये वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत और भारत में आम तौर पर स्वीकार किए जाने वाले अन्य लेखांकन सिद्धांतों के साथ पठित निर्धारित भारतीय लेखा मानकों ('इंड एएस') की मान्यता और माप सिद्धांतों और इसके तहत जारी किए गए प्रासंगिक नियमों के अनुसार तैयार किए गए हैं।
3. पिछली अवधि के आंकड़ों को जहां भी आवश्यक हो, उन्हें तुलनीय बनाने के लिए पुनर्समूहित / पुनर्व्यवस्थित / पुनर्वर्गीकृत किया गया है।
5. 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही के परिणाम बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल: www.bseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट www.eraayalife.com) पर उपलब्ध हैं।

एराया लाइफस्पेसेज लिमिटेड के लिए
हस्ता./
आशीष जेटली
निदेशक

दिनांक: 30.05.2026
स्थान: नई दिल्ली

कल्पा कमर्शियल लिमिटेड

CIN: L74899DL1985PLC022778
पंजीकृत कार्यालयः प्रथम तल, 984 पॉकेट, सी आईएफसी गाजीपुर, दिल्ली – 110096
ईमेलः infokalpa2@gmail.com, वेबसाइटः www.kalpacommercialltd.com

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों का विवरण।

1. 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण।

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही एवं वर्ष के लिए लेखापरीक्षित स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों ("वित्तीय परिणाम") की समीक्षा ऑडिट समिति द्वारा की गई तथा इन्हें कंपनी के निदेशक मंडल द्वारा उनकी क्रमशः आयोजित बैठकों में, जो 30 मई, 2026 को आयोजित हुईं, अनुमोदित किया गया।

वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com (BSE India) तथा कंपनी की वेबसाइट www.kalpacommercialltd.com पर उपलब्ध है तथा क्यू कोड स्कैन करके भी इसे देखा जा सकता है।

टिप्पणी : उपरोक्त सूचना सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोज़र रिक्वायरमेंट्स) विनियम, 2015 के विनियम 33 सहपठित विनियम 47(1) के अनुसार जारी की गई है।

2 भौतिक प्रतिभूतियों के अंतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन हेतु विशेष विंडो।

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि सेबी परिपत्र संख्या HO/MIRSD/POD-1/P/CIR/2026/37 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, भौतिक शेयरों के अंतरण अनुरोधों के पुनः प्रस्तुतिकरण को सुगम बनाने हेतु विशेष विंडो की अवधि 05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष के लिए बढ़ा दी गई है। यह सुविधा उन ट्रांसफर डीड्स के लिए उपलब्ध है जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व प्रस्तुत किया गया था, परंतु दस्तावेजों/प्रक्रिया में कमी अथवा अन्य कारणों से अस्वीकृत/वापस/लंबित कर दिया गया था। उपरोक्त अवधि के दौरान विधिवत संशोधित कर पुनः प्रस्तुत किए गए ऐसे मामलों का निपटान केवल "ट्रांसफर-कम-डीमैट" मोड में किया जाएगा, अर्थात अंतरण के पश्चात शेयर केवल डीमैट स्वरूप में जारी किए जाएंगे। प्रस्तुतकर्ता(ओं) को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास डीमैट खाता हो तथा वे ट्रांसफर डीड(स), मूल शेयर प्रमाणपत्र(स) एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों के साथ क्लाइंट मास्टर लिस्ट (ब्डर) भी कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("RTA") को प्रस्तुत करें। पात्र शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी के RTA अर्थात [Skyline Financial Services Private Limited](https://www.skylinerta.com) से उनके ई-मेल आईडी info@skylinerta.com](mailto:info@skylinerta.com) पर संपर्क करें अथवा आवश्यक दस्तावेज उनके कार्यालय पतेः डी-153ए, प्रथम तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज-1, नई दिल्ली – 110020 पर भेजें। दूरभाषः +91-11-40450193-97।

3. डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (DP) के साथ KYC विवरण अद्यतन

शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने KYC विवरण, जिनमें ई-मेल पता, मोबाइल नंबर, पैन, बैंक खाता विवरण, नामांकन विवरण तथा अन्य संपर्क जानकारी शामिल हैं, को अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट ("DP") / रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट ("RTA"), जैसा लागू हो, के साथ अद्यतन रखें। जिन शेयरधारकों ने अभी तक अपना ई-मेल पता, मोबाइल नंबर एवं अन्य संपर्क विवरण पंजीकृत अथवा अद्यतन नहीं किए हैं, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी से संबंधित नोटिस, वित्तीय विवरण तथा अन्य संचार समय पर प्राप्त करने हेतु इन्हें शीघ्र अद्यतन कराएं।

कृते कल्पा कमर्शियल लिमिटेड
एसडी/–
इशांत मल्होत्रा
प्रबंध निदेशक

स्थानः दिल्ली
दिनांकः 30.05.2026

एमबीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लिमिटेड

(सीआइएनः L27109DL1995PLC338407)
पंजीकृत तथा संयुक्त कार्यालयः बानी कारपोरेट वन, सुईट नं. 308, तीसरा तल, प्लाट नं. 5, कॉमर्शियल सेंटर, जसोला, दिल्ली-110025
टेलीः 011-44792982, www.mblinfra.com, इमेलः cs@mblinfra.com

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए स्टैंडएलॉन और कंसोलिडेटिड अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(आय प्रति शेयर डाटा को छोड़कर लाखों में)

क्र. सं.	विवरण	स्टैंडएलान			कंसालिडेटिड		
		समाप्त तिमाही 31.03.2026 अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2025 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2026 अंकेक्षित	समाप्त वर्ष 31.03.2026 अंकेक्षित	समाप्त तिमाही 31.03.2025 अंकेक्षित
1.	**प्रचालनों से कुल आय**	9,218	21,214	3,364	10,946	27,159	4,268
2.	अवधि के लिए कुल लाभ/(हानि) (कर, विशेष तथा/या असाधारण मदों से पूर्व)	5,328	6,170	261	4,432	1,326	(4,796)
3.	कर से पूर्व अवधि के लिए कुल लाभ/(हानि) (विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद)	5,315	6,157	261	4,411	2,981	(4,808)
4.	कर के बाद अवधि के लिए कुल लाभ/(हानि)(विशेष तथा/या असाधारण मदों के बाद)	81	923	261	(846)	(2,263)	(4,746)
5.	अवधि के लिए कुल व्यापक आय (अवधि [कर के बाद) के लाभ/(हानि) तथा अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल करके]	87	937	265	(827)	(2,236)	(4,742)
6.	इक्विटी शेयर पूंजी	15,253	15,253	12,253	15,253	15,253	12,253
7.	आरक्षितों	–	121,190	–	–	80,347	–
8.	आय प्रति शेयर (असाधारण मदों से पूर्व/के बाद) (10/– रुपए प्रति)						
	(i) मूल	0.07	0.64	0.30	(0.56)	(2.65)	(0.54)
	(ii) तनुकृत	0.06	0.63	0.30	(0.57)	(1.53)	(0.54)

टिप्पणियांः
1. सेबी (आपत्तियों के सूचीकरण एवं प्रकृटीकरण अपेक्षाएं) विनियमों, 2015 के विनियम 33 अंतर्गत शेयर बाजार में दाखिल दिनांक 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के स्टैंडएलोन तथा समेकित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का सार है। विस्तृत अंकेक्षित स्टैंडएलोन तथा समेकित वित्तीय परिणाम शेयर बाजार की वेबसाइट (www.bseindia.com तथा www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट www.mblinfra.com पर उपलब्ध है। नीचे दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करके भी इसे एक्सेस किया जा सकता है
2. उपरोक्त अंकेक्षित वित्तीय परिणाम कंपनीज़ (भारतीय लेखांकन मानदंड) नियमों, 2015 तथा उसके बाद जारी संबंधित संशोधित नियमों के अंतर्गत निर्धारित भारतीय लेखांकन मानदंड ("इंडए एस") के अनुसार तैयार किए गए है। कंपनी के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों की ऑडिट कमेटी द्वारा समीक्षा की गई है और 30 मई, 2026 को आयोजित उनकी बैठक में कंपनी के निदेशकों के बोर्ड द्वारा अनुमोदित तथा रिकार्ड पर लिए गए है।
3. पूर्व अवधि/तिमाही के आंकड़ों को जहां जरूरी विचारा गया, पुनः कार्य/पुनः एकत्रित/पुनः फेरबदल किया गया है।

कृते एमबीएल इन्फ्रास्ट्रक्चर्स लि.
अंजानी कुमार लखोटिया
अध्यक्ष तथा प्रबंध निदेशक
(डीआइएन 00357695)

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 30 मई, 2026

SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
Loot Blink
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds
₹2,990
₹249
92% OFF
YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch
₹4,999
₹349
93% OFF
YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB
₹59,900
₹5,399
91% OFF
YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG
32" HD Smart TV
89% OFF
YOU SAVE ₹25,800
realme
Narzo N55 (6GB+128GB)
₹13,999
₹799
94% OFF
YOU SAVE ₹13,200
ASUS
Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD)
90% OFF
YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL
Office Chair Ergonomic
₹14,999
₹1,499
92% OFF
YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG
980 500GB NVMe SSD
₹6,999
91% OFF
YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT
Backpack
₹1,999
₹149
93% OFF
YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS
Trimmer Series 3000
₹1,995
₹199
90% OFF
YOU SAVE ₹1,796
AGARO
Air Fryer 4.5L
₹6,999
₹699
90% OFF
YOU SAVE ₹6,300
PUMA
Men's Running Shoes
₹3,999
91% OFF
YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS
Study Headphones with Mic
₹1,499
₹169
89% OFF
YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE
Laptop Table Foldable
₹1,299
₹129
90% OFF
YOU SAVE ₹1,170
boAt
Stone 650 Bluetooth Speaker
₹3,999
₹199
95% OFF
YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!

कल्पमेधा

शिक्षा का यह मतलब नहीं है कि आपने कितना कुछ याद किया है, या यह कि आप कितना जानते हैं। इसका मतलब है कि आप जो जानते हैं और जो नहीं जानते हैं, उसमे अंतर कर पाएं।

– अनातोले फ्रांस

बदलाव के बजाय

पश्चिम बंगाल में चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद हिंसक घटनाएं सामान्य हो चुकी हैं। मगर हाल ही में जब विधानसभा चुनावों के बाद व्यापक फेरबदल हुआ और भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सरकार बनाई, तो इसे राज्य में एक बड़े बदलाव का उदाहरण बताया गया। वहां की जनता के बीच एक उम्मीद पैदा हुई कि अगर सत्ता में बदलाव आया है, तो संभवतः इसका असर सरकार के कामकाज से लेकर जमीनी स्तर पर आम लोगों के जीवन पर भी पड़े। मगर पहली बार भाजपा की सरकार बनने के बाद जो हालात दिख रहे हैं, उससे ऐसा लगता है कि वहां अराजक तत्त्वों को खुली छूट मिली हुई है, विपक्ष के नेताओं पर सीधे हमले हो रहे हैं और शासन उदासीन है। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें एक तरह से बदले की भावना से विपक्षी दलों के नेताओं या उनके समर्थकों पर हमले हुए हैं और कानून-व्यवस्था लाचार है। इससे यह सवाल उठा है कि क्या राज्य के लोगों ने इसी तरह के हालात के लिए बदलाव के पक्ष में वोट दिया था। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों के भीतर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं, अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर लोगों की भीड़ ने पुलिस या सुरक्षा बलों की मौजूदगी में घातक हमला किया।

दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ित अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलने सोनारपुर दक्षिण पहुंचे थे। मगर आरोप के मुताबिक वहां भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट की। एक अन्य घटना में तृणमूल कांग्रेस के एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर भी हमला किया गया। गनीमत रही कि दोनों को किसी तरह भीड़ से निकाल लिया गया। मगर उन पर जिस तरह हमला किया गया, वह सभी पार्टियों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। हैरानी की बात यह है कि लोकतंत्र की बहाली के जिस नारे के साथ चुनावों में जनता का समर्थन मांगा गया, सरकार बदलने के बाद अब वही लोकतंत्र बाधित होता दिख रहा है और राज्य सरकार अराजक तत्त्वों पर काबू पाने के बजाय सब कुछ अपने आप ठीक होने की उम्मीद कर रही है।

सवाल है कि चुनावी नतीजों के बाद राज्य में विपक्षी दलों के समर्थकों या कार्यकर्ताओं के सामने जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उनके नेताओं की गतिविधियों को जिस तरीके से बाधित किया जा रहा है, उसे किस कसौटी पर लोकतंत्र कहा जाएगा। अव्वल तो समूचे राज्य में कहीं भी प्रतिद्वंद्विता की वजह से हिंसक या एक दूसरे पर हमले की घटनाओं को पूरी तरह रोकने और किसी भी पार्टी का समर्थन करने वाले अराजक तत्त्वों के खिलाफ सख्ती बरतने के लिए पुलिस को स्पष्ट निर्देश देने की जरूरत है। फिर विपक्षी दलों के नेता अगर लोकतांत्रिक गतिविधियों के लिए जनता के बीच जाते हैं, तो उन्हें सुरक्षा मुहैया कराना सरकार का दायित्व है। पश्चिम बंगाल में चुनावों के नतीजे सामने आने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि अब राज्य में 'बदला नहीं, बदलाव' और 'भय नहीं, भविष्य' की बात होनी चाहिए। यों भी, अगर नई सरकार ने बदलाव का सपना दिखाया है, तो उसकी सबसे पहली जिम्मेदारी राज्य में हर स्तर पर लोकतांत्रिक माहौल को बहाल करना होना चाहिए। राज्य में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर अगर ऐसे हालात रहे कि विपक्ष को दबाने वाले तत्त्वों को खुली छूट दी गई, तो यह एक तरह से राज्य सरकार की सबसे बड़ी नाकामी होगी।

लापरवाही की कीमत

दिल्ली में साकेत के पास एक इलाके में शनिवार को पांच मंजिला इमारत ढह जाने से पांच विद्यार्थियों सहित छह लोगों की मौत की खबर ने फिर यही साबित किया है कि सरकारी तंत्र के भीतर किस हद तक लापरवाही और गैरजिम्मेदारी का आलम पसरा हुआ है। इस घटना में कई लोग घायल भी हो गए। बचाव अभियान में चौदह लोगों को बाहर निकाला गया। इस हादसे से सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि जब यह हादसा हुआ, उस समय इमारत की ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य किसकी अनुमति से हो रहा था। नियमों का उल्लंघन कर इसकी मंजूरी किस स्तर पर दी गई? हालांकि नगर निगम के दो अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इतने बड़े हादसे पर यह कार्रवाई बहुत छोटी है। कायदे से उन सभी पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिन पर उस भवन के निर्माण और नक्शे की मंजूरी देने का जिम्मा था। मजिस्ट्रेट के स्तर पर जांच के बाद संबंधित अधिकारियों को छानबीन के घेरे में लाया जाना चाहिए।

मगर वास्तव में यह प्रशासन और नगर निकाय की लापरवाही का एक और ज्वलंत उदाहरण है। सवाल है कि इमारत जर्जर हो गई थी, तो संबंधित विभाग ने समय रहते इसे खाली क्यों नहीं कराया। अगर यह प्राथमिक कदम उठा लिया गया होता, तो एक बड़ा हादसा टल सकता था। कोई भी इमारत एक दिन में अचानक नहीं गिरती। उसमें संरचनात्मक कमजोरी धीरे-धीरे सामने आ रही होती है। साकेत में जो इमारत ढह गई, समय रहते उसके मालिक और नगर निगम के अभियंताओं ने सजगता क्यों नहीं बरती और निर्माण मानकों का उल्लंघन क्यों होने दिया गया। उस इमारत में अवैध निर्माण किए जाते रहे और अधिकारी आंखें मूंदे रहे, तो दरअसल यह आपराधिक लापरवाही है। साकेत में हुई घटना पूरी दिल्ली के लिए सबक होनी चाहिए। यहां कई व्यावसायिक और रिहाइशी इमारतें हैं जो भवन निर्माण की कसौटी पर खरी नहीं उतरतीं। पिछले दो-तीन दशकों में राजधानी में भवनों के निर्माण का जिस तरह व्यावसायीकरण हुआ है, उसके नतीजे सामने आने लगे हैं। जर्जर होती कोई इमारत कब ढह जाए, कहा नहीं जा सकता। अवैध और जर्जर इमारतों का पूरी दिल्ली में सर्वे और निरीक्षण होना चाहिए, ताकि समय रहते नागरिकों की जान बच सके।

महंगी शिक्षा के बीच गुम होते सपने

आय और शिक्षा के खर्च के बीच निरंतर बढ़ता अंतर अब एक ऐसी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक त्रासदी का रूप लेता जा रहा है, जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को दांव पर लगा रहा है।

रंजना मिश्रा

किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का मुख्य इंजन उसका मध्यवर्ग होता है। भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और प्रगतिशील देश में मध्यवर्ग केवल करदाता या उपभोक्ता भर नहीं है, बल्कि समाज का वह सबसे जागरूक तथा संवेदनशील वर्ग है जो देश के उज्ज्वल भविष्य के सबसे ज्यादा सपने पालता है। एक आम मध्यवर्गीय नागरिक अपने जीवन में अनगिनत संघर्ष करता है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी पूंजी उसकी आने वाली पीढ़ी होती है। यह निराशाजनक ही है कि तेजी से बदलते भारत में, यही मध्यवर्ग जटिल दोराहे पर खड़ा है, जहां एक ओर उसके पास अपने बच्चों के सुनहरे कल के लिए बुने गए अनगिनत सपने हैं, तो दूसरी ओर उन सपनों को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक आर्थिक संसाधनों का गहरा अकाल है। भारत की सामाजिक और आर्थिक संरचना की सबसे मजबूत रीढ़ माने जाने वाले इस वर्ग के लिए आज सबसे बड़ी चुनौती अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना बन गई है। यह विडंबना ही है कि जिस शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार और अज्ञानता को मिटाने वाला प्रकाश माना जाता था, वह आज विशुद्ध मुनाफे पर आधारित उद्योग में तब्दील हो चुकी है।

आज एक औसत मध्यवर्गीय परिवार की सीमित मासिक आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा निजी स्कूलों की तिजोरियों में जा रहा है। इस बेतहाशा खर्च ने परिवार का पूरा आर्थिक और मानसिक संतुलन चरमरा दिया है। जमीनी हकीकत यही है कि आय और शिक्षा के खर्च के बीच निरंतर बढ़ता अंतर अब केवल एक आर्थिक समस्या नहीं रह गया, बल्कि यह एक ऐसी गहरी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक त्रासदी का रूप लेता जा रहा है, जो दीमक की तरह चुपचाप हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को निगल रही है।

निजी स्कूलों की फीस का ढांचा जटिल, भ्रामक और अपारदर्शी हो चुका है। बात अब केवल ट्यूशन फीस तक सीमित नहीं रह गई है। इसके साथ जुड़े कई अन्य शुल्क अभिभावकों की कमर तोड़ रहे हैं। निजी स्कूलों की मुनाफे वाली गतिविधियां केवल भारी-भरकम फीस की रसीद थमाने तक ही नहीं रुकी है। यह पूरी व्यवस्था अब बेहद संगठित तरीके से अभिभावकों का शोषण कर रही है। आज स्कूल प्रबंधन ही यह तय करता है कि बच्चों की किताबें किस विशिष्ट प्रकाशक की होंगी और वे शहर की किस दुकान से खरीदी जाएंगी। हर साल पाठ्यक्रम में मामूली फेरबदल कर या प्रकाशक बदल कर पुरानी किताबों के इस्तेमाल की संभावना को पूरी तरह खत्म कर दिया जाता है। स्कूल की वर्दियां, विशेष प्रकार के जूते-मोजे, स्कूल बैग और यहां तक कि मामूली स्टेशनरी भी तय दुकान से बाजार मूल्य से कई गुना ऊंचे दामों पर खरीदने का दबाव बनाया जाता है। अभिभावकों के पास न तो सवाल पूछने का अधिकार है, न मोलभाव करने की गुंजाइश और न ही किसी अन्य विकल्प को चुनने की स्वतंत्रता।

जब शिक्षा वास्तविक ज्ञान और अच्छे संस्कार देने के बजाय विशुद्ध रूप से उत्पाद बन जाती है, तो बच्चों के भीतर छिपी स्वाभाविक रचनात्मकता, मौलिकता

और जिज्ञासा नष्ट होने लगती है। उनकी जगह एक बेलगाम प्रतिस्पर्धा, बिना समझे रटने की प्रवृत्ति और हर समय दूसरों से आगे निकलने का भारी दबाव घर कर लेता है। आजकल के बच्चे छोटी उम्र में ही यह समझने लगते हैं कि उनकी शिक्षा के लिए उनके माता-पिता किस हद तक आर्थिक और मानसिक कष्ट झेल रहे हैं। ऐसे में अपनी स्वाभाविक रुचि के विषयों को चुनने के बजाय वे उन डिग्रियों की तरफ भागने को मजबूर हो जाते हैं जो उन्हें जल्द से जल्द नौकरी का अवसर देते हों। इस तरह हमारा देश भविष्य के कई महान वैज्ञानिकों, विचारकों और नवोन्मेषकों को इसलिए खो रहा है, क्योंकि शिक्षा की लागत ने उनके सपनों के खुले आसमान को एक छोटे से आर्थिक पिंजरे में तब्दील कर दिया है।

> मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य आज उनकी प्रतिभा या कठिन परिश्रम पर उतना निर्भर नहीं है, जितना इस बात पर निर्भर हो गया है कि उनके माता-पिता की आर्थिक हैसियत क्या है। यह पूरी स्थिति हमारे समाज में एक बहुत ही खतरनाक और चौड़ी खाई पैदा कर रही है। एक तरफ समाज का वह छोटा-सा, लेकिन ताकतवर आभिजात्य वर्ग है जिसके बच्चों के पास उच्च स्तर की शैक्षिक सुविधा उपलब्ध है और दूसरी तरफ देश का वह विशाल मध्यवर्ग है, जिसके होनहार और प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभा का दम उचित संसाधनों और धन की कमी की वजह घुट रहा है। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए पच्चीस फीसद आरक्षण की व्यवस्था की गई है, लेकिन व्यवहार में इससे बहुत उम्मीद नहीं की जा सकती।

मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य आज उनकी प्रतिभा या कठिन परिश्रम पर उतना निर्भर नहीं है, जितना इस बात पर निर्भर हो गया है कि उनके माता-पिता की आर्थिक हैसियत क्या है। यह पूरी स्थिति हमारे समाज में बहुत ही खतरनाक और चौड़ी खाई पैदा कर रही है। एक तरफ समाज का वह छोटा-सा, लेकिन ताकतवर आभिजात्य वर्ग है, जिसके बच्चों के पास उच्च स्तर की शैक्षिक सुविधा उपलब्ध है और दूसरी तरफ देश का वह विशाल मध्यवर्ग है, जिसके प्रतिभाशाली बच्चों का दम उचित संसाधनों और धन की वजह से घुट रहा है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए पच्चीस फीसद आरक्षण की व्यवस्था की गई है, लेकिन व्यवहार में इस पर अमल में जिस तरह की अड़चनें दिखती रही हैं, उसमें इससे बहुत उम्मीद नहीं की जा सकती।

इस पूरी त्रासदी का एक सबसे निराशाजनक पहलू हमारे सरकारी स्कूलों की बदहाली और उनकी खस्ताहाल व्यवस्था है। अगर आजादी के इतने दशकों बाद भी हमारी सरकारें स्कूल शिक्षा के उच्च मानकों को कायम कर पाने में सफल रहतीं, तो बहुत सारे भारतीय परिवार निजी स्कूलों के तंत्र की मनमानी का शिकार नहीं होते। सरकारी शिक्षा व्यवस्था की निरंतर विफलता, योग्य शिक्षकों की भारी कमी, बुनियादी ढांचे का अभाव और प्रशासनिक जवाबदेही की शून्यता ने ही निजी स्कूलों के लिए एक ऐसा बाजार तैयार कर दिया है, जिसमें उन्हें मनमानी करने की छूट मिली हुई है। आज मध्यवर्ग के पास कोई दूसरा मजबूत विकल्प बचा ही नहीं है। वह जानता है कि यदि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजा जाएगा, तो वहां की व्यवस्था में उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसी डर के कारण लोग अपनी हैसियत से बाहर जाकर और कर्ज लेकर भी निजी स्कूलों का रुख करने के लिए तैयार रहते हैं। एक समय था जब लोग केवल उच्च शिक्षा या मेडिकल-इंजीनियरिंग की महंगी पढ़ाई के लिए बैंकों से कर्ज लेते थे, लेकिन आज स्थिति यह आ गई है कि स्कूली शिक्षा पूरी करवाने के लिए भी कई लोगों को कर्ज लेना लेना पड़ रहा है।

अब समय आ गया है कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर पारदर्शी और दूरदर्शी राष्ट्रीय नीति विकसित की जाए और उसे पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए। यह सुनिश्चित करना राज्य और सरकारों की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि शिक्षा मनमाना मुनाफा कमाने वाला व्यवसाय न बने। शिक्षण संस्थानों को बिना किसी लाभ के सिद्धांत पर चलने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाले स्कूलों की मान्यता रद्द की जानी चाहिए। इसके समांतर, इस पूरी समस्या का सबसे प्रभावी और एकमात्र स्थायी समाधान यही है कि सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली यानी सरकारी स्कूलों का युद्धस्तर पर कायाकल्प किया जाए। जब तक हमारे देश के हर शहर, कस्बे और हर गांव के सरकारी विद्यालय निजी स्कूलों को शिक्षा की गुणवत्ता में कड़ी टक्कर नहीं देंगे, तब तक भारत का मध्यवर्ग निजी स्कूलों के इस मकड़जाल से कभी बाहर नहीं निकल पाएगा।

उदारता का सौंदर्य

गिरीश पंकज

समाज में न जाने कितने ऐसे लोग हैं, जो गहन अध्ययन करने के बाद अनेक मामलों में विशेषज्ञ की तरह हो जाते हैं, लेकिन ऐसे भी लोग हैं, जो ज्ञान का अतिरेक होने पर दंभ के शिकार भी हो जाते हैं। वे अपने सामने किसी को कुछ नहीं समझते। ऐसे लोग कुछ कम पढ़े-लिखे लोगों को हीन दृष्टि से देखने लगते हैं। मगर यह भी सच है कि ऐसे लोग धीरे-धीरे समाज से कटते जाते हैं और अपने दंभ की दुनिया में लीन रहकर ही खुश रहते हैं। जबकि हमारे यहां कहा गया है कि फलदार वृक्ष झुक जाते हैं, उदार हो जाते हैं। किसी अज्ञानी माने जाने वाले व्यक्ति से भी वे बड़े प्रेम से मिलते हैं। ठीक उसी तरह, जैसे किसी बच्चे से बड़े लोग प्रेम से बतियाते हैं और उसकी नादानी को अनदेखी करके उसके साथ खेलते हैं। इससे यह भी संभव है कि अज्ञानी व्यक्ति ज्ञान की राह पकड़ ले।

यों भी हर व्यक्ति ज्ञानी या महाज्ञानी नहीं हो सकता। इसी तरह हर कोई प्रखर अध्ययनशील नहीं हो सकता... हर कोई हर क्षेत्र में सफल नहीं हो सकता। तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह उपेक्षा का पात्र है। वह भी इसी समाज का अंग है। उसने भी मेहनत की, मगर वांछित सफलता नहीं मिल सकी। इसलिए उसके साथ भी प्रेमपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। हालांकि ऐसा होता नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी दिखाई देते हैं, जो अपनी धार्मिकता को लेकर बड़े ही आक्रामक होते हैं। वे हर जगह अपनी धार्मिकता का ढोल पीटते नजर आते हैं और कहते हैं कि मैं तो इतने उपवास करता हूं... इतने घंटे पूजा-अर्चना करता हूं। मगर सच यह है कि उनके आचरण में उनके पूजा-पाठ का कोई अंश नजर नहीं आता। वे हर घड़ी कटुता से भरे रहते हैं। उनके मुंह से प्रेम के बोल नहीं फूटते। कभी-कभी तो ऐसे लोग गालियां भी देते दिखते हैं। इस तरह के कुछ लोग भले ही खुद को सात्विक बताते हों, सादे वस्त्रों में रहते हों, लेकिन उनके आचरण में वह सात्विकता नजर नहीं आती, जो किसी धार्मिक व्यक्ति में सहज ही होनी चाहिए।

धार्मिकता अगर मनुष्य को बेहतर और ज्यादा मानवीय न बनाए, तो वह बेकार है। ज्ञान अगर मनुष्य को विनम्र न बनाए, सहिष्णु न बनाए, उदार न बनाए, तो ऐसा ज्ञान किस काम का? केवल किताबों में दर्ज बातों को याद कर लेना ज्ञान नहीं होता। ऐसा ज्ञान रटने वाले को तोता की तरह कहा जाएगा। तोता जो सुनता है, वही दोहराने लगता है। फिर चाहे भजन हो या अपशब्द, लेकिन जो व्यक्ति विवेकशील है, वह जो ग्रहण करता है, उसके अनुरूप आचरण भी करता है। इसीलिए वह तोते से अलग होता है। अगर कोई अध्ययनशील ज्ञानी व्यक्ति अपने व्यवहार में कटु है, अभद्र है, तो इसका मतलब यह हुआ कि वह सही मायने में सच्चा ज्ञानी नहीं है। उसके पास केवल किताबी ज्ञान है। उसे अभी आत्मज्ञान नहीं हुआ है। जिसे आत्मज्ञान हो चुका है, वह विनम्र होगा. उदार होगा। वह सबकी बातें ध्यान से सुनेगा। वह किसी को अपने से कमतर नहीं समझेगा।

समस्या यह है कि चाहे ज्ञान का मामला हो या धन-दौलत का, आमतौर पर जिसके पास अधिक मात्रा में होता है, वह अपने आप को विशिष्ट समझने लगता है। धनी व्यक्ति निर्धन व्यक्ति को देखकर दूरी बना लेता है। वह किसी की आर्थिक मदद नहीं करना चाहता, जबकि उसके पास जो धन आया है, वह इसी समाज से अर्जित है. लेकिन वह यह बात समझ नहीं पाता और कृपण बना रहता है। मगर जो व्यक्ति उदार होकर अपने धन को सामाजिक कार्यों में खर्च करता है, तो उससे उसकी प्रतिष्ठा ही बढ़ती है. लोग उसे आदर के साथ देखते हैं। बुला कर उसका सम्मान भी करते हैं। मगर जो व्यक्ति विशुद्ध रूप से धनपशु बना रहता है, वह एक दिन खा-पीकर मर जाता है, तब भी सब उसकी निंदा ही करते हैं।

समाज में हमेशा दानी या उदार व्यक्ति को महत्त्व मिलता है। फिर चाहे वह ज्ञान दान करे,चाहे धन दान करे, चाहे श्रमदान करे। दशरथ मांझी जैसे लोग श्रमदान करके अमरता को प्राप्त कर जाते हैं। उदारता, विनम्रता, सहिष्णुता- ये तमाम गुण बेहतर मनुष्य के लक्षण होते हैं। जिनमें ऐसे लक्षण नहीं होते, उनकी राह अलग हो जाती है। कई बार वे अपराध के मार्ग भी पर चल पड़ते हैं। अपराध सिर्फ हत्या,बलात्कार या चोरी-डकैती ही नहीं है, किसी का दिल दुखाना भी अपराध है। किसी को अपने से छोटा समझना अपराध है। किसी सज्जन का उपहास उड़ाना भी अपराध है। किसी अच्छे व्यक्ति की उपेक्षा करना अपराध है। किसी को कम ज्ञान है, यह समझ कर उसे हेय दृष्टि से देखना अपराध है।

अगर कोई ज्ञानी है, तो अपने ज्ञान को उदारता के साथ सबको बांटते रहना चाहिए। अधिक धन है, तो उसे भी उदारता के साथ बांटना चाहिए। अक्सर ऐसा होता नहीं है। जो लोग ऐसा नहीं करते, वे अपनी सीमित दुनिया में मगन रहते हैं, लेकिन जब कभी एकांत में आत्ममंथन करते हैं कि क्या खोया, क्या पाया की सूक्ति पर विचार करते हैं, तब पता चलता है कि उन्होंने पाया तो बहुत कुछ, लेकिन खोया उससे भी कहीं ज्यादा। मगर जो ज्ञानीजन होते हैं, वे कुछ नहीं खोते, बल्कि निरंतर पाते ही रहते हैं। यह पाना ही उनकी वास्तविक कमाई है। असल पूंजी है। इसका सुख वही व्यक्ति उठा सकता है, जो निर्मल मन वाला है, उदार है और समरसताजीवी है।

दुनिया मेरे आगे

> अगर कोई ज्ञानी है, तो अपने ज्ञान को उदारता के साथ सबको बांटते रहना चाहिए। अक्सर ऐसा होता नहीं है। हालांकि जब कभी एकांत में आत्म-मंथन करते हैं कि क्या खोया, क्या पाया की सूक्ति पर विचार करते हैं, तब पता चलता है कि उन्होंने पाया तो बहुत कुछ, लेकिन खोया उससे भी कहीं ज्यादा।

छीजता भरोसा

नीट के प्रश्नपत्रों को वायुसेना की निगरानी में वितरित किए जाने का निर्णय केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि भारतीय परीक्षा प्रणाली पर गहराते अविश्वास का प्रतीक भी है। क्या देश की शिक्षा व्यवस्था और उससे जुड़ी एजंसियां इतनी कमजोर हो चुकी हैं कि अब उन्हें सेना की मदद लेनी पड़ रही है? क्या शिक्षा माफिया इतने संगठित और प्रभावशाली हो चुके हैं कि सामान्य प्रशासनिक तंत्र उन पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा? राष्ट्रीय परीक्षा एजंसियों का मूल दायित्व निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा कराना है। मगर जब प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आती हैं, तब यह धारणा मजबूत होती है कि कहीं न कहीं तंत्र कमजोर पड़ा है। यदि एक संगठित गिरोह परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र हासिल कर लेता है, तो यह केवल बाहरी अपराध नहीं माना जा सकता। वायुसेना की निगरानी में प्रश्नपत्र बांटना बीमारी का समाधान नहीं है। सरकार हमेशा सेना के साये में परीक्षाएं नहीं करा सकती। एनटीए का पूरी तरह पुनर्गठन होना चाहिए। शीर्ष अधिकारियों की सीधी जवाबदेही तय होनी चाहिए, ताकि चूक होने पर केवल जांच कमेटी न बैठे, बल्कि त्वरित और अनुकरणीय कार्रवाई हो।

– युगल किशोर राही, छपरा

भटकती दिशा

'नशे का जाल' (संपादकीय, 28 मई) पढ़ कर गहरी चिंता हुई। आज नशीले पदार्थों का फैलता कारोबार केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं, बल्कि समाज और युवाओं के भविष्य पर गंभीर खतरा बन चुका है। शहरों से लेकर गांवों तक नशे का जाल जिस तेजी से फैल रहा है, वह बेहद भयावह स्थिति को दर्शाता है। गुजरात के मुंद्रा बंदरगाह पर भारी मात्रा में कोकीन की बरामदगी यह साबित करती है कि तस्करों के हौसले लगातार बढ़ रहे हैं। बार-बार इतनी बड़ी खेप पकड़े जाने पर भी तस्करी पर पूरी तरह रोक नहीं लग पा रही है, तो यह सुरक्षा व्यवस्था और जांच एजंसियों की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करता है। केवल छोटे अपराधियों को पकड़ना पर्याप्त नहीं, बल्कि इसके पीछे सक्रिय बड़े गिरोहों और सफेदपोश लोगों तक पहुंचना भी जरूरी है। यह ध्यान रखने की जरूरत है कि नशा व्यक्ति को शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक, आर्थिक और सामाजिक रूप से भी बर्बाद कर देता है।

– इफ्तिखार दानिश, किशनगंज

सवालों का पटाक्षेप

'शुचिता की खातिर' (संपादकीय, 28 मई) पढ़ा। बिहार से शुरू हुई मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पर विवाद का दायरा पश्चिम बंगाल तक पहुंचा। कई सवाल उठाए गए। शीर्ष अदालत के फैसले के बाद अंततः इस मामले का पटापेक्ष हुआ। अदालत ने याचिकाओं का निपटारा करते हुए विशेष गहन पुनरीक्षण को न केवल वैध करार दिया, बल्कि यह भी स्पष्ट कर दिया कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए ऐसा किया जाना आवश्यक है। शीर्ष अदालत के इस फैसले से स्पष्ट है कि किसी वैध प्रक्रिया को रोका नहीं जा सकता। दूसरी ओर इस निर्णय से असहमत लोग निराश हैं। जबकि निष्पक्ष चुनावों की पहली शर्त ही यही है कि पात्र मतदाता ही वोट डालें। जहां तक नागरिकता की पहचान करने का प्रश्न है, तो सुप्रीम कोर्ट ने यह स्पष्ट कर दिया है कि नागरिकता की पहचान संबंधी अंतिम फैसला करने का अधिकार केवल गृह मंत्रालय को ही है।

– वेद प्रकाश, गुरुग्राम

जेब पर असर

सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों ने पेट्रोल और डीजल के दामों में चार बार बढ़ोतरी कर आम जन की कमर तोड़ दी है। मूल्य वृद्धि का सीधा असर यातायात साधनों, बाजार और आम आदमी की जेब पर पड़ता है। अभिजात्य वर्ग और नीति निर्माताओं का बाजार से सीधा कोई सरोकार नहीं होता। मगर निम्न मध्य और मध्यवर्गीय परिवारों पर असर पड़ता है। महंगाई बढ़ना तब नहीं अखरता, जब आय के साधनों और खर्चों के बीच समन्वय हो। गैस के दामों में बेतहाशा वृद्धि के साथ डीजल और पेट्रोल के दामों में बार-बार वृद्धि होने से आम आदमी के सामने संकट खड़ा हो गया है। जबकि केंद्र और राज्य की सरकारें जनहित में इस महंगाई से निजात दिला सकती थीं। महंगाई का विरोध करने वाले कुछ दलों के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकारें भी अधिक कर वसूल रही हैं।

– सुधाकर आशावादी, ब्रह्मपुरी, मेरठ

आस्था

प्रयागराज में ज्येष्ठ सोमवार के अवसर पर भगवान शिव के जलाभिषेक के लिए गंगाजल ले जाते श्रद्धालु।

बोल

ईरान सचमुच समझौता करना चाहता है और यह अमेरिका एवं हमारे साथ खड़े देशों के लिए अच्छा समझौता होगा। बस निश्चिंत रहिए, अंत में सब ठीक हो जाएगा - हमेशा ऐसा ही होता है।

- डोनाल्ड ट्रंप, अमेरिका के राष्ट्रपति

बोल

हिज्बुल्लाह की ओर से लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन किए जाने और हमारे नागरिकों पर हमलों के कारण इजराइली सेना को बेरूत के दक्षिणी उपनगर दहिये में हमले का आदेश दिया है। - बेंजामिन नेतन्याहू, इजराइल के प्रधानमंत्री

सम-सामयिक

ईरान और अमेरिका में किन किन मुद्दों पर फंसा है पेच

जनसत्ता संवाद

ईरान और अमेरिका के बीच गतिरोध जारी है। दोनों देशों में प्रस्तावों और जवाबी प्रस्तावों का आदान-प्रदान चल रहा है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। पांच बड़े मुद्दे सामने आए हैं, जो ईरान और अमेरिका के बीच असहमति की मुख्य वजह बने हुए हैं। इनमें यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम, ईरान के संवर्धित यूरेनियम भंडार का भविष्य, होर्मुज जलमार्ग पर नियंत्रण, क्षेत्र में ईरान समर्थित समूहों की गतिविधियां और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम शामिल हैं।

दरअसल, अमेरिका की 14 सूत्री योजना में यूरेनियम संवर्धन रोकना, 60 फीसद संवर्धित यूरेनियम के ईरानी भंडार को खत्म करना या पूरी तरह सीमित करना और होर्मुज को बिना शर्त खोलना शामिल है। इस योजना में 30 दिन की एक अवधि भी शामिल है, ताकि दूसरे मुद्दों पर बातचीत का रास्ता तैयार किया जा सके। इनमें क्षेत्र में ईरान समर्थित समूह और उसका मिसाइल कार्यक्रम शामिल हैं। ईरान इन प्रस्तावों को स्वीकार करने को ऐसी जंग में आत्मसमर्पण के बराबर मानता है। ईरान रियायतें हासिल करने की कोशिश कर रहा है और अपने जवाब में तत्काल युद्धविराम, सभी प्रतिबंध हटाने, हर्जाना देने, होर्मुज पर अपनी संप्रभुता को मान्यता देने और परमाणु वार्ता बाद में करने की मांग कर रहा है। ईरान ने यह भी कहा है कि वह अपने कुछ संवर्धित यूरेनियम को कम स्तर पर लाने या किसी तीसरे देश को सौंपने के लिए तैयार है, लेकिन उसने पूरा भंडार सौंपने से इनकार किया है।

पहला मुद्दा यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम का है। ईरान और अमेरिका के बीच यह सबसे अहम और पुराना विवादित मुद्दा है। अमेरिका के नजरिये से यह इस सवाल से जुड़ा है कि ईरान परमाणु हथियार बनाने की तकनीकी क्षमता से कितनी दूर पर है। प्राकृतिक यूरेनियम अकेले बहुत प्रभावी नहीं होता। संवर्धन प्रक्रिया यूरेनियम के ऊर्जावान हिस्से यानी आइसोटोप 235 की मात्रा बढ़ाती है, ताकि इसे ऐसे ईंधन में बदला जा सके जिसका इस्तेमाल परमाणु संयंत्रों में हो सके। जैसे-जैसे यूरेनियम का संवर्धन अनुपात बढ़ता है, उसके सैन्य इस्तेमाल का खतरा भी बढ़ता जाता है।

ईरान परमाणु अप्रसार संधि यानी एनपीटी के तहत ऊर्जा उत्पादन, रिसर्च और मेडिकल जरूरतों जैसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन के अपने अधिकार पर जोर देता है। दूसरी तरफ, अमेरिका और इजराइल इस कार्यक्रम को परमाणु हथियार हासिल करने की कोशिश का बहाना मानते हैं। आमतौर पर तीन से पांच फीसद संवर्धन स्तर बिजली संयंत्रों के लिए इस्तेमाल होता है, जबकि 20 फीसद संवर्धित यूरेनियम शोध के मकसद से इस्तेमाल किया जाता है। इससे ऊपर का संवर्धन परमाणु हथियार के लिए यूरेनियम के इस्तेमाल का रास्ता खोल देता है। पिछली गर्मियों की 12 दिन की जंग तक ईरान 60 फीसद संवर्धन स्तर तक पहुंच चुका था। इसी दौरान अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजंसी ने दावा किया था कि तेहरान ने हजारों उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाए हैं और बड़ा भंडार जमा कर लिया था।

नतांज, फोर्दो और इस्फहान के संयंत्रों पर हमलों के बाद संवर्धन गतिविधियां लगभग रुक गईं और कई उपकरण बर्बाद हो गए। अमेरिका ने लंबे समय तक ईरान में संवर्धन पूरी तरह रोकने की मांग की है। दूसरी तरफ, ईरान शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए अस्थायी प्रतिबंध, कम संवर्धन स्तर और अंतरराष्ट्रीय निगरानी स्वीकार करने को तैयार दिखता है, लेकिन कार्यक्रम को पूरी तरह बंद करने या गतिविधियों को विदेश भेजने को अपनी संप्रभुता का उल्लंघन मानते हुए खारिज करता है।

आत्मरक्षा का सवाल

परमाणु कार्यक्रम के विपरीत मिसाइलों के भंडारण का मुद्दा हालिया अमेरिकी प्रस्तावों का केंद्रीय हिस्सा नहीं रहा है। दूसरी तरफ, ईरान का कहना है कि मिसाइल कार्यक्रम आत्मरक्षा के उसके अधिकार का हिस्सा है और इस पर बातचीत नहीं होगी।

शोध

देश के 63 शहरों में बदला बारिश का स्वरूप

जनसत्ता संवाद

आइआइटी हैदराबाद और यूनिवर्सिटी आफ कोलोराडो के अध्ययन में पता चला है कि 120 वर्षों के दौरान भारत के 63 शहरों की बारिश का स्वरूप बदल गया है। कहीं अचानक बाढ़, कहीं सूखा, जलवायु में बदलाव का खतरा बढ़ गया है। कुछ शहरों में अत्यधिक भारी बारिश बढ़ी, जिससे शहरी बाढ़ का खतरा तेजी से और गंभीर रूप से बढ़ा है। कई तटीय शहरों में मानसून और सालाना बारिश में गिरावट दर्ज हुई, जिससे जल संकट और सूखे की आशंका बढ़ गई है।

तेजी से बढ़ते शहरीकरण के साथ-साथ मौसम भी लगातार बदलता जा रहा है। हाल ही में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) हैदराबाद और यूनिवर्सिटी आफ कोलोराडो के वैज्ञानिकों ने अहम अध्ययन किया है। उन्होंने पाया कि पिछले 120 वर्षों में भारत के 63 बड़े शहरों में बारिश के स्वरूप (पैटर्न) में बड़े और अलग-अलग बदलाव आए हैं। यह अध्ययन 1901 से 2022 तक के रोजमर्रा के बारिश के आंकड़ों पर आधारित है। कुछ शहरों में भारी बारिश अचानक बढ़ गई है, जबकि कुछ जगहों पर कुल बारिश कम होती जा रही है।

भारतीय शहरों में बारिश के बदलाव एक जैसे नहीं हैं। उन्हें चार अलग-अलग प्रकार के स्वरूप (पैटर्न) मिले हैं। कुछ शहरों में अचानक और तेज बारिश की घटनाएं बढ़ गई हैं, जिससे बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। कुछ शहरों में सालाना और मानसून की बारिश में लगातार गिरावट देखी गई है, जिससे पानी की कमी और सूखे की स्थिति बन सकती है। इसका मतलब यह है कि एक ही क्षेत्र के पास-पास के शहरों में भी मौसम का असर अलग-अलग तरीके से हो रहा है।

'अर्बन क्लाइमेट' नामक पत्रिका में प्रकाशित इस अध्ययन में यह भी पाया गया कि सबसे बड़े बदलाव 1950 के दशक से 1970 के दशक के बीच हुए थे। इसी समय बारिश के पैटर्न में अचानक बदलाव देखने को मिला। उदाहरण के लिए, पश्चिमी तटीय क्षेत्रों के कई शहरों में मानसून की बारिश में कमी आई है। इससे वहां पानी की उपलब्धता पर असर पड़ा है। दूसरी ओर, बंगलुरू जैसे शहरों में हाल के वर्षों में बहुत तेज और भारी बारिश की घटनाएं बढ़ी हैं।

(फाइल फोटो)

इस शोध में वैज्ञानिकों ने पुराने तरीकों के बजाय नई सांख्यिकीय तकनीकों का इस्तेमाल किया। उन्होंने 'चेंज प्वाइंट एनालिसिस' नामक तकनीक का उपयोग किया, जिससे यह पता लगाया गया कि मौसम में बदलाव किस साल अचानक हुआ। इसके अलावा, उन्होंने 30 से 55 साल के 'मूविंग विंडो' का उपयोग किया, यानी समय को छोटे-छोटे हिस्सों में बांटकर बदलावों को समझा गया। इससे यह साफ हो सका कि बारिश के पैटर्न समय के साथ कैसे बदलते रहे हैं।

शोध में यह भी सामने आया कि हर शहर की स्थिति अलग है। कुछ शहरों में भारी बारिश की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे जलभराव और बाढ़ का खतरा है। वहीं कुछ शहर धीरे-धीरे सूखे की ओर बढ़ रहे हैं। हर शहर की जरूरत और जोखिम अलग-अलग हैं।

पहले वैज्ञानिक लंबे समय के औसत निकालकर मौसम का अनुमान लगाते थे। लेकिन इस नए अध्ययन ने बताया कि यह तरीका कई बार सही तस्वीर नहीं दिखाता। वैज्ञानिकों ने यह भी माना है कि इस अध्ययन में इस्तेमाल किए गए आंकड़े बड़े ग्रिड में बारिश को औसत करते हैं, जिससे छोटे स्तर पर होने वाली बहुत तेज बारिश की घटनाएं पूरी तरह नहीं दिख पातीं। इसके अलावा, शहरों की मौजूदा सीमाओं के आधार पर विश्लेषण किया गया है, जबकि पिछले 100 वर्षों में शहरों का विस्तार काफी बदल चुका है। इसका असर स्थानीय मौसम पर भी पड़ सकता है, जिसे पूरी तरह शामिल नहीं किया गया है।

यह अध्ययन शहरी योजनाकारों के लिए एक अहम संकेत देता है कि अब मौसम को स्थिर मानकर योजना नहीं बनाई जा सकती। शहरों को खुद को बदलना होगा। कहीं पर जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करना होगा, तो कहीं पानी बचाने की नीतियों को बढ़ाना होगा।

विश्व परिक्रमा

युद्ध और यौन हिंसा : इजराइली व रूसी बल काली सूची में

जनसत्ता संवाद

दुनियाभर के संघर्षों में यौन हिंसा के मामलों को दर्ज करने वाली संयुक्त राष्ट्र की एक वार्षिक रिपोर्ट में पहली बार इजराइली और रूसी बलों को शामिल किया गया। रिपोर्ट में इजराइल द्वारा फिलिस्तीनी बंदियों के साथ कथित दुर्व्यवहार का उल्लेख किया गया है। हालांकि, इजराइल ने इन आरोपों से इनकार किया है। 35 पन्नों की इस रिपोर्ट में 12 देशों के 77 सरकारी और गैर-सरकारी पक्षों को काली सूची में शामिल किया गया है, जिन पर संघर्ष के दौरान यौन हिंसा में शामिल होने या उसके लिए जिम्मेदार होने का संदेह है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2024 की तुलना में 2025 में ऐसे मामलों की संख्या काफी बढ़ी। रूस के सशस्त्र बलों को भी पहली बार सूची में शामिल किया गया है। उन पर यूक्रेन युद्ध के दौरान युद्धबंदियों और असैन्य बंदियों के साथ यौन हिंसा करने के आरोप लगे हैं। वर्ष 2025 की सूची में इजराइल की सेना और सुरक्षा बलों के साथ-साथ हमास के लड़ाके भी शामिल हैं। हमास को पहले ही सात अक्तूबर 2023 के हमले के बाद काली सूची में डाला जा चुका था।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने पिछले वर्ष रूस एवं इजराइल को चेतावनी दी थी कि उन्हें सूची में डाला जा सकता है। इजराइल और रूस के राजदूतों ने इस फैसले पर कड़ी आपत्ति जताई और गुतारेस की आलोचना की। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2025 में संयुक्त राष्ट्र ने इजराइल और फिलिस्तीन के कब्जे वाले क्षेत्रों में बंद फलस्तीनियों के खिलाफ यौन हिंसा के एक जैसे कई मामले दर्ज किए। इसमें पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के साथ यौन हिंसा, सामूहिक बलात्कार, जबरन नग्न करने और बलात्कार की धमकियों जैसे मामलों का उल्लेख है। इजराइल के विदेश मंत्रालय ने इन आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया।

जानें-समझें

क्वाड : नई दिल्ली सम्मेलन

ताकतवर देशों संग संतुलन की इबारत

जनसत्ता संवाद

हाल में नई दिल्ली में हुए क्वाड (भारत, अमेरिका, जापान और आस्ट्रेलिया) शिखर सम्मेलन में जो सहमतियां बनी हैं, उनके दूरगामी कूटनीतिक नतीजे निकलने की संभावना जताई जा रही है। वैश्विक स्तर पर अशांति के दौर में इस सम्मेलन को कूटनीतिक तालमेल की परीक्षा माना गया। नई दिल्ली की बैठक में हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लेकर जो सहमति बनी, उससे चीन की आक्रामक विस्तारवादी नीति पर लगाम कसने में मदद मिलेगी। इसके लिए चारों देश रणनीतिक और आर्थिक सहयोग को मजबूत करेंगे।

नई शुरुआत

इस बैठक ने एक तरह से क्वाड की वापसी की शुरुआत की, क्योंकि पिछले दशक के शुरुआत में चीन के सवाल पर चारों देशों की भू-राजनीतिक मजबूरियों और रणनीतिक दृष्टिकोण में मतभेदों से यह समूह बिखर गया था। वर्ष 2017 के बाद से, क्वाड ने संवाद के लिए प्राथमिक मंच के रूप में विदेश मंत्री स्तर पर बैठकें की हैं, जिससे मार्च 2021 में आभासी स्तर पर आयोजित पहले नेता-स्तरीय शिखर सम्मेलन का रास्ता खुला। वर्ष 2021 से 2023 के बीच दो बार क्वाड शिखर सम्मेलन आयोजित हुआ, लेकिन 2025 में नई दिल्ली में होने वाला सम्मेलन विफल रहने से यह गति थम गई थी।

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में सक्रियता

हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की व्यस्तताओं पर नजर डालने से पता चलता है कि तनाव और अनिश्चितताओं के बावजूद, क्वाड के भीतर अभियानों में बहुत कम परिचालन व्यवधान आया है। क्वाड साल भर सक्रिय रहा है, जिसमें गुआम के पास आयोजित मालाबार अभ्यास भी शामिल है। हाल ही में, अंतर-संचालनीयता और युद्ध की तैयारियों को बढ़ाने के उद्देश्य से किए गए अमेरिका-फिलीपींस बाल्टिक अभ्यास ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर वाशिंगटन के परिचालन फोकस के लचीलेपन को साबित किया है। अमेरिका में 2025 में लिए गए फैसलों से क्वाड पर असर दिखा। इनमें प्रमुख रहा शुल्क का मामला, जिसके बारे में डोनाल्ड ट्रंप ने क्वाड भागीदारों सहित कई देशों पर अनुचित लाभ उठाने का आरोप लगाया।

(फाइल फोटो)

क्वाड की कामयाबी इस बात पर निर्भर करती है कि वह क्षेत्रीय दिक्कतों को कितनी जल्दी समझता है और चारों देश मिलकर कितनी अच्छी तरह काम करते हैं। लोग अक्सर सवाल उठाते हैं कि यह समूह सुरक्षा पर ज्यादा ध्यान नहीं देता। इस पहलू पर ध्यान देना होगा।

- अजय बिसारिया, पूर्व राजनयिक

क्वाड ने समुद्र की निगरानी करने, आपदा के समय लोगों की मदद करने और आपस में साजो-सामान का तालमेल बढ़ाने जैसे जरूरी कामों में अच्छी तरक्की की है। क्वाड को व्यापक हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए सार्थक बनाना होगा। *- मीरा शंकर, अमेरिका में भारत की पूर्व राजदूत*

बड़े बदलाव

इस समय हिंद-प्रशांत इलाके में बड़े बदलाव हो रहे हैं। अमेरिका मध्य पूर्व की लड़ाइयों में फंसा हुआ है। इस वजह से सुरक्षा के सवाल पर सब परेशान हैं। इस इलाके के ज्यादातर देश अपनी सुरक्षा के लिए अमेरिका पर भरोसा करते हैं। ऐसे में अगर अमेरिका अपना हाथ पीछे खींचता है, तो वहां खाली जगह बन जाएगी। इस स्थिति का आकलन कर चीन अपना दबदबा और सेना बढ़ा रहा है। बाकी देश नए दोस्त और संगठन तो बना रहे हैं, पर अमेरिका जितनी ताकत किसी में नहीं है। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक सुदृढ़ सुरक्षा संरचना प्रदान करने के लिए पूरी तरह से वाशिंगटन पर निर्भर रहना अब उन देशों के लिए एक व्यावहारिक दृष्टिकोण नहीं रह गया है, जो इस क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था को बनाए रखने में रुचि रखते हैं।

चीन सागर का मुद्दा

क्वाड ने जो साझा घोषणापत्र पारित किया, उसमें पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर की स्थिति को लेकर चिंता जताई गई। कहा गया है, 'हम क्षेत्र में शांति और स्थिरता को खतरे में डालने वाली किसी भी अस्थिरता पैदा करने वाली या एकतरफा कार्रवाई, जिसमें बल या दबाव द्वारा की गई कार्रवाई भी शामिल है, का कड़ा विरोध दोहराते हैं। हम खतरनाक और दबावपूर्ण कार्रवाइयों के संबंध में चिंता व्यक्त करते हैं, जिनमें संसाधन विकास में हस्तक्षेप, नौवहन और उड़ान की स्वतंत्रता में बार-बार बाधा डालना, सैन्य विमानों और तटरक्षक एवं समुद्री मिलिशिया जहाजों द्वारा खतरनाक युद्धाभ्यास, विशेष रूप से जल तोपों और फ्लेयर्स का असुरक्षित उपयोग, और दक्षिण चीन सागर में टक्कर मारना या अवरोध पैदा करना शामिल है।'

खनिजों पर सहयोग

चीन पर निर्भरता कम करने के लिए 'क्वाड क्रिटिकल मिनरल्स इनिशिएटिव फ्रेमवर्क' शुरू किया गया, ताकि सेमीकंडक्टर और बैटरी निर्माण में आवश्यक खनिजों की सुरक्षित आपूर्ति सुनिश्चित हो सके। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा, स्वतंत्र नौवहन और निगरानी समन्वय को मजबूत करने की रूपरेखा तैयार की गई है। क्षेत्र में स्थिरता बनाए रखने के लिए हिंद-प्रशांत ऊर्जा सुरक्षा पर विशेष बल दिया गया और एक साझा ढांचा तैयार किया गया है। व्यापार में व्यवधान और एकाधिकार को रोकने के लिए सुदृढ़ एवं सुरक्षित आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने पर सहमति बनी। इस बैठक से यह स्पष्ट संदेश गया कि क्वाड अब केवल रणनीतिक विचार-विमर्श का मंच नहीं रहा, बल्कि हिंद-प्रशांत क्षेत्र में नियम-आधारित व्यवस्था को कायम रखने के लिए एक व्यावहारिक और ठोस गठबंधन बन गया है।

व्यक्तित्व

ईशा : निशानेबाजी में रचा इतिहास, विश्व रिकार्ड के साथ जीता सोना

जनसत्ता संवाद

भारत की युवा निशानेबाज ईशा सिंह ने जर्मनी के म्यूनिख में देश की शान बढ़ा दी। 21 साल की ईशा ने 'आइएसएसएफ वर्ल्ड कप 2026' में महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा का स्वर्ण पदक जीतकर विश्व रिकार्ड बना डाला। फाइनल में ईशा ने 50 में से 43 सटीक निशाने लगाए और उन्होंने सीनियर एवं जूनियर दोनों श्रेणियों का विश्व रिकार्ड अपने नाम कर लिया। म्यूनिख में खेले गए फाइनल में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन यांग जी-इन भी मौजूद थीं। वहां ईशा ने जिस आत्मविश्वास और निरंतरता के साथ निशाने लगाए, उसके सामने बाकी सभी निशानेबाज फीके पड़ गए।

ईशा सिंह ने फाइनल की शुरुआत ही धमाकेदार अंदाज में की। उन्होंने लगातार तीन सटीक निशानों की सीरीज लगाईं और शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बना ली। 'एलिमिनेशन राउंड' में जहां बड़े-बड़े नाम दबाव में चूकते दिखे, वहीं ईशा मजबूत दिखीं। हर राउंड के साथ उनका आत्मविश्वास साफ नजर आ रहा था। आखिर में उनका स्कोर 43 हिट्स तक पहुंचा, जो महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में अब नया विश्व रिकार्ड है। इस प्रदर्शन ने उन्हें सिर्फ गोल्ड मेडल ही नहीं दिलाया, बल्कि सीधे 'आइएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल' के लिए भी क्वालिफाई करा दिया, जो इस साल रोम में खेला जाएगा।

ईशा का यह प्रदर्शन इसलिए भी बेहद खास माना जा रहा है क्योंकि उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में पांचवें स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। असली धमाका उन्होंने फाइनल में किया, जहां उनका खेल पूरी तरह अलग स्तर पर पहुंच गया। ओलंपिक में सोना जीतने वाली यांग जी-इन ने क्वालिफिकेशन में शानदार स्कोर बनाया था और उन्हें खिताब का प्रबल दावेदार माना जा रहा था। लेकिन फाइनल में वह अपनी लय बरकरार नहीं रख सकीं और पांचवें स्थान पर खिसक गईं। ईशा की इस ऐतिहासिक जीत ने पूरे भारत को गर्व महसूस कराया। उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने भी उनके प्रदर्शन से प्रभावित नजर आए और उन्होंने सोशल मीडिया पर ईशा की जमकर तारीफ की।

ईशा के पदक से भारत ने टूर्नामेंट में 10 ओलंपिक स्पर्धाओं में ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए एक स्वर्ण, चार रजत और दो कांस्य पदक हासिल किए। भारत कुल मिलाकर तीन स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य पदकों के साथ तालिका में तीसरे स्थान पर रहा, जबकि चीन 10 स्वर्ण पदकों के साथ पहले और कोरिया छह स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे स्थान पर रहा।

ईशा का यह इस साल का तीसरा व्यक्तिगत आइएसएसएफ पदक था। इससे पहले उन्होंने विश्व कप चरण में स्वर्ण और रजत पदक जीता था। अब वे दिसंबर में दोहा में आइएसएसएफ विश्व कप फाइनल में हिस्सा लेंगी।

जेईई एडवांस्ड 2026 के परिणाम घोषित : लड़कियों में अरोही देशपांडे शीर्ष पर रहीं

शुभम कुमार मेधा सूची में अव्वल

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (एडवांस्ड) 2026 के नतीजे सोमवार को घोषित हुए, जिसमें दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने 360 में से 330 अंक हासिल करके शीर्ष स्थान प्राप्त किया जबकि लड़कियों में अरोही देशपांडे ने बाजी मारी। जेईई (एडवांस्ड) 2026 में कुल 56,880 अभ्यर्थी सफल हुए, जिनमें 10,107 छात्राएं और 46,773 छात्र शामिल हैं। जेईई (एडवांस्ड) देश के भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आइआइटी) और अन्य प्रमुख इंजीनियरिंग संस्थानों में स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए मुख्य परीक्षा है।

परीक्षा में शामिल हुआ अकेला 'थर्ड जेंडर' छात्र सफल नहीं हो सका। दिव्यांग श्रेणी में 3,052 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 2,864 ने दोनों पेपर दिए और 887 सफल रहे। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) दिल्ली जोन के शुभम कुमार ने कामन रैंक लिस्ट (सीआरएल) में 360 में से 330 अंक हासिल करके पहला स्थान प्राप्त किया। इसी जोन की अरोही देशपांडे शीर्ष रैंक हासिल करने वाली छात्रा बनीं। उन्होंने 360 में से 280 अंक प्राप्त करके पूरे देश में 77वीं रैंक हासिल की।

कबीर छिल्लर ने 329 अंक प्राप्त करके दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि जतिन चाहर 319 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहे। शीर्ष स्थान पर रहे शुभम कुमार ने कहा कि मैं दो वर्ष से जेईई एडवांस्ड की तैयारी कर रहा था और मुझे उम्मीद थी कि मेरी मेहनत अच्छी रैंक दिलाएगी। अब जब मैंने पूरे देश में पहला स्थान हासिल कर लिया है तो बहुत खुशी हो रही है।

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की द्वारा जारी परिणाम आंकड़ों के अनुसार 1,87,389 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 1,79,694 अभ्यर्थियों ने 17 मई को आयोजित जेईई (एडवांस्ड) 2026 के दोनों पेपर दिए। जोनवार परिणामों में आइआइटी मद्रास जोन से सर्वाधिक 14,294 अभ्यर्थी सफल हुए, इसके बाद आइआइटी बांबे से 12,389 और आइआइटी दिल्ली से 10,697 अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की।

शुभम कुमार

आरोही देशपांडे।

सफल विद्यार्थी 'जोसा 2026 काउंसलिंग' के लिए पंजीकरण करें : आइआइटी रुड़की

आइआइटी रुड़की ने सभी जेईई एडवांस्ड पात्रता हासिल करने वाले अभ्यर्थियों से काउंसिलिंग प्रक्रिया में पंजीकृत होने को कहा है। संस्थान के अनुसार, जो अभ्यर्थी परीक्षा में सफल रहे हैं, वे कक्षा 12 की परीक्षा में आए अंकों या प्रतिशत की परवाह किए बिना 'जोसा 2026 काउंसलिंग' प्रक्रिया के लिए पंजीकरण जरूर करें। इससे उन हजारों विद्यार्थियों को राहत मिली है जो बोर्ड परीक्षा के अंकों की वजह से अपनी पात्रता को लेकर असमंजस में थे। अब ऐसे सभी विद्यार्थी काउंसलिंग के शुरुआती दौर का हिस्सा बनकर अपनी दावेदारी पेश कर सकेंगे।

महाराष्ट्र : 'लाडकी बहिन' योजना से 80 लाख महिलाएं बाहर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

मुख्यमंत्री लाडकी बहिन योजना के लिए आनलाइन माध्यम से केवाईसी की अंतिम तिथि बीत जाने के बाद 80 लाख महिलाएं इस योजना से बाहर हो गई हैं। इसे लेकर विपक्षी दलों ने तीखे आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार 'गंभीर वित्तीय संकट' के कारण लाभार्थियों को योजना से बाहर कर रही है।

विपक्ष ने लगाया 'वित्तीय संकट' का आरोप

एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि हालांकि, 30 अप्रैल की 'ई-केवाईसी' समयसीमा के बाद लाभार्थियों की संख्या 2.4 करोड़ से घटकर करीब 1.7 करोड़ रह गई है, लेकिन यह कटौती केवल 'ई-केवाईसी' न कराने के कारण नहीं, बल्कि पात्रता मानदंडों का पालन न करने से भी जुड़ी है। सरकार ने लाभार्थियों को ई-केवाईसी पूरी करने के लिए आठ महीने का समय दिया था।

करीब 50 से 55 लाख महिलाओं ने यह प्रक्रिया पूरी ही नहीं की, जबकि दो से तीन लाख ने इस दौरान अपनी त्रुटियां सुधारीं। इसके अलावा, करीब 12 लाख महिलाएं आयकर दाता पाई गईं, जो 2.5 लाख रुपए की वार्षिक आय सीमा से अधिक हैं और 4.5 लाख से अधिक महिलाएं 65 वर्ष की अधिकतम आयु सीमा पार कर चुकी थीं। करीब पांच लाख महिलाएं पहले से नमो शेतकरी योजना का लाभ उठा रही हैं।

'ई-केवाईसी' पूरी करने के बावजूद मासिक किस्त न मिलने की शिकायतों पर अधिकारी ने कहा कि वास्तविक लाभार्थियों की अंतिम संख्या एक सप्ताह में स्पष्ट हो जाएगी और शिकायतों का पुनः सत्यापन किया जा रहा है।

उन्होंने यह भी खारिज किया कि 80 लाख महिलाओं को केवल ई-केवाईसी न कराने के आधार पर योजना से हटाया गया है। वहीं, विपक्षी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद गुट) नेता जयंत पाटिल ने दावा किया कि योजना से लाभार्थियों को हटाना राज्य के 'गंभीर वित्तीय संकट' को दर्शाता है।

पाटिल ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनावों में सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन के खराब प्रदर्शन के बाद और विधानसभा चुनावों से पहले इस योजना को लागू किया गया था जिसके तहत महिलाओं को 1,500 रुपए मासिक सहायता दी जाती है।

सुप्रीम कोर्ट में पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति, संख्या बढ़कर 37

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को पांच नए न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई और इसी के साथ शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर 37 हो जाएगी। यह संख्या बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या 38 से एक कम है।

केंद्रीय विधि मंत्रालय के न्याय विभाग द्वारा सोमवार सुबह जारी अलग-अलग अधिसूचनाओं के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट की वरिष्ठ अधिवक्ता वेंकिता सुब्रमणि मोहना, बंबई उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री चंद्रशेखर, पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शील नागू, मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजीव सचदेवा और जम्मू कश्मीर एवं लद्दाख उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अरुण पल्ली को शीर्ष अदालत का न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। उनके शपथ लेने और पदभार ग्रहण करने के बाद उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों की संख्या औपचारिक रूप से 37 हो जाएगी।

यह संख्या बढ़ाई गई स्वीकृत संख्या 38 से एक कम है।

सरकार ने पिछले महीने एक कानून में संशोधन के लिए अध्यादेश जारी किया था जिसके तहत प्रधान न्यायाधीश सहित शीर्ष अदालत में न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या 34 से बढ़ाकर 38 कर दी गई। न्यायालय में पहले से ही दो पद खाली थे। स्वीकृत संख्या बढ़ाए जाने के बाद शीर्ष अदालत में कुल पद रिक्त छह हो गए थे। उच्चतम न्यायालय में सोमवार को पांच नियुक्तियों के बाद एक पद रिक्त रहेगा। सुप्रीम कोट कालेजियम ने 27 मई को इन पांच नामों की सिफारिश की थी और चार दिन के भीतर नियुक्तियां कर दी गईं।

कार्यक्रम

आंध्र प्रदेश में काकीनाडा जिले के चामवरम में गरीब जन सेवा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू (दाएं)।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कहा

सावधान, सीबीएसई में जेबकतरे बैठे हैं

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 'आन-स्क्रीन मार्किंग' (ओएसएम) प्रणाली को लेकर दावा किया कि आज छात्र को अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच के लिए 2000 रुपए तक खर्च करने पड़ सकते हैं। आरोप लगाया है कि सीबीएसई में जेबकतरे बैठे हैं, जिनसे सावधान रहने की जरूरत है। सोमवार को राहुल गांधी ने 'एक्स' पर लिखा कि जेबकतरों से सावधान, आज वो सीबीएसई के अंदर बैठे हैं। उन्होंने पूछा कि सीबीएसई की गलती से नंबर गलत आए तो आपको क्या मिलता है?

राहुल गांधी ने कहा कि एक बिल है, इसमें प्रति विषय डिजिटल स्कैन कापी का खर्च 100 रुपए, फिर से कुल करने का खर्च प्रति पेपर 100 रुपए और पुनर्मूल्यांकन का खर्च प्रति प्रश्न 25 रुपए है। उन्होंने कहा कि अपनी ही उत्तर पुस्तिका की सही जांच के लिए एक बच्चे को 2000 रुपए तक भरने पड़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि सोचिए, जब चार लाख बच्चों ने ऐसे आवेदन डालें हैं तो सीबीएसई कितनी कमाई कर रहा है। जब स्कैनिंग फोन से हुई हो, गलत मार्किंग तय है और उसे ठीक करवाने की कीमत बच्चा भर रहा है।

कांग्रेस का आरोप जानबूझकर कमजोर की थी निविदा प्रक्रिया

मीडिया और प्रचार के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। कांग्रेस ने सवाल किया कि शिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में 36 बड़ी कमियों की चेतावनी दिए जाने के बावजूद, सीबीएसई ने इसे छात्रों पर क्यों थोपा? कोएम्प्ट कंपनी को ठेका देने से पहले टेंडर की शर्तों, स्कैन गुणवत्ता और साइबर सुरक्षा मानकों में ढील देने का आदेश किसने दिया था? उन्होंने बताया कि आन-स्क्रीन मार्किंग के लिए ठेकेदार ढूंढने से पहले सीबीएसई को तीन अलग-अलग निविदा जारी करनी पड़ी, पहले निविदा में कोई बोली नहीं लगी और दूसरे में तकनीकी रूप से योग्य बोली लगाने वाला नहीं मिला।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा

कंप्यूटर से नहीं होगी नीट-यूजी की पुनर्परीक्षा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

सुप्रीम कोर्ट ने 21 जून को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2026 पुनः परीक्षा कंप्यूटर के जरिए आयोजित कराने संबंधी याचिका को स्वीकार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी (एनटीए) पहले से ही कई समस्याओं का सामना कर रही है।

न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की पीठ ने राजद सांसद सुधाकर सिंह और अन्य की याचिका को 27 जुलाई को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करते हुए नीट-यूजी को मौजूदा कलम-कागज पद्धति के बजाय कंप्यूटर के जरिए आयोजित करने का आदेश देने से इनकार कर दिया। एनटीए ने 12 मई को, प्रश्न पत्र लीक से जुड़े आरोपों के बीच मेडिकल कालेजों में प्रवेश के लिए 3 मई को आयोजित नीट-यूजी को रद्द कर दिया था। फिलहाल इस मामले की जांच सीबीआइ कर रही है।

नीट पुनर्परीक्षा को साफ-सुथरे तरीके से कराया जाए : संसदीय समिति

संसद की एक स्थायी समिति ने सोमवार को राष्ट्रीय परीक्षा एजंसी के अधिकारियों से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि 21 जून को 'नीट-स्नातक' की पुनर्परीक्षा पारदर्शी और साफ-सुथरे तरीके से हो। एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह और शिक्षा मंत्रालय के कुछ अन्य अधिकारी शिक्षा, महिला, बाल, युवा और खेल संबंधी स्थायी समिति के समक्ष उपस्थित हुए। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह इस समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-स्नातक' की 21 जून को फिर से होने वाली परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन की जिम्मेदारी ली है। ऐसे में उम्मीद की जानी चाहिए कि पेपर लीक नहीं होगा, लेकिन यदि यह होता है तो फिर उनका इस्तीफा मांगा जाएगा।

भाजपा की बैठक में राज्यसभा और विधानसभा चुनावों पर चर्चा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) राज्यसभा और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों पर आगे की रणनीतिक तैयारी में जुट गई है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को दिल्ली में पार्टी मुख्यालय पर राज्य इकाइयों के अध्यक्षों के साथ 18 जून को होने वाले राज्यसभा चुनाव और मिशन 2027 को लेकर मंथन किया। दस राज्यों में राज्यसभा की 24 सीटों के लिए चुनाव 18 जून को होने वाले हैं।

रविवार को भाजपा कोर ग्रुप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चर्चा इन चुनावों के साथ-साथ विधान परिषदों में होने वाले आगामी चुनावों के मद्देनजर काफी अहम मानी जा रही है। सूत्रों के मुताबिक राज्य इकाइयों के अध्यक्षों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन की इस पर बातचीत हुई।

भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने बताया कि बैठक में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 12 वर्षों, संगठन के विस्तार, जमीनी स्तर पर पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने तथा समाज के विभिन्न वर्गों तक संगठन की पहुंच को व्यापक करने के उद्देश्य से भविष्य की पहलों पर हुई अहम चर्चाओं के बारे में बताया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि भाजपा की राज्य-स्तरीय गतिविधियों के आकलन के अलावा, वरिष्ठ नेताओं से संगठन के विस्तार से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

पेज 1 का बाकी

'भारत के सुरक्षा हितों के खिलाफ म्यांमा की धरती का इस्तेमाल नहीं होने दिया जाएगा'

संबंधों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक वार्ता की। आंग ह्लाइंग पांच दिवसीय भारत यात्रा पर हैं। वार्ता के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि म्यांमा भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट' (पड़ोसी पहले), 'एक्ट ईस्ट' और 'महासागर' (क्षेत्रों में सुरक्षा और विकास के लिए आपसी और समग्र प्रगति) नीतियों के संगम पर स्थित है।

चर्चाओं में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के महत्त्व पर जोर दिया गया, जिसमें व्यापार और आर्थिक संबंध, रक्षा और सुरक्षा, सीमा प्रबंधन, विकास सहायता और सांस्कृतिक आदान-प्रदान शामिल हैं। दोनों पक्षों ने विभिन्न द्विपक्षीय समझौतों और समझौता ज्ञापनों पर चल रही चर्चाओं का संज्ञान लिया और उनके शीघ्र निष्कर्ष की उम्मीद जताई। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर संपर्क से इस क्षेत्र में आपसी लाभ वाले आर्थिक संबंध और साझा समृद्धि को बढ़ावा मिलेगा। इस संबंध में, दोनों पक्षों ने कलादान मल्टी-माडल ट्राजिट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट और भारत-म्यांमार-थाईलैंड त्रिपक्षीय राजमार्ग को पूरा करने की दिशा में मिलकर काम करने के महत्त्व पर सहमति जताई।

म्यांमा में संसदीय चुनावों के बाद राष्ट्रपति बनने के दो महीने से भी कम समय में वह भारत यात्रा पर आए हैं। सत्ताधारी सैन्य जुंटा के खिलाफ वर्षों से जारी विरोध प्रदर्शनों के बाद ये चुनाव दिसंबर और जनवरी में कराए गए। सैन्य जुंटा ने एक फरवरी, 2021 को तख्तापलट कर आंग सान सू ची की लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार को बेदखल कर दिया था।

सूची के बारे में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने यात्रा पर आए राष्ट्रपति के साथ इस मुद्दे को उठाया और चर्चा मुख्य रूप से म्यांमा में जारी शांति प्रक्रिया के संदर्भ में हुई थी। इस मुद्दे पर भारत के निरंतर रुख को स्पष्ट करते हुए विदेश सचिव ने कहा कि भारत स्थायी शांति, समावेशिता और सभी हितधारकों को बातचीत की मेज पर लाने की आवश्यकता का समर्थन करता रहा है।

तमिलनाडु : भाजपा छोड़ेंगे अन्नामलाई

सोमवार को कहा कि आगामी दो दिन में वह अपनी स्थिति स्पष्ट करेंगे। अन्नामलाई ने दिल्ली रवाना होने से पहले चेन्नई हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत के दौरान नई राजनीतिक पार्टी बनाने की अटकलों के बारे में पूछे जाने पर कहा कि 'वह दो दिनों में जवाब देंगे और अपना रुख स्पष्ट करेंगे।

चर्चाओं से परिचित एक शीर्ष सूत्र ने बताया, 'वे आइपीएस से इस्तीफा देने के बाद भाजपा द्वारा दिए गए अवसरों, अनुभवों और राजनीतिक सफर के लिए नेतृत्व को धन्यवाद देना चाहते हैं।' यदि मंगलवार को इस घटनाक्रम की औपचारिक रूप से पुष्टि हो जाती है, तो यह अभिनेता से राजनेता बने सी जोसेफ विजय की चुनावी जीत के बाद से तमिलनाडु में सबसे महत्वपूर्ण राजनीतिक बदलावों में से एक होगा, जिसने राज्य के राजनीतिक परिदृश्य को पुनर्व्यवस्थित किया और लगभग हर प्रमुख राजनीतिक दल के भीतर नए सवाल खड़े कर दिए। कई हफ्तों से अन्नामलाई के भविष्य को लेकर अटकलें चेन्नई और दिल्ली दोनों जगह राजनीतिक चर्चाओं का मुख्य विषय बनी हुई थीं। हालांकि अफवाहें बढ़ती ही जा रही थीं, लेकिन अन्नामलाई ने आमतौर पर ऐसी अटकलों को शांत करने के लिए दिए जाने वाले स्पष्ट खंडन से परहेज किया।

भाजपा के अंदरूनी हलकों में, चर्चा धीरे-धीरे इस बात से हटकर कि अन्नामलाई नाखुश थे या नहीं, इस बात पर केंद्रित हो गई कि वास्तव में वह क्या चाहते थे। पार्टी के आंतरिक मामलों से परिचित कई नेताओं ने बताया कि अन्नामलाई ने पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व को जो संदेश दिया था, वह संक्षेप में दो विकल्पों तक सीमित हो गया था: या तो उन्हें उस पद पर बहाल किया जाए जहां वे कम से कम सात वर्षों के लिए दीर्घकालिक स्वायत्तता और अधिकार के साथ तमिलनाडु में भाजपा का नेतृत्व कर सकें, या उन्हें एक अलग राजनीतिक मार्ग अपनाने की अनुमति दी जाए।

व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर 42 रुपए महंगा

घरेलू एलपीजी सिलेंडर की कीमत 913 रुपए ही है, जो मार्च की शुरुआत से लागू है। पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। पिछले महीने इनमें लगभग 7.50 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी।अंतरराष्ट्रीय उड़ान संचालित करने वाली विमानन कंपनियों के लिए विमान ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में सोमवार को 27 फीसद की भारी कटौती की गई जिससे इन्हें बड़ी राहत मिलेगी।

घरेलू कंपनियों के लिए एटीएफ दरों में लगातार दूसरे महीने कोई बदलाव नहीं किया गया। उद्योग सूत्रों के अनुसार, इस कटौती से अंतरराष्ट्रीय कंपनियों के लिए विमान ईंधन की कीमत 400 डालर प्रति किलोलीटर से अधिक घटकर करीब 1,100 डालर प्रति किलोलीटर रह गई। इन विमानन कंपनियों के लिए एटीएफ दरें एक मई को 76.55 डालर बढ़ाकर 1,511.86 डालर प्रति किलोलीटर की गई थीं।

बंगाल : 35 विधायकों ने ली मंत्री पद की शपथ

कोलकाता, 1 जून (भाषा)।

भाजपा विधायक स्वपन दासगुप्ता, तापस राय और शंकर घोष उन 35 विधायकों में शामिल हैं, जिन्होंने पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल के विस्तार के तहत सोमवार को मंत्री पद की शपथ ली। विभागों का बंटवारा मंगलवार को किया जाएगा। राज्य में पहली भाजपा सरकार की विस्तारित मंत्रिपरिषद में भौगोलिक, जातीय और लैंगिक आधार पर सावधानीपूर्वक संतुलन स्थापित किया गया है।

बंगाल मंत्रिमंडल विस्तार, विभागों का बंटवारा आज।

राज्यपाल आरएन रवि ने यहां लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम में 35 विधायकों को मंत्री पद की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, मंत्रिमंडल के मौजूदा सदस्य और राज्य प्रशासन के वरिष्ठ नौकरशाह उपस्थित थे। भाजपा के 13 विधायकों ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली, जबकि तीन को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और 19 अन्य को राज्य मंत्री के रूप में मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया।

कैबिनेट मंत्री तापस राय ने बताया कि मंत्रियों के विभागों का बंटवारा बुधवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाली बैठक में होगा। मुख्यमंत्री के अलावा पांच कैबिनेट मंत्रियों ने नौ मई को शपथ ली थी। मंत्रिपरिषद के सदस्यों की कुल संख्या वर्तमान में 41 है, जो 294 सदस्यीय राज्य विधानसभा में संविधान द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा 44 से तीन कम है। मंत्रिपरिषद के सदस्य बंगाल के समाज के विभिन्न वर्गों से हैं। भाजपा ने बिधाननगर सीट जीतने वाले कैंसर रोग विशेषज्ञ शरदवत मुखर्जी और खरदाहा के प्रोफेसर कल्याण चक्रवर्ती को कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल किया है।

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते का पहला चरण लगभग तय

विश्वास जताया कि इन मुद्दों के सुलझने के बाद दोनों देश बीटीए के पहले चरण को अंतिम रूप देकर जल्द ही उस पर हस्ताक्षर करेंगे। वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व वहां के मुख्य वार्ताकार ब्रेंडन लिंच कर रहे हैं, जबकि भारतीय टीम की कमान वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव दर्पण जैन के हाथों में है।

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के अनुसार, बचे हुए मुद्दों पर पूरी स्पष्टता आने के बाद अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर भारतीय वाणिज्य मंत्री से मुलाकात कर सकते हैं। इस बातचीत में अमेरिकी व्यापार कानून की धारा 301 के तहत लगाए गए शुल्क और इसके अंतर्गत चल रही जांच पर भी चर्चा होने की पूरी संभावना है।

दरअसल, अमेरिका की धारा 301 के तहत चल रही इस जांच के दायरे में भारत और चीन सहित दुनिया की लगभग 60 अर्थव्यवस्थाएं शामिल हैं। गोयल ने कहा कि पहला चरण संपन्न होने के बाद एक अधिक व्यापक व्यापार समझौते की दिशा में आगे की बातचीत शुरू की जाएगी।

दिन भर नहीं चला सीबीएसई का पुनर्मूल्यांकन पोर्टल

आधिकारिक पोर्टल पर लगातार 'रखरखाव के अधीन' संदेश प्रदर्शित होता रहा

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की ओर से पुनर्मूल्यांकन और सत्यापन प्रक्रिया शुरू करने की घोषित तिथि बाद भी सोमवार को दिन भर पोर्टल नहीं खुला। सीबीएसई के आधिकारिक पोर्टल पर लगातार 'रखरखाव के अधीन' संदेश प्रदर्शित होता रहा। इससे हजारों विद्यार्थी हलकान रहे। वे इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए प्रतीक्षारत रहे।

सीबीएसई सूत्रों ने कहा कि पुनर्मूल्यांकन पोर्टल जल्द चालू होने की उम्मीद है। पोर्टल को विद्यार्थियों के लिए सक्रिय करने से पहले तकनीकी और भुगतान संबंधी कार्य पूरे किए जा रहे हैं। सीबीएसई ने यह कहते हुए कि वह विद्यार्थियों के लिए एक सुचारु और त्रुटिरहित अनुभव सुनिश्चित करना चाहता है। पहले पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को स्थगित कर दिया था। सूत्रों के अनुसार, बोर्ड वर्तमान में आवेदकों के लिए पोर्टल खोलने से पहले सिस्टम को तकनीकी रूप से त्रुटिरहित बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। अधिकारियों द्वारा पोर्टल की कार्यक्षमता और भुगतान एकीकरण से संबंधित अंतिम जांच की जा रही है ताकि आवेदन प्रक्रिया शुरू होने के बाद कोई व्यवधान न हो। इस देरी से विद्यार्थियों में चिंता पैदा हो गई है, खासकर इंजीनियरिंग प्रवेश के अगले चरण की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों में।

12वीं कक्षा के जो भी विद्यार्थी अपने अंकों से संतुष्ट नहीं हैं, वे स्कैन कापियों के लिए आवेदन कर सकते हैं।

जेईई काउंसलिंग दो जून से शुरू होने वाली है और सीबीएसई के पुनर्मूल्यांकन पोर्टल सही से काम नहीं कर रहा है। कई विद्यार्थी उम्मीद कर रहे हैं कि अंकों के पुनर्मूल्यांकन या सत्यापन से उन्हें अपने स्कोर में सुधार करने और कुछ इंजीनियरिंग संस्थानों में प्रवेश के लिए आवश्यक 75 फीसद अंकों की आवश्यकता को पूरा करने में मदद मिल सकती है। परिणामस्वरूप, पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की देरी चिंता का विषय बन गई है।

कामधेनु वेंचर्स लिमिटेड

सीआईएनः L51909HR2019PLC089207
पंजीकृत कार्यालयः द्वितीय तल, टावर ए, बिल्डिंग नंबर 9, डीएलएफ साइबर सिटी, फेज–III, गुरुग्राम (हरियाणा)–122002
फोनः 91-124-4604500
ईमेलः cs@kamdhenupaints.com वेबसाइटः www.kamdhenupaints.com

भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और अभौतिकीकरण के लिए विशेष विंडो

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि सेबी परिपत्र एचओ/38/13/11(2)2026–एमआईआरएसडी–पीओडी/आई/3750/2026 दिनांकित 30 जनवरी, 2026 के अनुसरण में भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं विभौतिकीकरण के लिए एक विशेष विंडो 5 फरवरी, 2026 से 4 फरवरी, 2027 तक एक वर्ष की अतिरिक्त अवधि के लिए खोली गयी है। यह सुविधा उन लॉजमेंट डीड के लिए उपलब्ध है जो 1 अप्रैल, 2019 से पहले निष्पादित किए गए थे और (i) हस्तांतरण के लिए दर्ज नहीं किए गए थे, या (ii) हस्तांतरण के लिए फाइल की गई थी, लेकिन दस्तावेजों/प्रक्रिया/या किसी और कमी के चलते अस्वीकृत कर दी गई/वापस कर दी गई/उन पर ध्यान नहीं दिया गया था। तदनुसार, 1 अप्रैल, 2019 से पहले निष्पादित वैध हस्तांतरण विलेख धारक प्रतिभूति धारकों से आवश्यक दस्तावेजों, मूल प्रतिभूति प्रमाणपत्र सहित इसे कंपनी के आरटीए नामतः स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी–153ए, पहला तल, ओखला इंडस्ट्रियल एरिया, फेज–I, नई दिल्ली–110020, दूरभाषः 011–40450193–97 और 011–26812682–83, ईमेल आईडीः admin@skylinerta.com के पास जमा करने की मांग की जाती है।
कृपया ध्यान दें कि इस तरह हस्तांतरित की गई प्रतिभूतियां हस्तांतरितों को केवल डीमैट मोड में ही क्रेडिट की जाएंगी और ये हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक–इन रहेंगी। उपरोक्त लॉक–इन पीरियड के दौरान, ऐसी प्रतिभूतियों को हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार मार्क/बंधक नहीं किया जाएगा।

वास्ते कामधेनु वेंचर्स लिमिटेड
हस्ता./–
[illegible]
दिनांक : 01–06–2026 — कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी
स्थान : गुरुग्राम — एसीएस : 73881

पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड

PARAMOUNT WIRES & CABLES
सीआईएनः L74899DL1994PLC061295
पंजीकृत कार्यालयः [illegible]
फोनः 011-45618800
ईमेलः pcl@paramountcables.com, वेबसाइटः www.paramountcables.com

असाधारण आम बैठक की सूचना में संशोधन

पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि दिनांक 13 मई, 2026 की सूचना के संदर्भ में कंपनी की असाधारण आम बैठक ("ईजीएम") ("ईजीएम सूचना") का आयोजन किया जा रहा है, जो शनिवार, 06 जून, 2026 को दोपहर 12:30 बजे (भारतीय समयानुसार) वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग ("वीसी") / अन्य ऑडियो–विजुअल माध्यमों ("ओएवीएम") के माध्यम से आयोजित की जाएगी, जिसमें सदस्यों की शारीरिक उपस्थिति नहीं होगी, और इसमें निर्धारित कार्यों पर चर्चा की जाएगी।
उक्त ईजीएम नोटिस कंपनी के सभी सदस्यों को 15 मई, 2026 को कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम"), उसके तहत बनाए गए नियमों और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ("एमसीए") और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड ("एसईबीआई") द्वारा जारी किए गए लागू परिपत्रों (सामूहिक रूप से "परिपत्र" के रूप में संदर्भित) के प्रावधानों के विधिवत अनुपालन में भेजा गया था।
सदस्यों को सूचित किया जाता है कि कंपनी ने प्रस्तावित 2,19,97,664 (दो करोड़ उन्नीस लाख सत्तानवे हजार छह सौ चौंसठ) इक्विटी शेयरों और 72,00,000 (बहत्तर लाख) गैर–सूचीबद्ध परिवर्तनीय वारंटों के अधिमान्य निर्गमन के लिए स्टॉक एक्सचेंजों से सैद्धांतिक स्वीकृति हेतु आवेदन प्रस्तुत किए हैं, जिसके लिए स्टॉक एक्सचेंजों की स्वीकृति मांगी जा रही है। इसके बाद, कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") से कुछ आपत्तियां प्राप्त हुई हैं।
तदनुसार, ईजीएम नोटिस में यह शुद्धिपत्र ("शुद्धिपत्र") जारी किया गया है और कंपनी के उन सदस्यों को 01 जून, 2026 को इलेक्ट्रॉनिक रूप से भेजा गया है जिनके नाम 30 मई, 2026 तक सदस्य रजिस्टर/लाभार्थी मालिकों की सूची में दर्ज हैं, और जिनके ईमेल पते कंपनी/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत हैं। यह शुद्धिपत्र एनएसई द्वारा प्राप्त टिप्पणियों के अनुरूप और एसईबीआई (पूंजी निर्गमन और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 ("आईसीडीआर विनियम"), अधिनियम के लागू प्रावधानों, उसके तहत बनाए गए नियमों और एमसीए द्वारा जारी परिपत्रों के अनुसार, ईजीएम नोटिस के मद संख्या 1 और 2 के व्याख्यात्मक विवरण में कुछ संशोधन और अद्यतन प्रदान करता है।
यह शुद्धिपत्र मूल ईजीएम सूचना का अभिन्न अंग है और इसे उसके साथ पढ़ा जाना चाहिए। ईजीएम सूचना की अन्य सभी सामग्री, कंपनी द्वारा जारी शुद्धिपत्र के माध्यम से संशोधित या स्पष्ट किए गए प्रावधानों को छोड़कर, अपरिवर्तित रहेंगी।
शुद्धिपत्र स्टॉक एक्सचेंजों, बीएसई लिमिटेड ("बीएसई") की वेबसाइट www.bseindia.com और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड ("एनएसई") की वेबसाइट www.nseindia.com पर तथा कंपनी की वेबसाइट www.paramountcables.com और एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट www.in.mpms.mufg.com पर उपलब्ध है।

पैरामाउंट कम्युनिकेशंस लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/–
राशि गोयल
स्थानः दिल्ली — कंपनी सचिव
दिनांकः 01.06.2026 — सदस्यता संख्याः एफसीएस 9577

सार्वजनिक सूचना

सभी संबंधितों को यह नोटिस दिया गया है और आम जनता को यह सूचित किया जाता है कि कंपनी को प्रस्तावित वाणिज्यिक भवन का निर्माण के लिए 21/29/2025 –आईए–III दिनांक 27/05/2026 को भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ("एमओईएफ") द्वारा पर्यावरण मंजूरी जारी की गई है। प्लॉट संख्या एपी–03–03, एयरोसिटी डाउनटाउन डिस्ट्रिक्ट, एयरोसिटी, इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, नई दिल्ली। उक्त पर्यावरण मंजूरी की प्रतियां एमओईएफसीसी/एसईआईएए परिवेश पोर्टल की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं https://parivesh.nic.in

Sd/-
M/s Zagros Developers Limited
3rd Floor, Worldmark 2, Asset 8, Aerocity, New Delhi – 110037
Phone No.: 011-41384000

ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड

Greenlam — www.greenlamindustries.com
पंजीकृत तथा कारपोरेट कार्यालयः 203, 2' फ्लोर, वेस्ट विंग, वर्ल्डमार्क 1, एरोसिटी, आईजीआई एयरपोर्ट, हॉस्पिटैलिटी डिस्ट्रिक्ट, नई दिल्ली– 110037, भारत
फोनः +91–11–4279–1399; CIN: L21016DL2013PLC386045
ईमेलः investor.relations@greenlam.com; वेबसाइटः www.greenlamindustries.com

भौतिक शेयरों के हस्तांतरण अनुरोध को पुनः दर्ज करने के लिए विशेष विंडो

सेबी परिपत्र संख्या एचओ/38/13/11(2)2026– एमआईआरएसडी–पीओडी/आई/3750/2026 दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसार, केवल भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए **05 फरवरी, 2026 से 04 फरवरी, 2027** तक एक वर्ष की अवधि के लिए भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैटरियलाइजेशन ("डीमैट") के लिए एक विशेष विंडो फिर से खोली गई है, जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 से पहले बेचा/खरीदा गया था और कंपनी/इसके रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट ("आरटीए") द्वारा दस्तावेजों/प्रक्रिया/अन्यथा में कमियों के कारण अस्वीकार/वापस कर दिया गया/विचार नहीं किया गया। इस प्रकार हस्तांतरित किए गए शेयरों को केवल डीमैट मोड में अंतरिती को अनिवार्य रूप से जमा किया जाएगा और हस्तांतरण के पंजीकरण की तारीख से एक वर्ष की अवधि के लिए लॉक–इन अवधि के तहत होगा। ऐसी प्रतिभूतियों को उक्त लॉक–इन अवधि के दौरान हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार–चिह्नित/गिरवी नहीं रखा जाएगा।
पात्र शेयरधारक आवश्यक दस्तावेजों के साथ कंपनी रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट, एमयूएफजी इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (जिसे पहले लिंक इंटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) को ई–मेलः delhi@in.mpms.mufg.com पर अपना अनुरोध प्रस्तुत कर सकते हैं।
शेयरधारकों को यह भी याद दिलाया जाता है कि वे अपने लावारिस लाभांश का दावा करें, जिनका सात वर्षों के भीतर दावा नहीं किया है, अन्यथा लाभांश और संबंधित शेयर दोनों नियामक मानदंडों के अनुसार निवेशक शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (आईईपीएफए) को हस्तांतरित कर दिए जाएंगे।
यह सूचना www.greenlamindustries.com, www.nseindia.com और www.bseindia.com पर भी देखी जा सकती है।

कृते ग्रीनलैम इंडस्ट्रीज लिमिटेड
हस्ता/–
प्रकाश कुमार बिस्वाल
दिनांकः 01 जून, 2026 — कंपनी सचिव और
स्थानः नई दिल्ली — वरिष्ठ उपाध्यक्ष– कानूनी

Mikasa Mikasa Mikasa Mikasa Mikasa MFC

स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट लिमिटेड,

पंजीकृत कार्यालयः बी–46, रिट्रीट अपार्टमेंट्स, 20, आई.पी. एक्सटेंशन, नई दिल्ली–110092
सीआईएनः L51100DL2012PLC235573 फोनः 0120-4258857
ईमेलः cs@stmpl.co.in वेबसाइटः www.stmpl.co.in

डाक मतपत्र सूचना

कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) की धारा 108 और 110 के साथ पठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और 22 (समय–समय पर संशोधित),कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इस संबंध में जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 एवं अन्य प्रासंगिक परिपत्रों (एमसीए परिपत्र), एसईबीआई (सूचीकरण दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 और ऐसे अन्य लागू कानूनों और विनियमों के तहत, स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट लिमिटेड ("कंपनी") के सदस्यों से दिनांक 27 मई, 2026 की डाक मतपत्र सूचना ("डाक मतपत्र सूचना") में उल्लिखित प्रस्तावों पर केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों ("ई–वोटिंग") से मतदान द्वारा अनुमोदन प्राप्त करने के लिए सूचित किया जाता है।

अतः सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

क) कंपनी ने सोमवार, 1 जून, 2026 को उन सभी सदस्यों को डाक मतपत्र सूचना का ऑनलाइन प्रेषण (केवल ईमेल के माध्यम से) पूरा कर लिया है, जिनके नाम सदस्य रजिस्टर/लाभार्थी स्वामित्व सूची में दर्ज हैं और जिन्होंने कंपनी के डिपॉजिटरी/कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) द्वारा शुक्रवार, 22 मई, 2026 ("कट–ऑफ तिथि") तक पंजीकृत ईमेल पते दर्ज किए हैं। यह प्रेषण अधिनियम के प्रावधानों, उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों और कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए लागू परिपत्रों ("एमसीए परिपत्र") के अनुसार किया गया है,

ख) एमसीए परिपत्रों के अनुसार, कंपनी अपने सदस्यों को नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") द्वारा प्रदान की गई ई–मतदान प्रक्रिया के माध्यम से केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से अपने मतदान के अधिकार का प्रयोग करने की सुविधा प्रदान कर रही है और सभी लेनदेन केवल इसी ई–मतदान प्रणाली के माध्यम से किए जाएंगे,

ग) डाक मतपत्र के लिए ई–मतदान बुधवार, 3 जून, 2026 (सुबह 9.00 बजे भारतीय समय) से शुरू होगा और गुरुवार, 2 जुलाई, 2026 (शाम 5.00 बजे भारतीय समय) को समाप्त होगा और उक्त समय और तिथि के बाद ई–मतदान मॉड्यूल की अनुमति नहीं होगी। एक बार किसी प्रस्ताव पर सदस्य द्वारा मतदान कर दिए जाने के बाद, सदस्य को बाद में इसे बदलने की अनुमति नहीं होगी,

घ) सदस्यों के मतदान अधिकार कट–ऑफ तिथि तक कंपनी की चुकता इक्विटी शेयर पूंजी में उनके हिस्से के अनुपात में होंगे। जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि तक सदस्य नहीं है, उसे इस डाक मतपत्र सूचना को केवल सूचना के उद्देश्य से समझना चाहिए,

ङ) अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए ई–वोटिंग प्रक्रिया के लिए,कंपनी ने कंपनी रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट, स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड (आरटीए) के साथ ईमेल पते के पंजीकरण हेतु उचित व्यवस्था की है। सदस्य अपना ईमेल पंजीकरण अनुरोध कंपनी को बे/जउचसणबवण्पद पर, या अपने संबंधित डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स (डीपी) को,या आरटीए को कउपद/ॅलसपदमतजंण्बवउ पर भेज सकते हैं,

च) निदेशक मंडल ने श्री कृष्णा राठी, प्रोप्राइटर – कृष्णा राठी एंड एसोसिएट्स, पूर्णकालिक कंपनी सचिव को डाक मतपत्र ई–वोटिंग की जांच के लिए स्क्रूटिनाइजर नियुक्त किया है,

छ) डाक मतपत्र सूचना कंपनी की वेबसाइट https://www.stmpl.co.in/investors/ ,एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting. nsdl.com और स्टॉक एक्सचेंज यानी नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड की वेबसाइट www.nseindia.com पर उपलब्ध है,

ज.) ई–वोटिंग का परिणाम रिमोट ई–वोटिंग अवधि की समाप्ति तिथि से दो कार्य दिवसों के भीतर घोषित किया जाएगा और कंपनी की वेबसाइट https://www.stmpl.co.in/investors/ पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा, इसकी सूचना एनएसडीएल, स्टॉक एक्सचेंज और आरटीए को भी दी जाएगी,

झ) ई–वोटिंग की प्रक्रिया को समझने के लिए, सदस्यों से अनुरोध है कि वे डाक मतपत्र सूचना के नोट्स पढ़ें या www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (थ्।फे) को देखें या एनएसडीएल की सहायक उपाध्यक्ष सुश्री पल्लवी म्हात्रे से टोल–फ्री नंबर 022–4886 7000 और 022–2499 7000 पर संपर्क करें या evoting@nsdl.com पर अनुरोध भेजें,

ट.) किसी भी शिकायत या प्रश्न के लिए, सदस्य कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी श्री आलोक पांडे को cs@stmpl.co.in पर या आरटीए को admin@skylinerta.com पर लिख सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
स्पेक्ट्रम टैलेंट मैनेजमेंट लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/–
दिनांक : 1 जून, 2026 — आलोक पांडे
स्थान : नोएडा — कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी

तेजस कार्गो इंडिया लिमिटेड

(पूर्व में तेजस कार्गो इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के नाम से ज्ञात)
सीआईएन : L60230HR2021PLC094052
पंजीकृत तथा कॉर्पोरेट कार्यालय : तृतीय तल, टावर बी, वाटिका माइंडस्केप 12/3, मथुरा रोड, सेक्टर–27डी, एनएच–2, फरीदाबाद, हरियाणा, 121003, भारत
दूरभाष : +91129–4144812, वेबसाइट : https://www.tcipl.in/,
ई–मेल : compliance.officer@tcipl.in

पोस्टल बैलट की सूचना

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अधिनियम 2013, यथा संशोधित ("अधिनियम") की धारा 108 तथा 110 के प्रावधानों तथा यदि कोई अन्य लागू प्रावधान हों, के अंतर्गत कंपनी (प्रबंधन तथा प्रशासन) नियम, 2014, यथा संशोधित के नियम 20 तथा 22, कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी सामान्य परिपत्र संख्या 03/2025 तिथि सितंबर 22, 2025 ("एमसीए परिपत्र"), भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा सामान्य बैठकों पर जारी सचिवीय मानक ("एसएस–2"), सेबी (सूचीबद्धता बाध्यताएं तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम 2015 के विनियम 44 तथा 47 एवं किसी भी अन्य लागू नियमों, कानूनों, परिपत्रों, अधिसूचनाओं तथा विनियमों (जिसमें वर्तमान में लागू कोई भी सांविधिक संशोधन या उसका पुनः अधिनियमन शामिल है) के अनुसरण में, केवल रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलट द्वारा प्रस्ताव पारित करके नीचे दिए गए व्यवसाय को निष्पादित करने के लिए कंपनी के सदस्यों की स्वीकृति प्राप्त करने हेतु सूचना दी जाती है।

क्र.सं.	प्रस्ताव का प्रकार	प्रस्ताव का विवरण
1.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(ग) के अंतर्गत बोर्ड की ऋण लेने की शक्तियों में वृद्धि को मंजूरी देना।	विशेष प्रस्ताव
2.	कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 180(1)(क) के अंतर्गत कंपनी की परिसंपत्तियों/ संपत्तियों आदि पर बंधक/ प्रभार सृजित करने के लिए बोर्ड को प्राधिकृत तथा सशक्त करना।	विशेष प्रस्ताव

लागू परिपत्रों के अंतर्गत पोस्टल बैलट सूचना तथा पोस्टल बैलट फॉर्म की भौतिक प्रति भेजने की आवश्यकता को समाप्त कर दिया गया है। व्यवसाय को केवल ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलट द्वारा निष्पादित किया जाना है तथा सदस्यों की सहमति या असहमति की सूचना केवल ई–वोटिंग के माध्यम से ही प्राप्त होगी।
सदस्यों के मतदान अधिकार उनके द्वारा धारित इक्विटी शेयरों के आधार पर गिने जाएंगे, जिसके लिए निर्धारित कट–ऑफ तिथि अर्थात् मई 22, 2026 तय की गई है। जो व्यक्ति कट–ऑफ तिथि को सदस्य नहीं है, उसे इस सूचना को केवल जानकारी के उद्देश्य से मानना चाहिए।
कंपनी ने सभी सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड ("एनएसडीएल") की सेवाएं ली हैं। सदस्यों से अनुरोध है कि वे ध्यान दें कि ई–वोटिंग मंगलवार, जून 02, 2026 को (प्रातः 9.00 बजे) से आरंभ होगी तथा बुधवार, जुलाई 01, 2026 को (सायं 5.00 बजे) समाप्त होगी, जिसके बाद ई–वोटिंग मॉड्यूल को निष्क्रिय कर दिया जाएगा।
कंपनी के निदेशक मंडल ("बोर्ड") ने निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया के माध्यम से पोस्टल बैलट का संचालन करने के लिए संवीक्षक ("स्क्रूटिनाइजर") के रूप में मैसर्स अभिषेक गुप्ता एंड एसोसिएट्स, कंपनी सचिव, को नियुक्त किया है।
पोस्टल बैलट सूचना कंपनी की वेबसाइट अर्थात् www.tcipl.in पर तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
पोस्टल बैलट के परिणाम की घोषणा अध्यक्ष या उनके द्वारा प्राधिकृत किसी भी व्यक्ति द्वारा ई–वोटिंग अवधि की समाप्ति से 48 घंटे के भीतर अर्थात् शुक्रवार, जुलाई 03, 2026 को या उससे पहले स्टॉक एक्सचेंज पर की जाएगी, जहां कंपनी के शेयर सूचीबद्ध हैं, तथा इसे संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट अर्थात् www.tcipl.in पर तथा नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर प्रदर्शित किया जाएगा।
जिन सदस्यों ने अभी तक अपना ई–मेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे कंपनी/आरटीए को सीधे ई–मेल भेजकर अपना ई–मेल पता पंजीकृत कराएं।
किसी भी प्रश्न की स्थिति में, आप शेयरधारकों के लिए प्रायः पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQs) तथा शेयरधारकों के लिए ई–वोटिंग उपयोगकर्ता नियमावली का संदर्भ ले सकते हैं जो www.evoting.nsdl.com के डाउनलोड अनुभाग पर उपलब्ध है या 022–4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं या evoting@nsdl.co.in पर एक अनुरोध भेज सकते हैं।
सदस्यों से अनुरोध है कि वे पोस्टल बैलट की सूचना में दिए गए सभी नोटों को ध्यानपूर्वक पढ़ें तथा विशेष रूप से, पोस्टल बैलट प्रक्रिया के दौरान रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से वोट डालने के अनुदेशों/अनुविधियों को पढ़ें।

कृते तेजस कार्गो इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
रवीना गुप्ता
स्थान : फरीदाबाद — कंपनी सचिव तथा अनुपालन अधिकारी
तिथि : जून 02, 2026 — सदस्यता सं.: ए46718

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड

बीएचईएल BHEL
सीआईएनः L74899DL1964GOI004281
पंजीकृत कार्यालयः "बीएचईएल हाउस", सीरी फोर्ट, नई दिल्ली–110049
दूरभाषः 011–66337598
वेबसाइटः www.bhel.com, ई–मेलः shareholderquery@bhel.in

नोटिस

(कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यान के लिए)
विषयः भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण और डीमैट करने के लिए विशेष अवसर

सेबी के 30 जनवरी 2026 के परिपत्र के अनुसार, भौतिक इक्विटी शेयरों के हस्तांतरण और डीमैट के लिए एक विशेष अवसर का प्रबंध किया गया है जहाँ ट्रांसफर डीड (हस्तांतरण विलेख) 01 अप्रैल 2019 से पहले निष्पादित की गयी है।
यह विशेष अवसर एक वर्ष की अवधि के लिए, यानी **05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027** तक उपलब्ध रहेगा। इस अवधि के दौरान प्राप्त सभी पात्र अनुरोधों को केवल डीमैट रूप में संसाधित किया जाएगा।
उपर्युक्त परिपत्र के अनुसार, 01 अप्रैल 2019 से पहले निष्पादित वैध ट्रांसफर डीड रखने वाले पात्र शेयरधारक अपने अनुरोध, आवश्यक दस्तावेजों के पूर्ण सेट के साथ, कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट को नीचे दिए गए पते पर जमा कर सकते हैं:
श्री विनोद यादव, मैसर्स बिगशेयर सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
यूनिटः भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड, कार्यालय नंबर S6–2, 6वीं मंजिल, पिनेकल बिजनेस पार्क, अहुरा सेंटर के नजदीक, महाकाली केव्स रोड, अंधेरी (पूर्व) मुंबई–400093
दूरभाषः 022–62638200 ई–मेलः **investor@bigshareonline.com**
वेबसाइटः **www.bigshareonline.com**
वैकल्पिक रूप से, शेयरधारक हमसे **shareholderquery@bhel.in** पर संपर्क कर सकते हैं।

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड की ओर से
हस्ता/–
स्थानः नई दिल्ली — डॉ. योगेश आर छाबड़ा
दिनांकः 1 जून 2026 — कंपनी सचिव

ओके प्ले इंडिया लिमिटेड

OK PLAY
सीआईएन नं.: L28219HR1988PLC030347
पंजीकृत कार्यालय : 17–18, रोज–का–मेयो इंडस्ट्रियल एस्टेट, तहसील नूंह, जिला मेवात, हरियाणा – 122103
वेबसाइट : www.okplay.in, ईमेल : info@okplay.in
दूरभाष : 011 41219090, फैक्स : 01146190090

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के पृथक एवं समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 30 मई, 2026 को आयोजित बैठक में 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के कंपनी के पृथक एवं समेकित अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का अनुमोदन किया है।
परिणाम, अंकेक्षकों की सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ कंपनी की वेबसाइट https://cdn.shopify.com/s/files/1/0940/8698/8090/files/Board_Meeting_-30_May_2026.pdf?v=1780313902 पर प्रदर्शित किये गये हैं तथा क्यूआर कोड को स्कैन करके देखे जा सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते ओके प्ले इंडिया लिमिटेड
हस्ता./–
राजन हांडा
तिथि : 30–05–2026
स्थान : सोहना — प्रबंध निदेशक

नोट : उपरोक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व तथा प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली 2015 के विनियम 47(1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुसार है।

एसएमसी क्रेडिट्स लिमिटेड

24, अशोका चैम्बर्स, 5–बी, राजिन्द्रा पार्क, पूसा रोड, नई दिल्ली–110060
सीआईएनः L65910DL1992PLC049566
ईमेल आईडीः smccorp011@gmail.com

31 मार्च, 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित एकल वित्तीय परिणामों का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने 30 मई, 2026 को सम्पन्न बैठक में, 31 मार्च, 2026 को समाप्त चौथी तिमाही और वित्तीय वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणाम अनुमोदित कर दिए हैं।
ये परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट नामतः www.bseindia.com (URL : https://www.bseindia.com/xml-data@corpfiling/AttachLive/de3a1f53-960a&4a25-bd1d-df62d0fe8ac7-pdf) और कंपनी की वेबसाइट नामतः www.smccredits.com (URL :& https://www.smccredits.com/ productpic-ture/138SMC%20Audited%20Result%20Year%20E nded%20FY%202025&26-compressed%20(1).pdf) पर उपलब्ध हैं।
उक्त परिणाम दिए गए क्विक रिस्पॉन्स कोड को स्कैन करके भी देखे जा सकते हैं :

बोर्ड के आदेश द्वारा
एसएमसी क्रेडिट्स लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
राजेश गोयनका
स्थान : नई दिल्ली — पूर्ण कालिक निदेशक एवं सीएफओ
दिनांक : 30 मई, 2026 — डीआईएन : 00296227

नोट – उपर्युक्त सूचना सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 47(1) के साथ पठित विनियम 33 के अनुसार है

हिंदुस्तान इंसुलेटर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड

सीआईएनः L31300DL1959PLC003141
पंजीकृत कार्यालयः कंचनजंगा, सातवीं मंजिल, 18, बाराखंबा रोड, नई दिल्ली, 110001, भारत,
टेलीफोनः +91–11–23310001, 02, 04 और 05, वेबसाइटः www.hindusthaninsulators.com,
ईमेलः investors@hindusthan.co.in

डाक मतपत्र और दूरस्थ ई–मतदान की सूचना

हिंदुस्तान इंसुलेटर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड (श्कंपनीश) के सदस्यों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 ('अधिनियम') की धारा 108 और 110 के अनुसार, कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और नियम 22 (संशोधित रूप में) और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियम 44, सामान्य परिपत्र संख्या 09/2024 दिनांक 19 सितंबर, 2024, 03/2025 दिनांक 22 सितंबर, 2025 और इस संबंध में भारत सरकार के कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय द्वारा जारी किए गए अन्य सभी प्रासंगिक परिपत्रों ("एमसीए परिपत्र") और अधिनियम, नियमों, परिपत्रों और उसके अंतर्गत जारी अधिसूचनाओं (समय–समय पर लागू किसी भी वैधानिक संशोधन या पुनःअधिनियमन सहित) के अन्य लागू प्रावधानों के अनुसार, 27 मई, 2026 को जारी डाक मतपत्र सूचना में उल्लिखित बोनस शेयरों के निर्गमन से संबंधित साधारण प्रस्ताव को डाक मतपत्र/इलेक्ट्रॉनिक मतदान के माध्यम से पारित करने हेतु कंपनी के सदस्यों के विचारार्थ प्रस्तुत किया जाता है। प्रस्तावों से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों और ई–मतदान के निर्देशों को दर्शाने वाला विस्तृत व्याख्यात्मक विवरण उक्त डाक मतपत्र/ई–मतदान सूचना (सूचना') में दिया गया है।
डाक मतपत्र सूचना, स्पष्टीकरण और दूरस्थ ई–मतदान के लिए निर्देश, कंपनी के उन सदस्यों को सोमवार, 1 जून, 2026 को केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से भेजे गए हैं, जिनके नाम डिपॉजिटरी से प्राप्त शुक्रवार, 29 मई, 2026 (श्कट–ऑफ तिथिश) तक सदस्य रजिस्टर/लाभार्थी मालिक रजिस्टर में दर्ज हैं और जिनका ई–मेल पता कंपनी/रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट/डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट्स/डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है। इस डाक मतपत्र सूचना की प्रति कंपनी की वेबसाइट www.hindusthaninsulators.com, बीएसई लिमिटेड ('स्टॉक एक्सचेंज') की वेबसाइट www.bseindia.com और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी उपलब्ध है।
कंपनी ने अपने सदस्यों को ई–वोटिंग सुविधा प्रदान करने के लिए नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) की सेवाएं ली हैं। दूरस्थ ई–वोटिंग मंगलवार, 2 जून, 2026 को सुबह 9: 00 बजे (भारतीय समयानुसार) शुरू होगी और बुधवार, 1 जुलाई, 2026 को शाम 5:00 बजे (भारतीय समयानुसार) समाप्त होगी। इस तिथि और समय के बाद ई–वोटिंग की अनुमति नहीं होगी और उक्त अवधि समाप्त होने पर नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड द्वारा ई–वोटिंग मॉड्यूल को तुरंत निष्क्रिय कर दिया जाएगा। एक बार किसी सदस्य द्वारा प्रस्ताव पर अपना वोट डालने के बाद, उसे बाद में अपना वोट बदलने की अनुमति नहीं होगी।
जिन सदस्यों ने अपना ईमेल पता पंजीकृत नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे इसे (प) उस डिपॉजिटरी पार्टिसिपेंट (ओं) के पास पंजीकृत कराएं जहां उनके डीमैट खाते हैं, यदि शेयर इलेक्ट्रॉनिक रूप में हैं और (पप) भौतिक रूप में शेयर रखने वाले सदस्य, जिन्होंने कंपनी के साथ अपना ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन नहीं कराया है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना ईमेल पता पंजीकृत/अद्यतन करें। इसके लिए उन्हें फॉर्म आईएसआर–1 (कंपनी की वेबसाइट www.hindusthaninsulators.com पर उपलब्ध) को विधिवत भरकर और हस्ताक्षर करके आवश्यक सहायक दस्तावेजों के साथ स्काईलाइन फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, डी–153ए, प्रथम मंजिल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज– I, नई दिल्ली–110020 को जमा करना होगा।
एसईबीआई (पूंजी निर्गमन एवं प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2018 के अनुसार, बोनस निर्गमन के तहत आवंटित किए जाने वाले नए इक्विटी शेयर केवल डीमैटरियलाइज्ड रूप में ही आवंटित किए जाएंगे और संबंधित डीमैट खाते में जमा किए जाएंगे। इसे ध्यान में रखते हुए, भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे अपने शेयरों को डीमैटरियलाइज्ड करवा लें या जिन शेयरधारकों का डीमैट खाता विभिन्न कारणों से निष्क्रिय है, उनसे अनुरोध है कि वे अपना डीमैट खाता सक्रिय कर लें। उक्त आवश्यकताओं को कंपनी द्वारा इस उद्देश्य के लिए निर्धारित रिकॉर्ड तिथि तक या उससे पहले पूरा करना आवश्यक है, जिसकी घोषणा अलग से की जाएगी। भौतिक शेयरों को डीमैटरियलाइज्ड न करवाने या डीमैट खाते को निष्क्रिय करने पर बोनस शेयर कंपनी के सस्पेंस एस्क्रो डीमैट खाते में जमा हो जाएंगे, जहां इन बोनस इक्विटी शेयरों पर मतदान अधिकार निलंबित रहेंगे। सदस्य इस संबंध में सहायता के लिए कंपनी के आरटीए से संपर्क कर सकते हैं।
श्री नीरज शर्मा, जो कि प्रैक्टिसिंग कंपनी सेक्रेटरी फर्म मेसर्स नीरज एंड एसोसिएट्स (सदस्यता संख्या 60713, सीओपीः 23057) के प्रोप्राइटर हैं, को रिमोट ई–वोटिंग प्रक्रिया की जांच करने और यह सुनिश्चित करने के लिए स्क्रूटिनाइजर के रूप में नियुक्त किया गया है कि रिमोट ई–वोटिंग मॉड्यूल के माध्यम से निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से वोट डाले जाएं।
जांचकर्ता द्वारा पक्ष और विपक्ष में डाले गए कुल मतों की रिपोर्ट तैयार की जाएगी और इसे कंपनी के अध्यक्ष या उनके द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति को शुक्रवार, 3 जुलाई, 2026 को या उससे पहले प्रस्तुत किया जाएगा। घोषित परिणाम, जांचकर्ता की रिपोर्ट सहित, बीएसई लिमिटेड ('**बीएसई**') को प्रस्तुत किए जाएंगे और कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित किए जाएंगेय और कंपनी की वेबसाइट www.hindusthaninsulators.com पर भी उपलब्ध होंगे। कंपनी द्वारा दूरस्थ ई–मतदान की सुविधा प्रदान करने के लिए नियुक्त एनएसडीएल भी अपने वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर परिणाम प्रदर्शित करेगा।
किसी भी प्रश्न के लिए, आप www-evoting-nsdl-com के डाउनलोड सेक्शन में उपलब्ध शेयरधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न (FAQ) और ई–वोटिंग उपयोगकर्ता मैनुअल देख सकते हैं या 022–4886 7000 पर कॉल कर सकते हैं।

अंतिम लाभांश और रिकॉर्ड तिथि

शेयरधारकों को सूचित किया जाता है कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 27 मई, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में 31 मार्च, 2026 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष के लिए 25% की दर से यानी 2 रुपये अंकित मूल्य वाले प्रत्येक इक्विटी शेयर पर 0.50 रुपये का अंतिम लाभांश देने की सिफारिश की है, जो वार्षिक आम बैठक ('एजीएम') में सदस्यों की स्वीकृति के अधीन है। यदि एजीएम में अंतिम लाभांश घोषित किया जाता है, तो इसका भुगतान (क) उन सदस्यों को किया जाएगा जिनके नाम रिकॉर्ड तिथि यानी शुक्रवार, 19 जून, 2026 को कंपनी के सदस्य रजिस्टर में दर्ज हैं और (ख) नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) द्वारा रिकॉर्ड तिथि तक विमूर्त रूप में धारित शेयरों के संबंध में दिए गए सभी लाभकारी मालिकों को किया जाएगा।

निदेशक मंडल के आदेशानुसार,
हिंदुस्तान इंसुलेटर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/–
(नेहा केजरीवाल)
स्थानः नई दिल्ली, — कंपनी सचिव एवं अनुपालन अधिकारी,
दिनांकः 1 जून, 2026 — सदस्यता संख्याः एफ12381

सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

Satin Housing Finance Ltd. THE ANSWER IS HOME
कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 492, उद्योग विहार, फेज –3 गुरुग्राम हरियाणा–122016
पंजीकृत कार्यालयः 5वीं मंजिल, कुंदन भवन, आजादपुर कॉमर्शियल कॉम्पलेक्स, आजादपुर, नई दिल्ली–110033

मांग सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के साथ पठित वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित के प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत।
अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के तहत सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी हैं। अधोहस्ताक्षरी वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण तथा पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (कथित अधिनियम) के तहत सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधिकृत प्राधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित कथित अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों के उपयोग में अधिकृत प्राधिकारी ने निम्नलिखित कर्जदार(रों) ('कथित कर्जदार(रों)') को उन्हें निर्गत सम्बन्धित मांग सूचनाओं जिन्हें नीचे भी दिया गया है, में उल्लिखित राशियों का पुनर्भुगतान करने को कहते हुए नीचे वर्णित तिथियों पर मांग सूचनाएं निर्गत की थीं। उपर्युक्त के सम्बन्ध में, एतद्वारा कथित कर्जदार(रों) को धारा 13(2) के तहत एक बार पुनः इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर मांग सूचना में उल्लिखित राशि, कथित कर्जदार(रों) द्वारा क्रियान्वित अन्य दस्तावेजों/प्रलेखों, यदि कोई हो, के तहत देय नीचे वर्णित तिथि(यों) से भुगतान तथा/अथवा वसूली की तिथि तक कथित सूचनाओं में वर्णित के अनुसार भावी ब्याज सहित नीचे सूचित राशि तथा का नीचे उल्लिखित तिथि तक भुगतान करने के लिए कहते हुए सूचना दी जाती है। ऋण के बकाया पुनर्भुगतान हेतु प्रतिभूति के रूप में कथित कर्जदार(रों) द्वारा सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के पास क्रमशः निम्नलिखित आस्तियां बंधक रखी गयी हैं।

क्र. सं.	कर्जदार(रों)/सह–कर्जदार(रों)/जमानती(यों) के नाम एवं ऋण खाता संख्या	मांग सूचना की तिथि तथा मांग सूचना की राशि
1	1. आदितेन्द्र भारतीय पुत्र सुरेंद्र भारतीय (कर्जदार) 2. कौशल्या भारतीय पत्नी सुरेंद्र भारतीय (सह–कर्जदार), 3. सुरेंद्र भारतीय पुत्र श्री राम भारतीय (सह–कर्जदार), सभी निवासी फ्लैट नंबर 53, न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, स्ट्रीट नंबर 2, जयपुर रोड, अलवर, राजस्थान–301001, ऋण खाता संख्या – LAAWR0624-00011666 और LAAWR0624-00011627	27–05–2026 रु. 69,95,784/– (रुपये उनहत्तर लाख पचानवे हजार सात सौ चौरासी मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः– प्लॉट संख्या 52, खसरा संख्या 1276, 1277, 1278, 1280, 1281 में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 244.44 वर्ग गज है, जोन 2, द फ्रेंड्स हाउसिंग को–ऑप. सोसाइटी, जयपुर रोड, ग्राम अलवर, तहसील अलवर, जिला अलवर। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं– पूर्वः सड़क, पश्चिमः प्लॉट संख्या 59, उत्तरः प्लॉट संख्या 53, दक्षिणः प्लॉट संख्या 51. पंजीकरण तिथिः 11.03.2005, बही संख्या 01, जिल्द संख्या 683, पृष्ठ संख्या 63, क्रम संख्या 2005001076.	
2	1. भोपाल लाल जाट पुत्र बालू लाल जाट (कर्जदार) 2. गणेश लाल पुत्र बालू लाल (सह–कर्जदार) 3. बादाम जाट पत्नी गणेश लाल जाट (सह–कर्जदार) सभी निवासी 138, जाटों का मोहल्ला, होलीराडा, भीलवाड़ा, अकोला, राजस्थान–311603, ऋण खाता संख्या – LAB HL0825-00014077 और LABHL1025-00014433	25–05–2026 रु. 8,41,396/– (रुपये आठ लाख इकतालीस हजार तीन सौ छियानवे मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः– पट्टा संख्या 03, बही संख्या 40, खसरा संख्या 2773 में स्थित, जिसका क्षेत्रफल 2052 वर्ग फुट है, ग्राम पंचायत अकोला, होलीराडा, पंचायत समिति कोटड़ी, शाहपुरा, राजस्थान में स्थित। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं– पूर्वः रामकुंवर (54 फुट), पश्चिमः सार्वजनिक मार्ग (54 फुट), उत्तरः गणेश पुत्र बालू जाट (38 फुट), दक्षिणः सार्वजनिक मार्ग (38 फुट)। पंजीकरण तिथिः 02.05.2025, बही संख्या 01, जिल्द संख्या 68, पृष्ठ संख्या 43, क्रम संख्या 202503255100511.	
3	1. छोटे लाल पुत्र गिर्राज प्रसाद (कर्जदार) 2. लक्ष्मी देवी पत्नी छोटे लाल (सह–कर्जदार) दोनों निवासी सैनी मोहल्ला, लक्ष्मणगढ़, अलवर, राजस्थान–321607 ऋण खाता संख्या – LARJG0524-00011333	23–05–2026, रु. 8,45,799/– (रुपये आठ लाख पैंतालीस हजार सात सौ निन्यानवे मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः– पट्टा संख्या 784 में स्थित संपत्ति, जिसका क्षेत्रफल 76.66 वर्ग गज है, खसरा संख्या 1454, माली मोहल्ला, लक्ष्मणगढ़, तहसील लक्ष्मणगढ़, जिला अलवर, राजस्थान में स्थित। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं– पूर्वः समलाती गली और पूरन जाटव का मकान, पश्चिमः सार्वजनिक मार्ग और निकास, उत्तरः कमलेश सैनी का मकान, दक्षिणः दलचंद सैनी का मकान। पंजीकृत तिथिः 08.08.2023, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 485, पृष्ठ संख्या 109, क्रम संख्या 202303245100432.	
4	1. ईश्वर लाल गुजर पुत्र भागू लाल गुर्जर (कर्जदार) 2. भंवरी गुर्जर पत्नी ईश्वर लाल गुर्जर (सह–कर्जदार) दोनों निवासी भादू पोस्ट भादू, तहसील मनाल, भीलवाड़ा, राजस्थान–311403 ऋण खाता संख्या – LABHL0523-00007969	25–05–2026, रु. 5,70,553/– (रुपये पाँच लाख सत्तर हजार पाँच सौ तिरपन मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः– संपत्ति जिसमें पट्टा संख्या 16, पुस्तक संख्या 95, आबादी क्षेत्र, ग्राम भालड़ी खेड़ा, ग्राम पंचायत बावड़ी, पंचायत समिति मांडल, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान शामिल है; जिसका क्षेत्रफल 848 वर्ग फुट है (तकनीकी रिपोर्ट के अनुसार)। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं– पूर्वः रोशन पुत्र देवी लाल गुर्जर, पश्चिमः सुखदेव पुत्र मनरूप, उत्तरः सार्वजनिक मार्ग, दक्षिणः रास्ता। पंजीकृत तिथिः 03.11.2022, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 105, पृष्ठ संख्या 63, क्रम संख्या 202203033103594.	
5	1. जाकिर मोहम्मद पुत्र उमराव पठान (कर्जदार) 2. साहिल मोहम्मद पुत्र जाकिर मोहम्मद (सह–कर्जदार) 3. अनीशा बानू पत्नी जाकिर मोहम्मद (सह–कर्जदार) सभी निवासी एफ–201, आर के कॉलोनी, भीलवाड़ा, राजस्थान–311001 ऋण खाता संख्या – LABHL0124-00009780	25–05–2026, रु. 5,19,211/– (रुपये पाँच लाख उन्नीस हजार दो सौ ग्यारह मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः– संपत्ति जिसमें पुस्तक संख्या 203, पट्टा संख्या 01 शामिल है, जिसका कुल क्षेत्रफल 1200 वर्ग फुट है, जो ग्राम पंचायत आराजीया, पंचायत समिति सुवाना, जिला भीलवाड़ा, राजस्थान में स्थित है। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं– पूर्वः सार्वजनिक मार्ग, पश्चिमः शहनाज बानो, उत्तरः बादाम देवी / रमेश चंद्र नायक, दक्षिणः सार्वजनिक मार्ग। पंजीकृत तिथिः 25.02.2019, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 65, पृष्ठ संख्या 192, क्रम संख्या 201903253101265.	
6	1. प्रभु चरण पुत्र लक्ष्मण चरण (कर्जदार) 2. गीता बाई पत्नी प्रभु दान चरण (सह–कर्जदार) दोनों निवासी गढ़वाड़ा, गड़वाड़ा, उदयपुर, राजस्थान–313203 ऋण खाता संख्या – LAUDP0722-00005307	23–05–2026, रु. 5,37,163/– (रुपये पाँच लाख सैंतीस हजार एक सौ तिरसठ मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः– संपत्ति जो पट्टा संख्या 10634 पर स्थित है (आराजी संख्या 297 का एक भाग), जिसका क्षेत्रफल 1110 वर्ग फुट है; ग्राम पंचायत भीमल, पंचायत समिति मावली, उदयपुर, राजस्थान में स्थित है। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं– पूर्वः धना चारण का मकान, पश्चिमः सार्वजनिक मार्ग, उत्तरः मोहम्मद हुसैन वाला, दक्षिणः सार्वजनिक मार्ग। पंजीकृत तिथिः 11.02.2021, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 117, पृष्ठ संख्या 48, क्रमांक 202103109100317.	
7	1. राजमल टेलर पुत्र गेहरी लाल टेलर (कर्जदार) 2. मंजू टेलर पत्नी राजमल टेलर (सह–कर्जदार) दोनों निवासी सी–175, आजाद नगर, आमली, गढ़ पचही, भीलवाड़ा, राजस्थान–311001 ऋण खाता संख्या – LABHL1224-00012703	27–05–2026, रु. 23,48,343/– (रुपये तेईस लाख अड़तालीस हजार तीन सौ तैंतालीस मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः – आवासीय मकान संख्या ए–5, माप 18 x 45 वर्ग फुट = 90 वर्ग गज, जो आराजी संख्या 7428, 7428/1, राजस्व ग्राम पुर, तहसील एवं जिला भीलवाड़ा, राजस्थान में स्थित है। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं– पूर्वः प्लॉट संख्या ए–6, पश्चिमः प्लॉट संख्या ए–4, उत्तरः 30 फुट चौड़ी सड़क, दक्षिणः प्लॉट संख्या ए–24, 25. पंजीकृत तिथिः 15.01.2025, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 396, पृष्ठ संख्या 69, क्रमांक 202503253100475.	
8	1. रतन सिंह पुत्र शायर सिंह (कर्जदार) 2. माया देवी पत्नी रतन सिंह (सह–कर्जदार) दोनों निवासी जालिया फर्स्ट, बिच्छू चौरा, राजस्थान–305901 ऋण खाता संख्या – LABWR0924-00012240	23–05–2026, रु. 8,63,974/– (रुपये आठ लाख तिरसठ हजार नौ सौ चौहत्तर मात्र) दिनांक 09.06.2026 तक
	अचल संपत्ति का विवरणः– आवासीय प्लॉट, जो पट्टा संख्या 01, पुस्तक संख्या 241, खसरा संख्या 1749/1095 पर स्थित है, माप 152 वर्ग गज, ग्राम बिच्छूचौड़ा, ग्राम पंचायत दुगार्वास, पंचायत समिति जवाजा, जिला अजमेर, राजस्थान। इसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं– पूर्वः सड़क, पश्चिमः पंकज/लक्ष्मण सिंह का मकान, उत्तरः आम रास्ता (सड़क), दक्षिणः सड़क। पंजीकृत तिथिः 02.06.2023, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 2310, पृष्ठ संख्या 12, क्रमांक 202303003105175.	
9	1.सतीश सिंह राठौड़ पुत्र चतरू सिंह (कर्जदार) 2. मैना देवी पत्नी चतर सिंह (सह–कर्जदार) दोनों निवासी संथालपुर, अलवर, राजस्थान–301402 ऋण खाता संख्या – LAKTP0724-00011789	27–05–2026, रु. 7,89,174/– (रुपये सात लाख नवासी हजार एक सौ चौहत्तर मात्र) दिनांक 09.06.2026 को
	अचल संपत्ति का विवरणः– आवासीय संपत्ति, जो पट्टा संख्या 65, पुस्तक संख्या 014 में स्थित है, माप 300 वर्ग गज, ग्राम पंचायत लोयाटी, ग्राम संथालपुर, तहसील बानसूर, जिला अलवर। सीमाएँ इस प्रकार हैं – पूर्वः सार्वजनिक मार्ग, पश्चिमः सार्वजनिक मार्ग, उत्तरः सार्वजनिक मार्ग, दक्षिणः मंगतू सिंह का मकान और समलती भूमि। पंजीकरण की तिथिः 06.03.2020, पुस्तक संख्या 01, खंड संख्या 78, पृष्ठ संख्या 28, क्रम संख्या 202003358100469.	
10	1. सुरेंद्र सिंह पुत्र कैलाश सिंह (कर्जदार) 2. पुनम पत्नी सुरेंद्र सिंह (सह–कर्जदार) दोनों निवासी रायकरणपुरा, जयपुर, राजस्थान–303105 ऋण खाता संख्या – LAAWR0322-00004584	25–05–2026, रु. 4,49,787/– (रुपये चार लाख उनचास हजार सात सौ सतासी मात्र) दिनांक 09.06.2026 को
	अचल संपत्ति का विवरणः– संपत्ति जिसमें पट्टा संख्या 31, पुस्तक संख्या 45 शामिल है, जिसका क्षेत्रफल 174.33 वर्ग गज है। (पूर्वी तरफः 34'15' फीट पश्चिमी तरफः 34'15' फीट, उत्तरी तरफः 36'23'' फीट, दक्षिणी तरफः 36'23 फीट)। ग्राम पंचायत बकराना, पंचायत समिति कोटपूतली, तहसील कोटपूतली, जिला जयपुर, राजस्थान. इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं– पूर्वः पहाड़ी, पश्चिमः खाली जमीन और सार्वजनिक रास्ता, उत्तरः जगमाल पुत्र सूरजभान, दक्षिणः सुरेंद्र सिंह का मकान, पंजीकरण की तारीखः 20.01.2022, किताब संख्या 01, खंड संख्या 847, पृष्ठ संख्या 40, क्रम संख्या 202203061100687.	
11	1. यूसुफ अली पुत्र मो. अजीज (कर्जदार), 2. सलीम बानो पत्नी मो. अजीज (सह–कर्जदार), 3. मोहम्मद अजीज पुत्र गुलाम हुसैन (सह–कर्जदार) सभी निवासी ए–54–55 विद्याधर नगर, जयपुर मंदिर मोड़, राजस्थान–302039, ऋण खाता संख्या – LAJPR0524-00011361 और LAJPR0524-00011359	27–05–2026 रु. 58,09,178/– (रुपये अठावन लाख नौ हजार एक सौ अठहत्तर मात्र) दिनांक 09.05.2026 को
	अचल संपत्ति का विवरणः– प्लॉट संख्या ए–54 और ए–55, पुराना विद्याधर नगर, जयपुर. प्लॉट संख्या ए–54 का माप पूर्व–पश्चिमः 36 फीट और उत्तर–दक्षिणः 12 फीट 6 इंच है; इसका क्षेत्रफल 50 वर्ग गज यानी 41.80 वर्ग मीटर है, इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं– पूर्वः 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः प्लॉट संख्या ए–19, उत्तरः प्लॉट संख्या ए–55, दक्षिणः प्लॉट संख्या ए–53. प्लॉट संख्या ए–55 का माप पूर्व–पश्चिमः 36 फीट और उत्तर–दक्षिणः 12 फीट 6 इंच है; इसका क्षेत्रफल 50 वर्ग गज यानी 41.80 वर्ग मीटर है। (कुल क्षेत्रफल 100 वर्ग गज है). इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं– पूर्वः 20 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिमः प्लॉट संख्या ए–18, उत्तरः प्लॉट संख्या ए–56, दक्षिणः प्लॉट संख्या ए–54. पंजीकरण की तारीखः 22.05.2019, किताब संख्या 01, खंड संख्या 120, पृष्ठ संख्या 77, क्रम संख्या. 201903182103150.	

यदि उक्त कर्जदार उपरोक्त के रूप में सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को भुगतान करने में विफल हो जाते हैं, तो सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के तहत उपरोक्त प्रतिभूत संपत्तियों के विरुद्ध पूरी तरह से उक्त कर्जदारों के लागत और परिणाम के जोखिम पर आगे की कार्यवाही करेगा। अधिनियम के तहत उक्त कर्जदारों को सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा के माध्यम से, उपरोक्त संपत्ति को स्थानांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम या उसके तहत बनाए गए नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन करेगा, वह अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड के लिए उत्तरदायी होगा।

स्थान : गुरुग्राम — ह. /– अधिकृत प्राधिकारी
दिनांक : 02.06.2026 — सैटिन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

मेरठ : 3600 रुपए के लिए की थी कबड्डी खिलाड़ी की हत्या

मेरठ, 1 जून (जनसत्ता)।

मेरठ में महज 3600 रुपए उधार की रकम को लेकर हुई कहासुनी में राष्ट्रीय स्तर की कबड्डी खिलाड़ी अनुष्का पाल की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने डेढ़ महीने बाद हत्या का खुलासा किया है। आरोपी की निशानदेही पर रोहटा रोड स्थित नाले से शव बरामद किया गया, जो लंबे समय तक पानी और कीचड़ में पड़े रहने के कारण लगभग कंकाल में बदल चुका था। पहचान की अंतिम पुष्टि के लिए डीएनए परीक्षण कराया जाएगा।

पुलिस ने डेढ़ महीने बाद हत्या का खुलासा किया है।

एसएसपी अविनाश पांडे ने सोमवार को बताया कि 17 वर्षीय अनुष्का पाल की हत्या अप्रैल में कर दी गई थी। पुलिस ने फास्ट फूड का ठेला लगाने वाले श्याम धानक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने रुपए मांगने को लेकर हुए विवाद के बाद अनुष्का के सिर पर ईंट से हमला किया और शव को नाले में फेंककर फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, दौराला क्षेत्र के चिरौड़ी गांव की रहने वाली अनुष्का राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले चुकी थीं। पढ़ाई और खेल अभ्यास में सुविधा के लिए वह मेरठ के शोभापुर क्षेत्र में किराए पर रह रही थी। परिवार को आखिरी बार उसने बताया था कि वह प्रतियोगिता में भाग लेने गई है। इसके बाद 16 अप्रैल से उसका मोबाइल बंद हो गया। काफी तलाश के बाद 28 अप्रैल को गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और काल डिटेल रिकार्ड खंगाले। इनमें अनुष्का की आखिरी लोकेशन आरोपी श्याम धानक के साथ मिली। पूछताछ में चंडीगढ़ से गिरफ्तार आरोपी ने अपराध स्वीकार कर लिया। परिजनों का आरोप है कि जिस व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगा है उससे पहले भी पूछताछ हुई थी लेकिन उसे छोड़ दिया गया था। पुलिस जांच में सामने आया है आरोपी पर पहले भी एक महिला की हत्या का मामला दर्ज था और वह जमानत पर बाहर था।

भारत, ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता लागू

ओमान में भारत के 98.08% निर्यात पर व भारत में ओमान के 77.79% निर्यात पर शून्य शुल्क

नई दिल्ली, 1 जून (ब्यूरो)।

भारत और ओमान के बीच मुक्त व्यापार समझौता सोमवार से लागू हो गया। इसके तहत वस्त्र, इंजीनियरिंग उत्पाद, रत्न और आभूषण समेत भारत के 98.08 फीसद निर्यात को ओमान के बाजार में बगैर शुल्क प्रवेश और पेशेवरों को आवागमन की बेहतर सुविधा का लाभ होगा। दूसरी तरफ भारत को ओमान से सस्ते खजूर मिलेंगे क्योंकि समझौते के तहत कोटा-आधारित शुल्क रियायतें लागू होंगी। ईरान संकट के बीच इस समझौता के लागू होने से होर्मुज जलमार्ग के प्रभावित रहने पर भी भारत को राहत मिलने की उम्मीद है।

ओमान के साथ व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) का लागू होना इसलिए भी अहम है, क्योंकि अमेरिकी-ईरान युद्ध की वजह से भारतीय निर्यातकों को खाड़ी देशों में माल भेजने में मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। छह खाड़ी देश ओमान, बहरीन, कुवैत, कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात हैं। भारत ने कुल 12,556 टैरिफ लाइन में से 77.79 फीसद पर शुल्क रियायतें दी हैं। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में टैरिफ लाइन का मतलब किसी वस्तु या उत्पाद के उस विशिष्ट वर्गीकरण कोड से होता है, जिस पर कोई विशेष आयात कर लगाया जाता है।

गोयल ने कहा कि कृषि और रत्न एवं आभूषण उत्पादों की लगभग 10 खेप तरजीही दरों के तहत खाड़ी देश को भेजी गईं।

ओमान के साथ समझौता रणनीतिक : जीटीआरआइ

नई दिल्ली, 1 जून (भाषा)।

भारत के लिए ओमान के साथ व्यापार समझौता रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि मस्कट का अधिकतर तट होर्मुज जलमार्ग के बाहर स्थित है। इससे क्षेत्रीय संघर्ष, व्यवधान या भू-राजनीतिक अस्थिरता के दौरान भी ओमान भारत के लिए एक भरोसेमंद व्यापार और ऊर्जा मार्ग बना रह सकता है। ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआइ) के अनुसार, इस दृष्टि से यह समझौता केवल व्यापार तक सीमित नहीं है बल्कि भारत की दीर्घकालिक ऊर्जा एवं आर्थिक सुरक्षा में निवेश भी है।

खबर कोना

उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोमवार को मुंबई में महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से उनके बंगले पर शिष्टाचार भेंट की।

रुपया 34 पैसे टूटकर 95.19 प्रति डालर पर

मुंबई, 1 जून (भाषा)।

अमेरिका और ईरान के बीच तनाव तथा कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बीच सोमवार को रुपया 34 पैसे लुढ़ककर डालर के मुकाबले 95 .19 पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में डालर की मजबूती और इजराइल-लेबनान के बीच जारी तनाव से निवेशकों की जोखिम लेने की धारणा प्रभावित हुई, जिसका असर भी रुपए पर पड़ा। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94 .93 के भाव पर खुला और कारोबार के दौरान यह 94 .73 के ऊपरी एवं 95 .03 के निचले स्तर तक गया। कारोबार के अंत में यह 95 .19 प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 34 पैसे की गिरावट है। शुक्रवार को रुपया भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के संभावित हस्तक्षेप के बीच 73 पैसे मजबूत होकर 94 .85 प्रति डालर पर बंद हुआ था।

सोना 2,500 टूटा, चांदी 5,000 रुपए कमजोर

नई दिल्ली, 1 जून (भाषा)।

राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोमवार को सोने की कीमत 2,500 रुपए टूटकर 1.60 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य संघर्ष के कारण कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने के बाद वैश्विक बाजारों में आई गिरावट से यहां भी सोने कमजोर पड़ गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ के अनुसार, 99 .9 फीसद शुद्धता वाले सोने की कीमत में 2,500 रुपए (1 .53 फीसद) की गिरावट आई। शुक्रवार को बंद हुई कीमत 1,62,900 रुपए प्रति 10 ग्राम से गिरकर यह 1,60,400 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। चांदी की कीमतों में भी भारी गिरावट आई और यह 5,000 (या लगभग 2 फीसद) टूटकर 2,69,700 रुपए प्रति किलोग्राम (सभी टैक्स मिलाकर) रह गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,74,700 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी।

चौथे दिन भी गिरा बाजार, सूचकांक 508 अंक फिसला

मुंबई, 1 जून (भाषा)।

अनिश्चित वैश्विक संकेतों के बीच स्थानीय शेयर बाजार सोमवार को वित्तीय, एफएमसीजी एवं वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण लगातार चौथे सत्र में गिरावट के साथ बंद हुए। सूचकांक 508 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी में 165 अंक की गिरावट रही। विश्लेषकों के मुताबिक, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल और अमेरिका-ईरान संघर्ष को लेकर अनिश्चितता के कारण घरेलू बाजार दबाव में रहा। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक 508 .40 अंक यानी 0 .68 फीसद गिरकर 74,267 .34 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ने 75,367 .93 अंक के ऊपरी और 74,203 .68 अंक के निचले स्तर को भी छुआ। इस तरह सूचकांक में 1,164 .25 अंक का उतार-चढ़ाव दर्ज किया गया।

पंजाब अनुसूचित जाति आयोग ने

रेल राज्यमंत्री बिट्टू को चार जून को तलब किया

चंडीगढ़, 1 जून (ब्यूरो)।

पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग ने केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू को कथित जातिसूचक टिप्पणी के मामले में चार जून को पेश होने के लिए सोमवार को समन जारी किया। आयोग के अध्यक्ष जसवीर सिंह गढ़ी ने कहा कि सोशल मीडिया के माध्यम से उनके संज्ञान में आया कि केंद्रीय रेल राज्यमंत्री बिट्टू ने हाल में धूरी में दौरे के दौरान कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

इस मामले में संगरूर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से रिपोर्ट मांगी गई लेकिन आयोग ने पुलिस की ओर से प्रस्तुत रिपोर्ट से असंतोष जाहिर किया है। बिट्टू ने रविवार को अनुसूचित जाति समुदाय से आपत्तिजनक टिप्पणी के लिए माफी मांगी व स्वीकार किया कि एक मंत्री के रूप में उन्हें ऐसे शब्द नहीं कहने चाहिए थे। वह पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के समक्ष माफी मांगने को तैयार हैं। यह मामला 26 मई की उस घटना से जुड़ा है जब बिट्टू ने धूरी में भाजपा नेता ओंकार सिंह को रिहा करने की मांग को लेकर पुलिस अधिकारियों के साथ तीखी बहस की थी। ओंकार सिंह को नगर निकाय चुनावों के लिए प्रचार अवधि खत्म होने के दौरान प्रचार करने के आरोप में पुलिस ने हिरासत में लिया था। रवनीत सिंह बिट्टू पर पुलिसकर्मियों के खिलाफ आपत्तिजनक शब्दों के इस्तेमाल का आरोप लगा है। दरअसल, 26 मई की घटना का एक वीडियो प्रसारित हो गया था।

केंद्रीय रेल राज्यमंत्री बिट्टू ने हाल में धूरी में दौरे के दौरान कथित रूप से जातिसूचक शब्दों का इस्तेमाल किया था।

जीएसटी संग्रह मई में 1.94 लाख करोड़ रुपए के पार

नई दिल्ली, 1 जून (भाषा)।

माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह मई में 3.2 फीसद बढ़कर 1.94 लाख करोड़ रुपए से अधिक रहा।

यह वृद्धि वस्तुओं एवं सेवाओं की आपूर्ति में सुधार तथा आयात से मिलने वाले कर संग्रह में लगातार बढ़ोतरी के कारण हुई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी सामने आई। मई, 2025 में सकल जीएसटी संग्रह 1.88 लाख करोड़ रुपए रहा था। घरेलू लेनदेन से मई के दौरान केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) संग्रह 37,397 करोड़ रुपए, राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) 45,143 करोड़ रुपए और एकीकृत जीएसटी (आइजीएसटी) 51,990 करोड़ रुपए रहा। इस अवधि में कर योग्य वस्तुओं की आपूर्ति में 26.9 फीसद की वृद्धि हुई, जो घरेलू मांग को दर्शाती है। वहीं, सेवाओं के क्षेत्र में यह वृद्धि 22.2 फीसद रही जो घरेलू खपत की मजबूती को दिखाती है। आयात से आइजीएसटी संग्रह 19.1 फीसद बढ़कर मई में 59,654 करोड़ रुपए हो गया जो औद्योगिक क्षमता के विस्तार का संकेत है।

औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर घटकर 4.9 फीसद पर

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

देश का औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर अप्रैल में सालाना आधार पर घटकर 4.9 फीसद दर्ज हुआ। साल 2025 में अप्रैल का यह आंकड़ा 5.7 फीसद पर था। पश्चिम एशिया संकट के बीच ऊर्जा क्षेत्र में सुस्त वृद्धि के कारण औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि कम रही है।

सोमवार को सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने औद्योगिक उत्पादन सूचकांक का आधार वर्ष 2011-12 से बदलकर 2022-23 कर आइआइपी का पहला आंकड़ा जारी किया। इसमें औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) के संदर्भ में मापे जाने वाले औद्योगिक उत्पादन में वृद्धि अप्रैल, 2025 में 5.7 फीसद रही थी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि अप्रैल 2026 के महीने में खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली और गैस आपूर्ति, तथा जल आपूर्ति, सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन की विकास दरें क्रमश 5.1 फीसद, 6.2 फीसद, 4.9 फीसद और 6.6 फीसद रही। आइआइपी का त्वरित अनुमान अप्रैल 2025 के 113.1 के मुकाबले 118.9 रहा। अप्रैल 2026 महीने के लिए खनन और उत्खनन, विनिर्माण, बिजली और गैस आपूर्ति, तथा जल आपूर्ति, सीवरेज और अपशिष्ट प्रबंधन के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक क्रमश 104.6, 119.3, 125.5 और 146.1 रहे। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग का कहना है कि आइआइपी की नई शृंखला पिछली शृंखला की कमियों को दूर करती है। इसमें लघु खनिज भी शामिल हैं।

यात्रा जम्मू और कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा कुलगाम में सोमवार को 'ड्रग-मुक्त जेएंडके' पदयात्रा के दौरान बच्चों के साथ।

देश में जन विश्वास अधिनियम लागू

जुर्माना और कार्यवाही से पहले मिलेगी चेतावनी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

देश में आम जनता को राहत देने के लिए केंद्र सरकार ने जन विश्वास अधिनियम लागू कर दिया है। यह विधेयक एक जून से लागू किया गया है और इसके आदेश भी जारी किए गए हैं। आदेशों के मुताबिक इस प्रावधान के तहत सरकारी एजंसियां अपने क्षेत्र में पेचीदा नियम प्रक्रिया को आसान बनाने की पहल की है।

सरकार के मुताबिक सरकारी एजंसियों के साथ कागजी कार्रवाई करते समय होने वाली त्रुटियों की स्थिति में सजा व जुर्माने के प्रावधान रहे हैं। यह प्रावधान सजा से पहले चेतावनी के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए लाया गया है। जैसे समय पर कोई जानकारी नहीं देना, फार्म भरने में गड़बड़ी, कागजों में मामूली गड़बड़ी की गलती थी। इन वजह से आम जनता को जुर्माना और अन्य कानूनी कार्रवाई से जूझना होता था। नए प्रावधान इस हालात से आम जनता को राहत देंगे, कई मंत्रालयों में यह भी प्रावधान होगा कि आसानी से एक मुश्त शुल्क भुगतान कर मामले का खात्मा किया जा सकेगा। इन प्रावधानों में ऊर्जा मंत्रालय की ओर से किए गए प्रावधान भी शामिल है। इन प्रावधानों के संबंध में ही मंत्रालय की ओर से इस विधेयक को लागू करने के आदेश जारी किए गए हैं।

ऊर्जा संबंधित विशेषज्ञों के मुताबिक ऊर्जा क्षेत्र में इस अधिनियम के तहत विद्युत अधिनियम 2003 और दामोदर घाटी निगम के पुराने प्रावधानों में संशोधन किया गया है। ये नियम उपभोक्ताओं के लिए नियम प्रक्रिया को आसान कर देंगे और उन्हें बार- बार जुर्माना या अन्य दंडात्मक कार्रवाई से भी बचाएंगे। केंद्र सरकार ने यह विधेयक लोकसभा में पेश किया था। इसका उद्देश्य 80 केंद्रीय अधिनियमों में संशोधन करके अपराधों और दंडों को अपराधों की श्रेणी से बाहर करना था। इस विधेयक ने 2025 में पेश किए गए विधेयक की जगह ली है। इसमें कई जगहों पर दंड की जगह पर मौद्रिक मूल्य संशोधन का भी प्रावधान है। इन प्रावधानों में पहले ही स्पष्ट किया गया है कि एक निर्धारित समय सीमा के बाद इन प्रावधानों में आर्थिक दंड प्रावधान को बढ़ाया जाएगा। इसके अतिरिक्त नए प्रावधान में आम जनता से संबंधित मामलों में कई स्तर पर चेतावनी देने का प्रावधान भी इसके तहत लाया गया है।

सरकार के मुताबिक सरकारी एजंसियों के साथ कागजी कार्रवाई करते समय होने वाली त्रुटियों की स्थिति में सजा व जुर्माने के प्रावधान रहे हैं। यह प्रावधान सजा से पहले चेतावनी के प्रावधान को सुनिश्चित करने के लिए लाया गया।

ब्रिक्स संस्कृति कार्यसमूह की दूसरी बैठक की मेजबानी करेगा भारत

जनसत्ता संवाददाता
नई दिल्ली, 1 जून।

ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह (सीडब्ल्यूजी) की दूसरी बैठक की मेजबानी भारत करने जा रहा है। जिसका आयोजन 4-5 जून को उत्तर प्रदेश के वाराणसी में किया जाएगा। इसकी घोषणा सोमवार को संस्कृति सचिव विवेक अग्रवाल ने प्रेसवार्ता के दौरान की।

यह बैठक में तीन प्रमुख विषयगत प्राथमिकताओं पर केंद्रित रहेगी। पहला रचनात्मक अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक व रचनात्मक उद्योग, कापीराइट व कृत्रिम बुद्धिमत्ता, दूसरा सांस्कृतिक विरासत संरक्षण व सांस्कृतिक संपदा की वापसी व तीसरा संस्कृति, जलवायु और सतत विकास। उक्त सभी प्राथमिकताएं सहयोग को बढ़ावा देने और वैश्विक 2030 के बाद के सतत विकास एजेंडा में संलग्न होने को दर्शाती हैं। बता दें कि ब्रिक्स संस्कृति कार्य समूह की पहली बैठक 29-30 अप्रैल 2026 को 'वर्चुअल मोड' में की गई थी। इसके बाद अब दूसरी बैठक 4-5 जून को वाराणसी में होगी। जबकि तीसरी बैठक 5-6 अगस्त को भोपाल में होगी। इस दौरान 6-7 अगस्त को भोपाल में ब्रिक्स सांस्कृतिक महोत्सव भी आयोजित किया जाएगा और 7-8 अगस्त को ब्रिक्स देशों के संस्कृति मंत्रियों की बैठक होगी। जबकि इसका समापन 12-14 अक्तूबर 2026 को 'थिएटर महोत्सव' के साथ नई दिल्ली में किया जाएगा।

वाराणसी में 4-5 जून को होगा आयोजन।

'निर्यात में अप्रैल-मई में दहाई अंक में वृद्धि'

नई दिल्ली, 1 जून (भाषा)।

देश के निर्यात में चालू वित्त वर्ष 2026-27 के अप्रैल-मई माह के दौरान दहाई अंक में वृद्धि दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने यह भी कहा कि वाणिज्य मंत्रालय भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के बारे में जानकारी देने के लिए 1,000 लोगों को नियुक्त करेगा। वाणिज्य मंत्रालय 15 जून को मई के व्यापार आंकड़े जारी करेगा। अधिकारी ने कहा कि इन दो महीनों के दौरान निर्यात में दहाई अंक में वृद्धि हुई है। अप्रैल में निर्यात 13.78 फीसद बढ़कर 43.56 अरब डालर रहा जो पिछले चार वर्ष में सबसे अधिक मासिक निर्यात है। यह वृद्धि मुख्य रूप से कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि के बीच पेट्रोलियम उत्पादों के कारण हुई। इसी दौरान व्यापार घाटा बढ़कर तीन महीने के उच्चस्तर 28.38 अरब डालर पर पहुंच गया।

कृषि मंत्री ने खेत बचाओ अभियान की शुरुआत की | अभियान | मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा

गांवों में किसानों को उन्नत खेती के गुर सिखाएंगे विशेषज्ञ

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को मध्यप्रदेश के रायसेन के रमासिया गांव से राष्ट्रव्यापी खेत बचाओ अभियान की शुरुआत की। 30 जून तक जारी रहने वाले इस अभियान के तहत किसानों को मिट्टी परीक्षण, संतुलित पोषण प्रबंधन, प्राकृतिक खेती, आधुनिक बुवाई तकनीक, जल संरक्षण और उन्नत खेती के तरीके बताए जाएंगे। अभियान के दौरान कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञों सहित कृषि विभाग की टीम और जनप्रतिनिधि भी गांवों में किसानों को जागरूक करेंगे।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इस मौके पर कहा, मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा और देश समृद्ध होगा। उन्होंने उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती के साथ साथ वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। कृषि मंत्री ने कहा, धरती की सेहत को संरक्षित करना, सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक खाद और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न करें, बल्कि मिट्टी की जांच के आधार पर जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों का इस्तेमाल करें।

शिवराज सिंह ने कहा कि रसायनों के ज्यादा इस्तेमाल से मिट्टी की उपजाऊ क्षमता घटती है और उसमें मौजूद लाभकारी सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं। इसका सीधा असर उपज और खेती की लागत पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि यह अभियान महज एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि धरती माता को बचाने का राष्ट्रीय संकल्प है। उन्होंने कहा कि हर किसान का ह्यमिट्टी की सेहत के लिए कार्ड (सायल हेल्थ कार्ड) बनाना जरूरी है। इससे वह अपनी जमीन की जरूरत के मुताबिक उर्वरकों का इस्तेमाल करेंगे।

इससे खेती की लागत में कमी आएगी और उत्पादन बढ़ने के साथ साथ मिट्टी लंबे समय तक उपजाऊ बनी रहेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि सरकार किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध करा रही है लेकिन जरूरत के मुताबिक ही इसका इस्तेमाल किया जाना चाहिए। सही मात्रा में खाद का इस्तेमाल ही टिकाऊ खेती की कुंजी है। शिवराज ने कहा कि खेती को लाभकारी बनाना केंद्र सरकार की प्राथमिकता है।

केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान ने इस मौके पर कहा, मिट्टी बचेगी तो खेती बचेगी, किसान मजबूत होगा और देश समृद्ध होगा। उन्होंने उर्वरकों के संतुलित इस्तेमाल, मिट्टी परीक्षण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, जल संरक्षण, प्राकृतिक खेती के साथ साथ वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाने पर जोर दिया। कृषि मंत्री ने कहा, धरती की सेहत को संरक्षित करना, सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे रासायनिक खाद और कीटनाशकों का अंधाधुंध इस्तेमाल न करें, बल्कि मिट्टी की जांच के आधार पर जरूरत के अनुसार ही उर्वरकों का इस्तेमाल करें।

यात्री वाहन बिक्री ने मई में पकड़ी रफ्तार

नई दिल्ली, 1 जून (भाषा)।

मोटर वाहन कंपनियों ने ईंधन कीमतों में उतार-चढ़ाव के बावजूद मई में मजबूत वृद्धि दर्ज की। इस दौरान मारुति सुजुकी और किआ इंडिया ने रिकार्ड बिक्री हासिल की। मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को बताया कि उसकी मासिक बिक्री अब तक के सर्वाधिक स्तर पर पहुंच गई, जबकि घरेलू बिक्री मई, 2026 में 1,93,535 इकाई रही जो पिछले साल इसी महीने में 1,38,690 इकाई थी। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बताया कि ईंधन कीमतों में बढ़ोतरी से मांग पर असर पड़ने के बावजूद कंपनी ने समग्र वृद्धि के साथ मजबूत प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी का असर छोटी कारों के खंड पर पड़ता है, खासकर उन ग्राहकों पर जो छोटी कार खरीदते हैं लेकिन हमने ह्यमिनीह्ल और ह्यकाम्पैक्टह्ल खंड में शानदार वृद्धि हासिल की।

शुद्धिपत्र

यह शुद्धिपत्र **तन्वेड कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड** द्वारा **जनसत्ता (दिल्ली संस्करण) में दिनांक 25.04.2026 को पृष्ठ संख्या 5** पर प्रकाशित **फॉर्म नं. आईएनसी-26** की सूचना के संदर्भ में जारी किया जा रहा है। उक्त सूचना में मुद्रण/तकनीकी त्रुटि के कारण निम्नलिखित पंक्तियाँ अनावश्यक रूप से प्रकाशित हो गई थीं, जो मूल सूचना का भाग नहीं थीं: "कंपनी का प्रस्तावित पंजीकृत कार्यालय: ऑफिस नं 113 और 115, रेगस, पहली मंजिल, डी1010/1050 सॉलिटेयर बिजनेस हब, क्लोवर पार्क, विमान नगर, पुणे–411014, महाराष्ट्र, भारत में यहाँ स्थित होगा।"
अतः आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपर्युक्त पंक्तियों को प्रकाशित सूचना का हिस्सा न माना जाए तथा उन्हें निरस्त एवं विलोपित समझा जाए। उक्त सूचना की अन्य सभी शर्तें, विवरण एवं सामग्री यथावत एवं प्रभावी रहेंगी।

दिनांक: 01.06.2026

आवेदक की ओर से और उनके लिए
तन्वेड कंटेनर्स प्राइवेट लिमिटेड
निदेशक
तपस रंजन पात्रा
DIN: 07054144
पता: फ्लैट नं. 6122, एटीएस डॉल्से, सेक्टर ज़ेटा-1, ग्रेटर नोएडा – 201308
पंजीकृत कार्यालय: 18, पटपड़गंज गांव, पटपड़गंज, दिल्ली – 110091

HINDUJA HOUSING FINANCE LIMITED
कॉर्पोरेट कार्यालय: नं. 167-169, द्वितीय तल, अन्ना सालाई, सैदापेट, चेन्नई -600015
संपर्क नं. आरएलएम - ब्रजेश अवस्थी - 9918301885
आरआरएम - हरीश यादव - 7060411785,
सीएलएम - रवि 9999048581,
सीआरएम - सचिन पंवार - 9837000044

अचल संपत्ति के भौतिक कब्जे की सार्वजनिक सूचना

सेवा में,
1. श्री सचिन त्यागी... कर्जदार 2. श्रीमती नेहा एन 3. श्रीमती सुनीता... सह–उधारकर्ता दनोरा हापुड़, 1, हापुड़, शहरी, हापुड़, उत्तर प्रदेश, भारत – 245101.
1.1 सम्पत्ति का पता: रेज़िडेंशियल प्लॉट नंबर 61, जो खसरा नंबर 503 का हिस्सा (एरिया 113.14 स्क्वेयर्ड यानी 94.63 स्क्वेयर मी.) जो गांव धनोरा, सीमा नगर पालिका हापुड़ परगना हापुड़, तहसील और जिला हापुड़

लोन सं. GH/HPR/HAPU/A000000746

जबकि मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जिला न्यायालय, हापुड़, उत्तर प्रदेश द्वारा पारित दिनांक 01.04.2026 के आदेश के अनुसार
सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि रेज़िडेंशियल प्लॉट नंबर 61, खसरा नंबर 503 का हिस्सा (एरिया 113.14 स्क्वेयर यार्ड यानी 94.63 वर्ग मी.), गांव धनोरा, सीमा नगर पालिका हापुड़ परगना हापुड़, तहसील और जिला हापुड़ सीमाएं: पूर्व: सड़क 20 फीट, पश्चिम: अन्य की भूमि, उत्तर: प्लॉट नंबर 62, दक्षिण: प्लॉट नं. 60 की सम्पत्ति का **भौतिक कब्जा 30.05.2026** को मैसर्स हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड द्वारा अधिग्रहित किया गया है।
विशेष रूप से उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे संपत्ति का सौदा न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेनदेन मैसर्स हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के अधीन होगा।

स्थान : हापुड़, दिनांक : 02.06.2026
प्राधिकृत अधिकारी, हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

फॉर्म यूआरसी-2
सार्वजनिक सूचना

(कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 374(b) और कंपनी (पंजीकरण के लिए प्राधिकृत) नियमावली, 2014 के नियम 4(1) के अनुसरण में)

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 366 के अनुसरण में, एक सीमित देयता भागीदारी 'पायरेन टेक्नोलॉजीज एलएलपी' को कंपनी अधिनियम, 2013 के अध्याय क के भाग क के तहत एक 'शेयरों द्वारा सीमित कंपनी' के रूप में पंजीकृत करने के लिए रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नं. 6, 7 और 8, सेक्टर–5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव, हरियाणा–122050 के समक्ष एक आवेदन किया जाना प्रस्तावित है।
प्रस्तावित कंपनी के मुख्य उद्देश्य इस प्रकार हैं: वायुयान और अंतरिक्ष यान तथा उनसे संबंधित मशीनरी का निर्माण करना, रडार उपकरण, जीपीएस उपकरण, खोज, पहचान, नेविगेशन, वैमानिकी और समुद्री उपकरणों का निर्माण तथा इनसे संबंधित गतिविधियाँ।
प्रस्तावित कंपनी के मेमोरैंडम ऑफ एसोसिएशन और आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन के मसौदे की एक प्रति का निरीक्षण एलएलपी के पंजीकृत कार्यालय: 313, पुष्पांजलि अपार्टमेंट, केशव कुंज, प्रताप नगर, शाहगंज, आगरा, उत्तर प्रदेश–282010 पर किया जा सकता है।
एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कोई भी व्यक्ति जिसे इस आवेदन पर कोई आपत्ति हो, वह अपनी आपत्ति लिखित रूप में रजिस्ट्रार, केंद्रीय पंजीकरण केंद्र (सीआरसी), भारतीय कॉर्पोरेट कार्य संस्थान (आईआईसीए), प्लॉट नंबर. 6, 7 और 8, सेक्टर–5, आईएमटी मानेसर, जिला गुड़गांव, हरियाणा–122050 को इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस (21) दिनों के भीतर भेज सकता है, और उसकी एक प्रति कंपनी को उसके पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजनी होगी।

दिनांक: 02 जून, 2026
स्थान: आगरा, उत्तर प्रदेश

कृते और की ओर से:
पायरेन टेक्नोलॉजीज एलएलपी
1. कुलदीप शर्मा – नामित भागीदार
DPIN : 10602349
2. क्षितिज गांधी – नामित भागीदार
DPIN: 10602348

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसार]
केंद्रीय सरकार के समक्ष, क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र निदेशालय I, कॉर्पोरेट मामलों का मंत्रालय, नई दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उपधारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के खंड (क) के विषय में
तथा
एनालिटिक जेना इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
(CIN:U74140DL2014FTC272134) के मामले में, जिसका पंजीकृत कार्यालय **462, एफ.आई.ई. पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, पूर्वी दिल्ली, भारत, 110092** में स्थित है।

...आवेदक कंपनी/याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि कंपनी, कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 (4) के तहत क्षेत्रीय निदेशक को प्रदत्त शक्तियों के अंतर्गत केंद्र सरकार को एक आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव करती है, जिसमें 21 मई, 2026 को आयोजित कंपनी की असाधारण आम बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में परिवर्तन की पुष्टि की मांग की जाएगी, ताकि कंपनी अपने पंजीकृत कार्यालय को "दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीटी)" से "महाराष्ट्र राज्य" में स्थानांतरित कर सके।
कोई भी व्यक्ति जिसका हित कंपनी के पंजीकृत कार्यालय में प्रस्तावित परिवर्तन से प्रभावित होने की संभावना है, वह एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र भरकर या किसी अन्य माध्यम से अपने हितों की प्रकृति और विरोध के कारणों को बताते हुए हलफनामे सहित अपनी आपत्तियाँ क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय, बी-2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली - 110003 को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह (14) दिनों के भीतर भेज सकता है। इसकी एक प्रति आवेदक कंपनी के पंजीकृत कार्यालय को भेजी जानी चाहिए।
पंजीकृत कार्यालय: 462, एफ.आई.ई. पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र, पूर्वी दिल्ली, भारत, 110092

एनालिटिक जेना इंडिया प्राइवेट लिमिटेड की ओर से
हस्ताक्षर/-
संतोष कुमार
प्रबंध निदेशक
डीआईएन: 00174062
दिनांक: 01 जून 2026 **स्थान: नई दिल्ली**

"प्रपत्र सं. आईएनसी–26"
(कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के अनुसरण में)
कंपनी का रजिस्ट्रीकृत कार्यालय एक राज्य से दूसरे राज्य में अंतरित करने के लिए समाचार पत्र में प्रकाशित किया जाने वाला विज्ञापन
केन्द्रीय सरकार क्षेत्रीय निदेशक के समक्ष उत्तरी क्षेत्र I, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप–धारा (4) और कंपनी (निगमन) नियम, 2014 के नियम 30 के उप–नियम (6) के खंड (ए) के मामले में
और
के मामले में
मैसर्स नोवोएवेंदुरास प्राईवेट लिमिटेड
(CIN : U17210DL2011PTC223944)
जिसका पंजीकृत कार्यालय : 1309, 13वां फ्लोर, विक्रम टॉवर, राजिंद्र प्लेस, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110008, इंडिया में स्थित है

...याचिकाकर्ता

आम जनता को यह सूचना दी जाती है कि यह कंपनी केन्द्रीय सरकार के समक्ष कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अधीन आवेदन करने का प्रस्ताव करती है जिसमें कंपनी का पंजीकृत कार्यालय "राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली" से "पंजाब राज्य" में स्थानांतरित करने के लिए तारीख 21.05.2026 को आयोजित असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संदर्भ में कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन में संशोधन की पुष्टि की मांग की गई है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण से यदि किसी व्यक्ति का हित प्रभावित होता है तो वह व्यक्ति या तो निवेशक शिकायत प्ररुप फाइल कर एमसीए–21 पोर्टल (www.mca.gov.in) में शिकायत दर्ज कर सकता है या एक शपथ पत्र जिसमें उनके हित का प्रकार और उसके विरोध का कारण उल्लिखित हो के साथ अपनी आपत्ति क्षेत्रीय निदेशक उत्तरी क्षेत्र I, को इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 14 दिनों के भीतर बी–2 विंग, द्वितीय तल, पंडित दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–110003, ईमेल आईडी : rd.ser@mca.gov.in, पते पर पंजीकृत डाक द्वारा भेज सकता है या सुपुर्द कर सकते हैं और इसकी प्रति आवेदक कंपनी को उनके उपरोक्त पंजीकृत कार्यालय के पते पर भी भेजेगा।
पंजीकृत कार्यालय : 1309, 13वां फ्लोर, विक्रम टॉवर, राजिंद्र प्लेस, सेंट्रल दिल्ली, नई दिल्ली, दिल्ली–110008, इंडिया

कृते आवेदक की ओर से
मैसर्स नोवोएवेंदुरास प्राईवेट लिमिटेड
हस्ता/– हस्ता/–
विक्रम सिंघी जर्का जैन
(निदेशक) (निदेशक)
डीआईएन : 09242I689 डीआईएन : 09420356
दिनांक : 02.06.2026
स्थान : नई दिल्ली

बेजल इंटरनेशनल लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय : ।।–बी/20, प्रथम तल, लाजपत नगर, नई दिल्ली– 110024
सीआईएन : L65923DL1982PLC290287
ईमेल आईडी : bazelinternational@gmail.com, **दूरभाष सं.:** 011–46081516,
वेबसाइट : www.bazelinternationalltd.com

31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के पृथक एवं समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(रु. लाख में)

क्र. सं.	विवरण	पृथक					समेकित				
		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष		समाप्त तिमाही			समाप्त वर्ष	
		31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.12.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.12.2025 (अलेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)
1	परिचालनों से कुल आय	109.90	114.05	243.40	439.89	319.68	103.53	121.18	244.24	441.39	320.51
2	अवधि का निवल लाभ / (हानि) (कर, आपवादिक तथा / अथवा असाधारण मदों से पूर्व)	(19.72)	70.53	148.08	182.44	176.28	18.46	14.57	84.30	123.60	89.66
3	कर पूर्व अवधि का निवल लाभ / (हानि) (आपवादिक तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात्)	(19.72)	70.53	148.08	182.44	176.29	18.46	14.57	84.30	123.60	89.66
4	कर पश्चात् अवधि का निवल लाभ / (हानि) (आपवादिक तथा / अथवा असाधारण मदों के पश्चात्)	(48.34)	52.19	99.12	101.25	144.55	(35.39)	21.46	35.24	42.42	57.91
5	अवधि की कुल व्यापक आय (अवधि के लाभ / (हानि) (कर पश्चात्) तथा अन्य व्यापक आय (कर पश्चात्) से समाविष्ट) (टिप्पणी सं. 2 का संदर्भ लें)	(8.70)	77.28	108.16	139.13	153.59	4.25	46.55	374.86	80.30	406.58
6	प्रदत्त समता अंश पूंजी (रु. 10/– का अंकित मूल्य)	981.52	385.52	278.60	981.52	278.60	981.52	385.22	278.60	981.52	278.60
7	आय प्रति अंश (रु. 10/– प्रत्येक का) (परिचालनरत् तथा अपरिचालित परिचालनों हेतु) :										
	मूलभूत :	(0.49)	1.35	0.38	2.93	7.02	(0.16)	0.56	1.26	2.02	3.63
	तरलीकृत :	(0.49)	1.35	0.38	2.93	7.02	(0.16)	0.56	1.26	2.02	3.63

टिप्पणी :
1. उपरोक्त सारांश दिनांक 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक सारांश है। सेबी (सूचीकरण दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकतायें) विनियमावली 2015 के विनियम 33 में संदर्भित अन्य प्रकार की मदों के साथ वित्तीय परिणामों का पूर्ण प्रारूप, कंपनी की वेबसाइट www.bazelinternationalltd.com पर तथा स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com पर उपलब्ध है। इसे नीचे दिये गये क्यूआर कोड के माध्यम से भी देखा एवं प्राप्त किया जा सकता है।

बोर्ड की ओर से
कृते बेजल इंटरनेशनल लिमिटेड
हस्ता./–
पंकज डावर
(प्रबंध निदेशक)
डीआईएन : 0647964

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 28–05–2026

नक्ष प्रेशियस मेटल्स लिमिटेड

(पूर्व में वैक्संस ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)
सीआईएन क्रमांक: L51502DL2003PLC119052
पंजीकृत कार्यालय: 105, प्रथम मंजिल, बड़ौदिया टावर, प्लॉट नंबर 12, डी ब्लॉक, सेंट्रल मार्केट, प्रशांत विहार, नई दिल्ली–110085
कॉर्पोरेट कार्यालय – दुकान संख्या 720, सातवीं मंजिल, सीटीएस संख्या 725/1, लोटस कैपिटल, नासिक रोड, नासिक, महाराष्ट्र, भारत, 422001 : दूरभाष: 0130–2218572 | फैक्स: 0130–2218572 |
ईमेल आईडी: info@nakshmetals.com | **वेबसाइट:** www-nakshmetals-com

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश

(लाख रुपये में)

क्रम संख्या	विवरण	समेकित परिणाम				
		तिमाही समाप्त			वर्ष समाप्त	
		31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.12.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)	31.03.2026 (लेखापरीक्षित)	31.03.2025 (लेखापरीक्षित)
1	कुल आय	34.11	34.60	50.98	155.74	235.18
2	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि), (असाधारण और/या असाधारण मदों से पहले)	(79.98)	7.63	4.55	(53.49)	42.20
3	कर से पहले की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	(79.98)	7.63	4.55	(53.49)	42.20
4	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद)	(58.97)	7.19	4.55	(37.23)	45.25
5	5 अवधि के लिए कुल व्यापक आय (कर के बाद की अवधि के लाभ/हानि सहित) कर सहित) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)	(58.97)	8.01	4.55	(37.40)	45.25
6	इक्विटी शेयर पूंजी	1052.05	1052.05	1052.05	1052.05	1052.05
7	आरक्षित निधि (वित्तीय परिणाम में दर्शाए गए पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर)	-	-	-	(446.28)	(408.88)
8	प्रति शेयर आय (10 रुपये प्रति शेयर) (निरंतर और बंद परिचालन के लिए)					
	1 बेसिक	0.56	0.08	0.04	0.36	0.43
	2. डाइल्यूटेड	0.56	0.08	0.04	0.36	0.43

स्टैंडअलोन वित्तीय परिणामों के प्रमुख आंकड़े
एसईबीआई के विनियम 47(1)(बी) (1.0DR) के अनुसार कंपनी की स्टैंडअलोन वित्तीय जानकारी:

संचालन से कुल आय	34.11	34.60	50.98	143.83	235.18
कर से पहले शुद्ध लाभ/(हानि)	(79.68)	8.02	4.55	(53.97)	42.20
कर के बाद शुद्ध लाभ/(हानि)	(58.73)	7.49	4.55	(37.58)	45.25

1. वित्तीय परिणामों के विस्तृत नोट्स स्टॉक एक्सचेंजों और कंपनी की वेबसाइटों www-vaksonsautomobiles-in पर उपलब्ध हैं और नीचे दिए गए या कोड के माध्यम से भी देखे जा सकते हैं:

नक्ष प्रेशियस मेटल्स लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/–
स्नेहा विस्पुते
प्रबंध निदेशक
DIN: 09693252

दिनांक: 30 मई, 2026
स्थान: नासिक

इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड

IndiGo

सीआईएन: एल62100डीएल2004पीएलसी129768
पंजीकृत कार्यालय: अपर ग्राउंड फ्लोर, थापर हाउस, गेट नं० 2, वेस्टर्न विंग, 124 जनपथ, नई दिल्ली-110001, भारत
मोबाइल: +91–9650098905; **फैक्स:** +91–11–4351 3200
ई-मेल: investors@goindigo.in; **वेबसाइट:** www.goindigo.in

शेयरधारकों के लिए सूचना
कंपनी के इक्विटी शेयरों का निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में हस्तांतरण

यह सूचना कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 124(6) तथा निवेशक शिक्षा एवं संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा–परीक्षा, हस्तांतरण और रिफंड) नियम, 2016, संबंधित परिपत्रों एवं उनमें समय–समय पर किए गए संशोधनों ("आईईपीएफ नियम") के प्रावधानों के अनुसार प्रकाशित की जा रही है। इसका उद्देश्य शेयरधारकों को यह सूचित करना है कि यदि उनके पिछले लगातार सात वर्षों के किसी भी लाभांश का दावा नहीं किया गया है/उसका भुगतान नहीं हुआ है और वे आगामी हस्तांतरण की नियत तिथि अर्थात शनिवार, 26 सितंबर 2026 तक उसका दावा नहीं करते हैं, तो आईईपीएफ नियमों के अनुसार उनके पात्र शेयर और लाभांश क्रमशः आईईपीएफ प्राधिकरण के निर्धारित डिमैट खाते और बैंक खाते में हस्तांतरित कर दिए जाएंगे। ऐसे शेयरधारकों का विवरण, जिसमें उनका नाम तथा डीपी आईडी/क्लाइंट आईडी शामिल है, कंपनी की वेबसाइट के निवेशक अनुभाग (https://www.goindigo.in/information/investor-relations.html) पर उपलब्ध है।

उपरोक्त के संदर्भ में, ऐसे सभी शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे वित्तीय वर्ष 2018–19 के अंतिम लाभांश की अप्राप्त / अवैतनिक राशि का दावा करने हेतु गुरुवार, 20 अगस्त 2026 तक कंपनी को आवेदन करें, ताकि उनके शेयर आईईपीएफ में हस्तांतरित न किए जाएं। यदि **गुरुवार, 20 अगस्त 2026** तक या उससे पहले कोई वैध दावा प्राप्त नहीं होता है, तो कंपनी बिना किसी अतिरिक्त सूचना के, जहां भी लागू हो, पात्र लाभांश तथा उससे संबंधित इक्विटी शेयरों को आईईपीएफ प्राधिकरण के पक्ष में हस्तांतरित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी।

ऐसे अप्राप्त / अवैतनिक लाभांश और शेयरों के हस्तांतरण की स्थिति में, शेयरधारक निर्धारित प्रपत्र आईईपीएफ–5, जो www.iepf.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है, में ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करके तथा उसी की विधिवत हस्ताक्षरित भौतिक प्रति, प्रपत्र आईईपीएफ–5 में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ कंपनी को भेजकर, आईईपीएफ से उक्त राशि और शेयरों का दावा करने के पात्र होंगे।

उपरोक्त विषय से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार एवं शेयर ट्रांसफर एजेंट, मेसर्स केफिन टेक्नोलॉजीज़ लिमिटेड (यूनिट: इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड), सेलेनियम बिल्डिंग टॉवर बी, प्लॉट नं. 31–32, फाईनान्शियल डिस्ट्रिक्ट, नानकरामगुडा, सेरिलिंगमपल्ली मंडल, हैदराबाद, रंगारेड्डी, तेलंगाना, भारत – 500032 से संपर्क करें। टोल फ्री नं.: 1800–309–4001 अथवा ई–मेल आईडी: einward.ris@kfintech.com ।

इंटरग्लोब एविएशन लिमिटेड के लिए
हस्ता./–
नीरजा शर्मा
कम्पनी सचिव और मुख्य अनुपालन अधिकारी

दिनांक: 1 जून, 2026
स्थान : गुरुग्राम

Criminal Courts Ludhiana

In the court of Sh. Dasvinder singh Judicial Magistrate 1st Class, Ludhiana
Kotak Mahindra Bank
Vs.
Jaspreet Singh
Next Date: 01-07-2026
CNR NO: PBLD03-001096-2024
Notice to: Jaspreet singh : s/o ram krishan r/o sarangwal, jalandhar - 146102, punjab
Whereas it has been proved to the satisfaction of this court that you the accused above named cannot be served in the ordinary way of service. Hence this proclamation under section 82 CRPC is hereby issued against you with a direction that you should appear personally before the court on 01-07-2026 at 10:00 a.m. or within 30 days from the date of publication of this proclamation. take notice that, in default of your part to appear as directed above the above said case will be heard and determined as per law, in your absence. given under my hand and seal of the court. for details logon to: https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=ludhiana
JMIC, Ludhiana
dated this day of

फार्म नं. आइएनसी–26
[कंपनीज (इनकार्पोरेशन) नियमों, 2014 के नियम 30(5)(ए) के अनुवर्ती]
क्षेत्रीय निदेशक, उत्तरी क्षेत्र, दिल्ली के समक्ष

कंपनीज अधिनियम, 2013, कंपनीज़ (इनकार्पोरेशन) नियमों, 2014 के नियम 30(5)(ए) तथा कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13(4) के विषय में।
तथा
हिंदुस्तान मर्चेंट्स लिमिटेड (CIN: U74899DL1985PLC021062) **का पंजीकृत कार्यालयः, एक्स–33, पीपल वाला चौक के पास, नवीन शाहदरा, दिल्ली–110032 स्थित है**

....याचिकाकर्ता

सामान्य जनता को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि कंपनी अपना पंजीकृत कार्यालय **"दिल्ली राज्य" से "उत्तर प्रदेश राज्य" तक** में बदलने के लिए कंपनी को सक्षम बनाने के लिए दिनांक 11.05.2026 को आयोजित कंपनी की असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष प्रस्ताव के अनुसार कंपनी के मेमोरेंडम ऑफ एसोसिएशन के परिवर्तन की पुष्टि मांगने के लिए कंपनीज अधिनियम, 2013 की धारा 13 के अंतर्गत केन्द्र सरकार को आवेदन करना प्रस्तावित है।
कंपनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित परिवर्तन द्वारा प्रभावित होने वाले कोई व्यक्ति, अपनी आपत्ति इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह (14) दिनों के अन्दर **क्षेत्रीय निदेशक के पते बी–2 विंग, दूसरी मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली–** 110003 को विरोध के कारण तथा हित की प्रकृति वर्णित करने वाले शपथ–पत्र द्वारा समर्थित आपत्तियों को पंजीकृत डाक द्वारा या कारणों को भेजें या **निवेशक शिकायत प्रपत्र भरने द्वारा एमसीए–21 पोर्टल** (www.mca.gov.in) पर डिलीवर करने के साथ उसकी प्रति याचिकाकर्ता कंपनी के ऊपर वर्णित पंजीकृत पते पर भेजनी है।

हिते एवं कृते निदेशकों को बोर्ड
हिंदुस्तान मर्चेंट्स लिमिटेड
हस्ता./– **हस्ता./–**
प्रदीप जैन **सुनील जैन**
निदेशक **निदेशक**
डीआईएन: 03525927 **डीआईएन: 00778138**
दिनांक: 20.05.2026
स्थान: दिल्ली

HINDUSTAN AGRIGENETICS LIMITED

CIN: L01119DL1990PLC040979
Regd. Office : C-1/5, Second Floor, Safdarjung Development Area, Hauz Khas, South West Delhi, New Delhi - 110016

STATEMENT OF STANDALONE AUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR TO DATE 31-03-2026

Amt in Lacs except EPS

Sl. No.	Particulars	Quarter Ended			Year Ended	
	(Refer Notes Below)	31-03-2026 (Audited)	31-12-2025 (Unaudited)	31-03-2025 (Audited)	31-03-2026 (Audited)	31-03-2025 (Audited)
	Nature of Report - Standalone or Consolidated	Standalone	Standalone	Standalone	Standalone	Standalone
	REVENUE :					
I	Revenue from Operations	-	-	-	4.33	7.71
II	**Other Income :**					
	- Interest and Other Income	24.87	19.78	17.92	91.60	58.14
	- Changes in Value of Investments	18.49	-	-	9.22	17.85
III	**Total Revenue (I + II)**	**43.36**	**19.78**	**17.92**	**105.15**	**83.70**
IV	**EXPENSES :**					
	a) Cost of Materials Consumed	-	-	-	2.21	4.00
	b) Purchases of Stock-in-Trade	-	-	-	0.00	-
	c) Changes in Inventories	-	-	-	0.00	-
	d) Employee Benefits Expense	2.37	2.34	2.30	9.40	8.82
	e) Finance Cost	0.92	-	-	0.92	1.11
	f) Depreciation and Amortisation Expense	0.67	0.67	0.90	2.69	3.59
	g) Other Expenses :					
	- Other Administrative Expenses	4.01	9.98	19.98	26.25	54.32
	- Manufacturing & Operating Expenses	-	-	-	1.34	2.35
	- Changes in Value of Investments	76.38	11.19	46.62	48.69	40.61
V	Total Other Expenses	80.39	21.17	66.60	76.28	97.28
VI	**Total Expenses**	**84.35**	**24.18**	**69.80**	**91.51**	**114.80**
	Profit / (Loss) before Exceptional and Extraordinary items (III-IV)	**(41.00)**	**(4.40)**	**(51.88)**	**13.64**	**(31.10)**
VII	a) Exceptional Items - Profit on sale of Agrl. Land	13.32	-	-	13.32	0.33
VIII	b) Extraordinary Items	-	-	-	-	-
	Profit / (Loss) Before Tax (V - VI)	**(27.68)**	**(4.40)**	**(51.88)**	**26.96**	**(30.77)**
	Tax Expense :					
	(1) Current Tax	13.68	-	-	13.68	0.00
IX	(2) Income Tax - Earlier Years	-	-	-	-	0.00
X	(2) Deferred Tax	(0.14)	-	(0.27)	(0.14)	(0.27)
XI	**Profit/(Loss) After Tax (Continuing operations) (VII - VIII)**	**(41.22)**	**(4.40)**	**(51.61)**	**13.42**	**(30.50)**
XII	Other Comprehensive Income	-	-	-	-	-
XIII	Total Comprehensive Income (IX + X)	(41.22)	(4.40)	(51.61)	13.42	(30.50)
XIV	**Paid-up Share Capital**	440.02	440.02	440.02	440.02	440.02
	Face Value of the Shares	Rs. 10.00	Rs. 10.00	Rs. 10.00	Rs. 10.00	Rs. 10.00
XV	**Other Equity :**					
	- Total Reserves	775.74	816.96	762.32	775.74	762.32
	Earnings Per Share (before extraordinary items) (of Rs. 10/- each)					
	a) Basic	(0.94)	(0.10)	(1.17)	0.30	(0.69)
	b) Diluted	(0.94)	(0.10)	(1.17)	0.30	(0.69)

Notes:
1) The above audited financial results were reviewed and recommended by Audit Committee and approved by the Board of Directors at their meeting held on 30th May, 2026 and the review of the same have been carried out by the Statutory Auditors of the company.
2) The Company had adopted the Indian Accounting Standards (Ind AS) from April 1, 2017 and these financial results have been prepared in accordance with the Companies (Indian Accounting Standards) Rules, 2015 (Ind AS) prescribed under Section 133 of the Companies Act, 2013 an other accounting principles generally acepted in India.
3) The format of audited quarterly results as prescribed by SEBI's Circular CIR/CFD/CMD / 15/2015 dated 30th November, 2015 has been modified to comply with the requirements of SEBI Circular dated 5th July, 2016, Ind AS and Schedule III of the Companies Act, 2013.
4) The Company has one reportable business segment viz., Trading in Agricultural Seeds.
5) The previous period figures have been rearranged / regrouped, wherever necessary, to confirm to current period classification.

By and on behalf of the Board of Directors of
HINDUSTAN AGRIGENETICS LIMITED
RAJENDRA NANIWADEKAR
Managing Director

Place : Hyderabad
Date : 30.05.2026

पदम कॉटन यार्न्स लिमिटेड

सीआईएन: L17112HR1997PLC033641
पंजीकृत कार्यालय:196, पहली मंजिल, रेड क्रॉस भवन के सामने, जी.टी. रोड, करनाल–132001 (हरियाणा)
कॉर्पोरेट कार्यालय: सी – 801, कृष क्यूबिकल गोवर्धन पार्टीप्लॉट, एवलॉन हॉटल रोड, सिंधु भवन मार्ग, थलतेज, अहमदाबाद, दस्क्रोई, गुजरात, भारत, 380059
वेबसाइट: www.padamcotton.com | ईमेल: cspcyl6@gmail.com | टेलीफोन: 9998865217

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए अंकेक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

कंपनी के निदेशक मंडल ने शनिवार, 30 मई, 2026 को हुई बैठक में 31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए कंपनी के लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों ("वित्तीय परिणाम") को मंजूरी दे दी।
सीमित समीक्षा रिपोर्ट के साथ गैर–लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों को कंपनी की वेबसाइट पर OUTCOME OF BOARD MEETING_RESULTS AS ON 31.03.2026.pdf पर अपलोड किया गया है और दिए गए क्यूआर कोड के माध्यम से इसे एक्सेस किया जा सकता है।

पदम कॉटन यार्न्स लिमिटेड के लिए
हस्ता/–
दिनेश श्रीवास्तव
पूर्णकालिक निदेशक
डीआईएन: 11030609

तिथि: 01.06.2026
स्थान: अहमदाबाद

अहलुवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः ए–177, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज–I, नई दिल्ली–110020
सीआईएन क्रमांकः L45101DL1979PLC009654 – वेबसाइटः www.acilnet.com ईमेलः mail@acilnet.com
31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए स्वतंत्र और समेकित लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का विवरण

(राशि लाख रुपये में)

क्र. सं.	विवरण	स्वतंत्र				समेकित			
		समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष		समाप्त तिमाही		समाप्त वर्ष	
		31-03-2026 (लेखापरीक्षित)	31-03-2025 (लेखापरीक्षित)	31-03-2026 (लेखापरीक्षित)	31-03-2025 (लेखापरीक्षित)	31-03-2026 (लेखापरीक्षित)	31-03-2025 (लेखापरीक्षित)	31-03-2026 (लेखापरीक्षित)	31-03-2025 (लेखापरीक्षित)
I	परिचालनों से कुल आय	132229.87	121563.63	456519.81	409862.31	132229.87	121563.63	456519.81	409862.31
II	अवधि के लिए शुद्ध लाभ/हानि (कर से पहले, अपवादात्मक और /या असाधारण मदें)	10795.52	11174.41	35751.94	27240.22	10802.49	11180.03	35777.26	27260.06
III	कर से पहले की अवधि के लिए सामान्य गतिविधियों से शुद्ध लाभ/(हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के बाद)	10795.52	11174.41	35751.94	27240.22	10986.68	11191.18	35909.22	27297.27
IV	कर के बाद की अवधि के लिए शुद्ध लाभः (हानि) (अपवादात्मक और/या असाधारण मदों के बाद)	8014.06	8316.47	26432.16	20151.08	8202.11	8333.24	26586.34	20208.13
V	अवधि के लिए कुल व्यापक आय [जिसमें अवधि के लिए लाभ/(हानि) (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद) शामिल हैं]	7973.29	8333.45	26391.49	20128.09	8161.34	8350.22	26545.66	20185.14
VI	इक्विटी शेयर पूंजी	1339.75	1339.75	1339.75	1339.75	1339.75	1339.75	1339.75	1339.75
VII	अन्य इक्विटी (आरक्षित) (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित को छोड़कर) जैसा कि वर्ष के लेखापरीक्षित तुलन पत्र में दर्शाया गया है			204656.39	178066.82			204550.62	178504.99
VIII	प्रति शेयर आय (2 रुपये प्रति शेयर) (निरंतर और बंद किए गए संचालन के लिए)								
	मूल	11.96	12.41	39.46	30.08	12.24	12.44	39.69	30.17
	तनुकृत	11.96	12.41	39.46	30.08	12.24	12.44	39.69	30.17

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त स्वतंत्र और समेकित वित्तीय परिणामों की समीक्षा लेखापरीक्षा समिति द्वारा की गई है और उसके बाद निदेशक मंडल ने 30 मई, 2026 को आयोजित अपनी बैठक में इन्हें अनुमोदित किया है। स्वतंत्र और समेकित वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (आईएनडी–एएस) के अनुसार, कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम, 2015 के नियम 3 और उसके बाद के प्रासंगिक संशोधन नियमों के साथ तैयार किए गए हैं। वैधानिक लेखापरीक्षकों ने इन परिणामों पर अपरिवर्तित लेखापरीक्षा राय व्यक्त की है।
2. निदेशक मंडल ने वित्तीय वर्ष 2025–26 के लिए 35: की दर से 0.70 पैसे प्रति इक्विटी शेयर (प्रत्येक का अंकित मूल्य 2 रुपये) लाभांश की सिफारिश की है,जो आगामी वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों की स्वीकृति के अधीन है।
3. उपरोक्त विवरण , 31 मार्च 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है, जिसे एसईबीआई (एलओडीआर) विनियमन 2015 के संशोधित विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंजों में दाखिल किया गया है। परिणाम कंपनी की वेबसाइट **www.acilnet.com** और बीएसई और एनएसई की वेबसाइटों **www.bseindia.com** और **www.nseindia.com** पर उपलब्ध हैं।

अहलुवालिया कॉन्ट्रैक्ट्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ताक्षर/
(बिक्रमजीत अहलुवालिया)
प्रबंध निदेशक
डीआईएन–00304947

स्थानः नई दिल्ली
दिनांकः 30.05.2026

होर्मुज के पूर्व और लाल सागर से होकर गुजरने वाली नौवहन सेवाओं में बढ़ोतरी

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने फारस की खाड़ी में मौजूदा समुद्री स्थिति को लेकर जानकारी देते हुए कहा, पश्चिम एशिया में मौजूदा स्थिति के बीच होर्मुज के पूर्व और लाल सागर से होकर गुजरने वाली नौवहन सेवाओं में बढ़ोतरी हुई है। होर्मुज के पश्चिमी हिस्से से जहाजों की आवाजाही प्रभावित होने के बाद फरवरी में 127 से बढ़कर अप्रैल में 257 पहुंचने के बाद मई में 245 नौवहन सेवाएं दर्ज की गईं। यह समुद्री व्यापार की मजबूती और नौवहन क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के बीच लगातार बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, और पिछले 72 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या भारतीय चालक दल वाले विदेशी जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है।

मंत्रालय के अधिकारी ने बताया कि इस क्षेत्र में सभी भारतीय नाविक सुरक्षित हैं, और पिछले 72 घंटों में भारतीय ध्वज वाले जहाजों या भारतीय चालक दल वाले विदेशी जहाजों से जुड़ी कोई घटना सामने नहीं आई है। मंत्रालय ने जहाजरानी महानिदेशालय (डीजी शिपिंग) के जरिए अब तक 3,446 से अधिक भारतीय नाविकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी में सहायता की है, जिनमें खाड़ी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों से पिछले 72 घंटों में 24 नाविक शामिल हैं।

अंतर मंत्रालयी संबोधन के दौरान अधिकारी ने बताया कि सरकार ने खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार बनाए रखा है, नियमित आयात, घरेलू उत्पादन और मौजूदा भंडार के समर्थन से खाद्य तेलों की घरेलू उपलब्धता पर्याप्त बनी हुई है।

पश्चिम एशिया संघर्ष : युद्धविराम की स्थिति बनी नाजुक

अमेरिका ने ईरानी सैन्य स्थलों पर बमबारी की, कुवैत पर हुए ड्रोन व मिसाइल हमले

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

अमेरिका ने सोमवार को कहा कि इस सप्ताहांत में तेहरान द्वारा एक अमेरिकी ड्रोन को मार गिराए जाने के बाद उसने ईरान में रडार और ड्रोन ठिकानों पर बमबारी की।

अमेरिका के बयान के बाद ईरान ने कहा कि उसने कुवैत में अमेरिकी सैनिकों को मिसाइलों से निशाना बनाया, जिन्हें अमेरिका ने मार गिराने का दावा किया है। ये हमले ईरान युद्ध में कई सप्ताह से लागू युद्धविराम की नाजुक स्थिति को दशार्ते हैं। अमेरिकी और ईरानी अधिकारी इस युद्धविराम की अवधि को बढ़ाने के लिए समझौते पर बातचीत करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद हमले लगातार जारी हैं।

ईरान होर्मुज जलमार्ग पर अपनी पकड़ बनाए हुए है जिससे वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति बाधित हुई है। कभी फारस की खाड़ी के इस संकरे मुहाने से तेल और प्राकृतिक गैस के वैश्विक कारोबार का पांचवां हिस्सा गुजरता था। ब्रिटिश सेना ने बताया कि सोमवार अपराह्न इराक के तट पर एक मालवाहक जहाज पर हमला हुआ। इजराइल और लेबनानी चरमपंथी समूह हिज्बुल्ला के बीच लड़ाई तेज हो गई है। इजराइल ने लेबनान में अपना कब्जा काफी अंदर तक बढ़ा दिया है, और हिज्बुल्ला – जो अपने मुख्य समर्थक ईरान के समर्थन में युद्ध में शामिल हुआ – इजराइल पर ड्रोन हमले जारी रखे हुए है।

अमेरिकी सेना की 'सेंट्रल कमांड' ने कहा कि उसने शनिवार और रविवार को ईरान में गेरुक शहर और केशम द्वीप के आसपास हमले किए। 'सेंट्रल कमांड' ने कहा, 'सीमित और सोच-समझकर किए गए ये हमले ईरान की आक्रामक कार्रवाइयों के जवाब में हुए थे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय जलक्षेत्र के ऊपर उड़ान भर रहे 'अमेरिकी एमक्यू-1' ड्रोन को मार गिराना शामिल है।'

उसने कहा, 'अमेरिकी लड़ाकू विमानों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ईरानी वायु रक्षा प्रणालियों, एक जमीनी नियंत्रण केंद्र और दो ऐसे ड्रोन को नष्ट कर दिया जो क्षेत्रीय जलक्षेत्र से गुजर रहे पोतों के लिए स्पष्ट खतरा पैदा कर रहे थे।' प्रीडेटर ड्रोन को अमेरिकी वायुसेना सेवा से हटा चुकी है और अब वह 'एमक्यू-9 रीपर' ड्रोन का इस्तेमाल करती है लेकिन अमेरिकी थल सेना अब भी प्रीडेटर ड्रोन का उपयोग करती है। अमेरिकी सेना ने कहा कि इन हमलों में कोई अमेरिकी सैनिक हताहत नहीं हुआ। इस बीच कुवैत ने कहा कि उसकी वायु रक्षा प्रणालियों ने ड्रोन और मिसाइल हमलों को रोकने के लिए सोमवार तड़के कार्रवाई शुरू कर दी।

ईरान की सरकारी समाचार एजेंसी आईआरएनए की खबर के अनुसार, ईरानी अर्द्धसैन्य बल 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने एक बयान में बताया कि अमेरिकी बलों ने एक द्वीप पर दूरसंचार टावर को निशाना बनाया। 'रिवोल्यूशनरी गार्ड' ने कहा कि उसने जवाबी हमला किया लेकिन यह नहीं बताया कि हमला कहां किया गया। ब्रिटिश सेना ने बताया कि सोमवार को इराक के उम कसर तट के पास एक मालवाहक जहाज पर हमला किया गया, जिससे एक 'बड़ा विस्फोट' हुआ। हालांकि ईरान ने पहले भी इराक के तट पर जहाजों पर हमले किए हैं, लेकिन सेना ने कोई विवरण नहीं दिया और किसी ने भी हमले की जिम्मेदारी नहीं ली।

ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बगाई ने सोमवार को एक बार फिर अमेरिका पर लगातार अपना रुख बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, 'शुरू से ही हम जानते थे और अब भी जानते हैं कि हम अविश्वास के माहौल में बातचीत कर रहे हैं।'

'मिसाइलों व ड्रोन का सामना किया'

कुवैत की सेना ने कहा कि उसके हवाई सुरक्षा तंत्र ने 'दुश्मन' मिसाइलों और ड्रोन का सामना किया, लेकिन उसने यह जानकारी नहीं दी कि यह हमला कहां से हुआ था। यह नए हमले तीन महीने पुराने युद्ध को खत्म करने के लिए चल रही बातचीत के दौरान हुए। यह युद्ध 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल के हमलों के साथ शुरू हुआ था, जिसमें अब तक हजारों लोग मारे जा चुके हैं और वैश्विक ऊर्जा की कीमतें तेजी से बढ़ गई हैं।

हमले में कोई हताहत नहीं : ईरान

ईरानी मीडिया ने बताया है कि अमेरिकी सेना ने बंदर अब्बास बंदरगाह के पास हमला किया, जिससे कोई नुकसान या हताहत नहीं हुआ। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कार्प्स ने बाद में कहा कि उसने बंदर अब्बास हमले के जवाबी कार्रवाई में एक अमेरिकी एयरबेस पर हमला किया, और चेतावनी दी कि यदि अमेरिका का आक्रमण जारी रहा तो और भी निर्णायक कार्रवाई की जाएगी।

ईरानी ड्रोन को मार गिराया : अमेरिका

एक अमेरिकी अधिकारी ने रायटर्स को बताया कि अमेरिकी सेना ने रात के समय ईरान में नए हमले किए। अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी सेना ने कई ईरानी ड्रोन को भी रोका और मार गिराया, जो इसी तरह का खतरा पैदा कर रहे थे।

खबर कोना

कुलगाम में सोमवार को नशामुक्त पदयात्रा के दौरान बच्चों के साथ जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा।

अमेरिकी सेना ने होर्मुज से 70 वाणिज्यिक जहाजों को सुरक्षित निकलवाया

वाशिंगटन, 1 जून (भाषा)।

पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी सशस्त्र बलों ने लगभग 70 वाणिज्यिक जहाजों को होर्मुज जलमार्ग से सुरक्षित निकाला है। ईरान के साथ अमेरिका के युद्ध की शुरुआत के तीन महीने बाद से यह जलमार्ग जोखिम भरा बना हुआ है। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि पिछले तीन हफ्तों में अमेरिकी सेंट्रल कमान ने फारस की खाड़ी में आने-जाने वाले लगभग 70 वाणिज्यिक जहाजों का जलमार्ग से गुजरने में मार्गदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि संकरे जलमार्ग से गुजरते समय पकड़े जाने से बचने के लिए ज्यादातर जहाजों ने अपने ट्रांसपोंडर बंद कर दिए थे। बताया गया कि 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने से पहले, प्रतिदिन 100 से अधिक वाणिज्यिक जहाज होर्मुज से होकर गुजरते थे। ईरान और ओमान से घिरे इस संकरे जलमार्ग से वैश्विक तेल आपूर्ति की 20 फीसद माल ढुलाई होती है। अधिकारियों ने यह बताने से इनकार कर दिया कि किस प्रकार के जहाज वहां से गुजर रहे थे और उन्होंने कौन सा मार्ग अपनाया, लेकिन अधिकारी ने संकेत दिया कि एक मार्ग ईरानी तटरेखा के करीब नहीं था। अधिकारियों ने कहा कि ईरान की अनुमति के बिना ईरान के पास से गुजरने वाले जहाजों पर ईरानी ड्रोन या मिसाइलों द्वारा हमले का खतरा निश्चित है।

नागेंद्र नाथ त्रिपाठी भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठक नियुक्त

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष नितिन नवीन ने पार्टी के वरिष्ठ नेता नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को राष्ट्रीय संगठक नियुक्त किया है। पार्टी के एक पदाधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। त्रिपाठी बिहार और झारखंड के लिए भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री के रूप में सेवाएं दे रहे थे। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री (संगठन) अरुण सिंह ने एक अधिसूचना में कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने नागेंद्र नाथ त्रिपाठी को पार्टी का राष्ट्रीय संगठक (विशिष्ट कार्यकर्ता संपर्क) नियुक्त किया है। उनका केंद्र दिल्ली रहेगा।

राज्यसभा की 27 व तीन विधानसभा के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित

नई दिल्ली, 1 जून (ब्यूरो)।

निर्वाचन आयोग ने सोमवार को देश में होने वाले 27 राज्यसभा और तीन विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इन सीटों पर आगामी 18 जून को मतदान होगा। यह प्रक्रिया सुबह आठ बजे से शुरू होगी और चार बजे तक होगी। मतदान के दिन ही निर्वाचन आयोग मतों की गणना की प्रक्रिया शुरू करेगा। इन चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया आदेश जारी होने के साथ ही शुरू हो गई है और आगामी आठ जून तक इन सीट के लिए नामांकन किया जाएगा। नामांकन की जांच नौ जून होगी और नामांकन करने वाला उम्मीदवार 11 जून तक अपना नामांकन वापस ले सकता है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक इस प्रक्रिया के तहत दस राज्यों की 24 सीट के लिए मतदान होगा। इन राज्यों में महाराष्ट्र, तमिलनाडु और ओडिशा की सीट शामिल हैं। इसी प्रकार बिहार राज्य विधानसभा की नौ सीटों के लिए द्विवार्षिक चुनाव होगा और एक सीट के लिए उपचुनाव कराया जाएगा। कर्नाटक में विधानसभा की सात सीट के लिए चुनाव कराया जाएगा।

तृणमूल ने पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर दो विधायकों को निकाला

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

तृणमूल कांग्रेस ने कथित पार्टी विरोधी गतिविधियों को लेकर अपने दो विधायकों संदीपन साहा और ऋतव्रत बनर्जी को सोमवार को निष्कासित कर दिया।

इस निष्कासन आदेश से कुछ ही मिनट पहले मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने राज्य सचिवालय में संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा था कि राज्य विधानसभा में 'फर्जी हस्ताक्षर' मामले के संबंध में शिकायतें इन दोनों विधायकों ने दर्ज कराई थीं। यह मामला तृणमूल द्वारा शोभनदेब चट्टोपाध्याय को विपक्ष के नेता के रूप में समर्थन दिए जाने के पत्र से जुड़ा है। दोनों विधायकों को भेजे गए पत्र में कहा गया है, 'अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस के संज्ञान में सक्षम प्राधिकारी के माध्यम से यह बात लाई गई है कि एआइटीसी द्वारा नामित उम्मीदवार के रूप में निर्वाचित होने के बावजूद आप पार्टी के अधिकृत नेतृत्व द्वारा बुलाई गई बैठकों में शामिल होने में विफल रहे हैं और आपने खुद को पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल किया है।'

पार्टी उपाध्यक्ष चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया, 'यह भी पाया गया है कि आप ऐसी गतिविधियों में शामिल रहे हैं और आपने ऐसे बयान दिए हैं, जो तृणमूल कांग्रेस के हितों के प्रतिकूल हैं।'

पत्र में कहा गया है कि मामले पर विचार-विमर्श करने के बाद तृणमूल के प्राधिकारी ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित करने का फैसला किया है।

कर्नाटक मंत्रिमंडल गठन पर आज सहमति संभव

सिद्धरमैया और शिवकुमार की शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक

जनसत्ता ब्यूरो
नई दिल्ली, 1 जून।

कर्नाटक में नए मुख्यमंत्री पद का फैसला होने के बाद अब डीके शिवकुमार से मंत्रिमंडल सहयोगियों की तलाश शुरू हो गई है। इसके लिए सोमवार को दिल्ली में कर्नाटक के नेताओं का तांता लगा रहा और इन नेताओं ने पार्टी के शीर्ष नेतृत्व से मुलाकात की।

संपत्ति का विवरण साइट के अनुसार वर्तमान तिथि के अनुसारः वाणिज्यिक/औद्योगिक मुक्तधारित संपत्ति जिसका क्षेत्रफल 1250 वर्ग गज है, जिसमें 11250 वर्ग फुट का शेड/भवन और एक छोटा कार्यालय शामिल है, जो मुंडका के राजस्व क्षेत्र (राजधानी मेट्रो स्टेशन के निकट), स्वाम पार्क, मुंडका, दिल्ली – 110041 में स्थित है, श्रीमती सुमन रानी पत्नी श्री अनिल कुमार गोयल के नाम पर है और जिसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: **उत्तरः** सड़क, दक्षिणः 18 फुट सड़क, **पूर्वः** 13 फुट सड़क, **पश्चिमः** अन्य।

आरक्षित मूल्य,	ईएमडी,	बोली राशि, वृद्धिशील	कब्जा प्रकार
रु. 8,10,00,000/–	रु. 81,00,000/–	रु. 5,00,000/–	भौतिक

संपत्ति का निरीक्षण	सभी कार्य दिवसों में – 02.06.2026 से 20.06.2026 तक सुबह 11:00 बजे से शाम 5:00 बजे के बीच
ऑनलाइन निविदा एवं आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि और समयः	**दिनांकः 22.06.2026, समयः शाम 5:00 बजे**
ई–नीलामी की तिथि और समय	ई–नीलामी पोर्टल **https://bankauctions-in (ई–नीलामी प्रदाता का वेब पता) के माध्यम से 23/06/2026 को सुबह 11:00 बजे से 11:30 बजे के बीच होगी, जिसमें बिक्री पूरी होने तक 5 मिनट के असीमित विस्तार की सुविधा उपलब्ध होगी।**
नोडल बैंक खाता नाम	**करूर वैश्य बैंक लिमिटेड,** केंद्रीय कार्यालय, खाता संख्याः **मेसर्स आजाद इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, IFSC कोडः KVBL0001101 के पक्ष में।**
संपर्क व्यक्ति एवं फोन नंबर	अतुल अग्रवाल, फोनः 7827006229, राजेश ठक्कर, फोनः 9910972101, ईमेलः **arbdelhi@kvbmail.com**

बिक्री के विस्तृत नियम और शर्तों के लिए, कृपया करूर वैश्य बैंक लिमिटेड की वेबसाइट https://www.kvb-bank.in/Property Under Auction पर दिए गए लिंक और सेवा प्रदाता, M/s- 4Closure के वेब पोर्टल https://bankauctions पर दिए गए लिंक को देखें।

सरफेसी अधिनियम, 2002 के नियम 6(2) के साथ पठित नियम 9(1) के अंतर्गत 15 दिनों की सांविधिक सूचना

ऋणकर्ता और गारंटर/गारंटरों को सूचित किया जाता है कि वे उपर्युक्त बकाया राशि, अद्यतन ब्याज और अन्य संबंधित खर्चों सहित, इस सूचना की प्राप्ति तिथि से 15 दिनों के भीतर भुगतान करें। ऐसा न करने पर, अनुसूची में उल्लिखित संपत्ति की नीलामी/बिक्री की जाएगी और यदि कोई बकाया राशि हो, तो उसे ब्याज और लागत सहित वसूल किया जाएगा।

दिनांकः 02.06.2026
स्थानः नई दिल्ली

अधिकृत अधिकारी
करूर वैश्य बैंक लिमिटेड

ऐक्सिस बैंक लि0 कब्जे की नोटिस

रिटेल एसेट्स सेंटरः प्रथम तल, जी–4/5 बी सेंटर–4, गोमती नगर विस्तार, लखनऊ– 226010
रजिस्टर्ड ऑफिसः (त्रिशूल), तृतीय तल, समराथेश्वर मंदिर के सामने, लॉ गार्डन के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद–380006

जबकि, अधोहस्ताक्षरी, ऐक्सिस बैंक लि0 के प्राधिकारी, न सिक्योरिटाइजशन एण्ड रिकन्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेट्स एण्ड एन्फोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के अन्तर्गत तथा सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) रूल, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त एक्ट की धारा 13(2) के अन्तर्गत मांग नोटिस जारी किये गये। उक्त वर्णित उधारकर्ता राशि का भुगतान करने में असफल रहे है, अतः उक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से एवं सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उन्हें उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त एक्ट की धारा 13(4) के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए कब्जा ले लिया है। उपरोक्त वर्णित उधारकर्ताओं को विशेष रूप से तथा सर्वसाधारण को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त सम्पत्ति के साथ कोई सौदा न करें तथा उक्त सम्पत्ति के साथ किया जाने वाला कोई सौदा एक्सिस बैंक लि0 के साथ उक्त नोटिस में वर्णित वार्षिक ब्याज, अनुशंगी व्यय, लागत, प्रभार इत्यादि समेत से प्रभावी, मॉर्टगेज के विषयाधीन होगा। ऋणी/सह–ऋणी/बंधककर्ता एवं जमानतकर्ता का ध्यान सरफेसी एक्ट की धारा 13(8) की ओर आकृष्ट किया जाता है कि तय समय सीमा में बन्धक सम्पत्ति को रीडीम (मोचन) कर सकते हैं।

खातेदार/गारन्टरों का नाम एवं पता	सुरक्षित सम्पत्तियों का विवरण	मांग नोटिस के अनुसार बकाया राशि / मांग सूचना की तिथि / कब्जे की तिथि
1. मै0 प्रकाश ऑयल्स (ऋणी) प्रोपराइटर श्री प्रकाश यादव पताः1– एमई 320 मिनि एम.आई.जी., पूर्णचन्द्र विद्यालय रोड, बर्रा 2, कानपुर उ0प्र0–208027, **पताः2**– एमई 344, मिनि एम.आई.जी., ब्लॉक एमआई, योजना नं0 40, बर्रा 2, कानपुर 208027, **पताः 3**– ए–938, हेमन्त विहार, बर्रा 2, कानपुर 208027, 2. श्री प्रकाश यादव (सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर) पुत्र श्री राम लखन यादव **पताः 1**– एमई 320 मिनि एम.आई.जी., पूर्णचन्द्र विद्यालय रोड, बर्रा 2, कानपुर उ0प्र0–208027, **पताः 2**– एमई 344, मिनि एम.आई.जी, ब्लॉक एमआई, योजना नं0 40, बर्रा 2, कानपुर 208027	परिवर्तित भूमि/सम्पत्ति के सभी भाग एवं खंड स्थित मकान नं0 एमई 344, ग्राउण्ड फ्लोर, मिनि एम.आई.जी., ब्लॉक एमआई, योजना नं0 40, बर्रा 2, कानपुर, उ0प्र0, एरियाः 103.09 वर्ग मी., सम्पत्ति श्री प्रकाश यादव पुत्र श्री राम लखन यादव के नाम। **चौहद्दीः** पूर्व– मकान नं0 346, पश्चिम– मकान नं0 342 , उत्तर– ओल्ड एम.आई.जी., दक्षिण– रोड।	**रू0 3395935.42 रू0 609922.62 दि. 26.11.2025 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे** / 26.11.2025 / 30.05.2026
1. मै0 श्री बिहारी जी कैटल फीड्स प्राइवेट लिमिटेड (ऋणी/बंधककर्ता) निदेशकों के माध्यम से, **पताः 1.** 117/155, ओ ब्लॉक, निकट गीता नगर क्रोसिंग कानपुर, उत्तर प्रदेश–208006, **पताः 2.** 73/31, प्रथम तल, न्यू भंडारी भवन, कलेक्टरगंज, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश, **पताः 3.** 1449, अकबरपुर, कानपुर देहात, जिला कानपुर, उ0प्र0, 2. श्री यतीन्द्र कुमार गुप्ता (सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर) पुत्र श्री विश्वनाथ गुप्ता **पताः 1.** मकान नं0 117/155, ओ ब्लॉक, गीता नगर, रावतपुर निकट गीता नगर, क्रोसिंग कानपुर, उत्तर प्रदेश–208019, **पताः 2.** 73/31, प्रथम तल, न्यू भंडारी भवन, कलेक्टरगंज, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश, **पताः 3.** 1449, अकबरपुर, कानपुर देहात, जिला कानपुर, उ0प्र0, 3. श्री दिनेश चन्द्र गुप्ता (सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर) पुत्र श्री कुन्दन लाल गुप्ता **पताः 1.** महाराणा प्रताप नगर, बिल्होर कानपुर, उत्तर प्रदेश–209202, **पताः 2.** 73/31, प्रथम तल, न्यू भंडारी भवन, कलेक्टरगंज, जिला कानपुर, उत्तर प्रदेश, **पताः 3.** 1449, अकबरपुर, कानपुर देहात, उ0प्र0	परिवर्तित व्यवसायिक सम्पत्ति के सभी भाग एवं खंड, 1449, ग्राम बिसायकपुर, परगना अकबरपुर, कानपुर देहात, कानपुर, उ0प्र0, एरियाः 5630 वर्ग मी., सम्पत्ति मै0 श्री बिहारी जी कैटल फीड्स प्रा0 लि0 के नाम, सभी भवनों एवं उन पर स्थित सहित, फिक्चर्स, फिटिंग एवं सभी संयंत्र और मशीनरी जो पृथ्वी से जुड़ी है या पृथ्वी से जुड़ी हुई किसी भी चीज से स्थाई रूप से जुड़ी हैं, **चौहद्दीः**–पूर्व–अन्य मकान रोड, पश्चिम–कृषि भूमि, उत्तर–रोड, दक्षिण–बी आर पॉली पैक।	**रू0 29643470.61 रू0 1447671.09 दि. 01.12.2025 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे** / 10.03.2026 / 30.05.2026
1. मै0 मां दुर्गा ट्रेडर्स (ऋणी) प्रोपराइटर श्री विनय कुमार यादव पताः कुंवरपुर, सैदपुर, निकट प्राइमरी स्कूल गाजीपुर, उ0प्र0–233302, 2. श्री विनय कुमार यादव (सह–ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर) पुत्र श्री राना सिंह यादव **पताः 1.** कुंवरपुर, नसारा, सैदपुर निकट प्राइमरी स्कूल, जिला–गाजीपुर, उ0प्र0–233302, **पताः 2.** आराजी नं0 0637, निसारा, तहसील सैदपुर गाजीपुर, उ0प्र0–250001	परिवर्तित भूमि/सम्पत्ति के सभी भाग एवं खंड, स्थित आराजी नं0 637, मौजा नौसारा, परगना एवं तहसील सैदपुर, जिला गाजीपुर, उ0प्र0, एरियाः 0.1177 हेक्ट., सम्पत्ति श्री विनय कुमार यादव पुत्र श्री राना सिंह यादव के नाम, **चौहद्दीः**–पूर्व–भगवत पाल की भूमि, पश्चिम– चक रोड, उत्तर–जगदीश यादव की भूमि, दक्षिण–चक रोड।	**रू0 3581767.49 दि. 22.08.2025 तक + ब्याज एवं अन्य खर्चे** / 08.09.2025 / 29.05.2026

दिनांकः 02.06.2026
प्राधिकृत अधिकारी, एक्सिस बैंक लि0

SOUTH INDIAN Bank

द साउथ इंडियन बैंक लि.

क्षेत्रीय कार्यालय–दिल्ली, 3री मंजिल, प्लॉट नं. 21, 21/1, पूसा रोड, करोल बाग, नई दिल्ली–110005
ईमेलः ro1008@sib.co.in

RO: DEL/CRD/SAR/12/2026-27 दिनांकः 01-06-2026

ई-नीलामी बिक्री सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) और 9(1) के परंतुक के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना

ऋणधारक): 1) मैसर्स आदित्य क्लीन एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड, 101–ए शिव कुटीर, दूसरी मंजिल, हरि नगर आश्रम, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली–110014
अन्य पताः बी–12 और 13, सालेमपुर औद्योगिक क्षेत्र, डाकघर सिकंदरा राव, जिला हाथरस, उत्तर प्रदेश–204101
गारंटर्सः 2. श्री मनोज कुमार, 39 मेधा अपार्टमेंट, मयूर विहार, फेज 1, एक्सटेंशन, नई दिल्ली 110092
3. श्रीमती जानकी जोशी, 39 मेधा अपार्टमेंट, मयूर विहार, फेज 1, एक्सटेंशन, नई दिल्ली 110092
4. मैसर्स विजन कंट्रोल प्रोडक्ट्स प्रा. लि., 101–ए शिव कुटीर, पहली मंजिल, हरि नगर आश्रम, नई दिल्ली, दक्षिण दिल्ली, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली–110014

एतदद्वारा सर्वसाधारण और विशेष रूप से ऋणधारक/जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति, जो द साउथ इंडियन बैंक लि., कनॉट प्लेस शाखा, नई दिल्ली (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है, और जिसका भौतिक कब्जा द साउथ इंडियन बैंक लि. (सुरक्षित लेनदार) के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उसे ऊपर उल्लिखित ऋणधारक और जमानतदारों से द साउथ इंडियन बैंक लि., कनॉट प्लेस शाखा - नई दिल्ली (सुरक्षित लेनदार) के बकाया ₹ 1,48,33,898.60/- (रुपये एक करोड़ अड़तालीस लाख तेतीस हजार आठ सौ अनठानवे और साठ पैसे मात्र) दिनांक 31.05.2026 तक, तथा इसके बाद भविष्य के ब्याज, लागत और खर्चों आदि की वसूली के लिए दिनांक 18.06.2026 को "जैसा है जहाँ है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी वहाँ है" की स्थिति में बेचा जाएगा।

संपत्ति के मालिक का नाम	**मैसर्स आदित्य क्लीन एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड**
संपत्ति का विवरण	मैसर्स आदित्य क्लीन एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड के स्वामित्व में उत्तर प्रदेश के जिला हाथरस, परगना/तहसील सासनी के अंतर्गत सालेमपुर गाँव में स्थित यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र के प्लॉट सं. बी–12 पर स्थित 3200 वर्ग मीटर. भूमि का वह पूरा हिस्सा और टुकड़ा, साथ ही उस पर मौजूदा अन्य सभी निर्माण, सुधार, सुखाचार अधिकार और अन्य सभी संबद्ध वस्तुएं, जिसका विस्तृत विवरण एसआरओ सासनी, हाथरस में पंजीकृत लीज डीड सं. 306/16 और 307/16 में दर्ज है, **जिसकी चौहद्दी (सीमाएं) इस प्रकार हैं: संपत्ति की माप 3200 वर्ग मी.(प्लॉट नं. बी12); उत्तरः प्लॉट नं. प्लॉट नं.बी11, दक्षिणः प्लॉट नं. बी13, पूर्वः सड़क, पश्चिमः शॉपिंग क्षेत्र**
आरक्षित मूल्य	₹ 2,16,00,000/- (रुपये दो करोड़ सोलह लाख मात्र)
धरोहर जमा राशि (ईएमडी)	₹ 21,60,000/- (रुपये इक्कीस लाख साठ हजार मात्र) - ईएमडी दिनांक 17.06.2026 को दोपहर 02:00 बजे तक या उससे पहले जमा की जानी चाहिए।
बोली वृद्धि राशि	₹ 10,000/- (रुपये दस हजार मात्र)
ई–नीलामी की तिथि और समय	18.06.2026 को सुबह 11:00 बजे से दोपहर 11:30 बजे तक (बिक्री समाप्त होने तक 5 मिनट के असीमित ऑटो–एक्सटेंशन के साथ)
बैंक को ज्ञात अधिभार	दिनांक 01.01.2022 से 07–11–2024 तक कोई भार नहीं है (शून्य)। हालांकि, माननीय ऋण वसूली न्यायाधिकरण, इलाहाबाद के समक्ष SA/136/2025 लंबित है।

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया द साउथ इंडियन बैंक लि. (सुरक्षित लेनदार) के वेब पोर्टल की वेबसाइट यानी www.southindianbank.com पर दिए गए लिंक को देखें। यह विवरण https://bankauctions.in पर भी उपलब्ध है। संपत्ति के निरीक्षण, ई-नीलामी के नियमों और शर्तों या बोली जमा करने के संबंध में किसी भी अन्य स्पष्टीकरण के लिए, कृपया द साउथ इंडियन बैंक लिमिटेड. से संपर्क नं.: 9971-245-952 / 9007-046-006 / 7309-655-552 पर संपर्क करें।

हस्ता./- प्राधिकृत अधिकारी

कार्यालय वसूली अधिकारी-II
ऋण वसूली अधिकरण-II, चंडीगढ़

प्रथम तल, एससीओ नं. 33-34-35, सेक्टर-17ए, चंडीगढ़

आरसी नं. 210/2018 **बिक्री उद्घोषणा** नीलामी की तिथि : 07/07/2026

समय-समय पर यथासंशोधित बैंक तथा वित्तीय संस्थान के बकाया ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993 के साथ पठित आयकर अधिनियम, 1961 की द्वितीय अनुसूची के नियम 37, 38 और नियम 52(1), (2) के अंतर्गत बिक्री की उद्घोषणा

इंडियन बैंक बनाम श्री गुगन सिंह

सेवा में,
सीडी-1 श्री गुगन सिंह पुत्र श्री चंदगी (मृत्यु के बाद से) एलआरएस के माध्यम से:-
क राज कला पत्नी/पुत्री स्वर्गीय श्री गुगन सिंह
कक अजय पुत्र स्व. श्री गुगन सिंह
ककक कृष्ण पुत्र स्वर्गीय श्री गुगन सिंह
कङ संजय पुत्र स्वर्गीय श्री गुगन सिंह
सभी निवासी गांव मोखरा खेड़ी, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा।
सीडी-2 श्रीमती राज कला पत्नी/पुत्री स्वर्गीय श्री गगन सिंह, निवासी गांव मोखरा खेड़ी, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा
सीडी-3 श्री महावीर पुत्र श्री महिपाल, निवासी गांव मोखरा खेडी, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा

1. जैसा कि वसूली प्रमाणपत्र, यानी ओ.ए. सं.. 3635/2017 में आरसी नं. 210/2018, रू. 13,77,529/- की राशि की संयुक्त और अलग-अलग वसूली के लिए जारी किया गया था; जिसमें रू. 35,968/- का व्यय, और 01.08.2014 से लेकर प्रमाणपत्र देनदारों से आवेदक बैंक/प्रमाणपत्र धारक को देय राशि की वसूली की तिथि तक 12% प्रति वर्ष की दर से वर्तमान और भविष्य का साधारण ब्याज भी शामिल है।
2. जैसा, नीचे दी गई अनुसूची में उल्लिखित प्रमाणपत्र देनदार की गिरवी रखी गई/कुर्क की गई संपत्तियों की बिक्री का आदेश, उक्त वसूली प्रमाणपत्र की पूर्ति के लिए, अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिया गया है। एतद्द्वारा यह सूचना दी जाती है कि, यदि बिक्री को स्थगित करने का कोई आदेश नहीं आता है, तो उक्त संपत्ति(यों) की बिक्री **दिनांक 07.07.2026 को दोपहर 14:00 बजे से 15:00 बजे** के बीच नीलामी द्वारा की जाएगी, और बोली ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट: - **https://www.bankeauctions.com** के माध्यम से लगाई जाएगी। नीलामी सेवा प्रदाता के अधिकृत संपर्क व्यक्ति का विवरण इस प्रकार है: **नाम: श्री मिथिलेश कुमार - सहायक प्रबंधक, www.c1india.com** प्लॉट संख्या 68, तीसरी मंज़िल, सेक्टर-44, गुड़गांव-122003, हरियाणा (भारत) **वेबसाइट - https://www.bankeauctions.com डायरेक्ट:** 0124-4302000 | **मोबाइल नंबर:** +9170808044061 **ई-मेल: delhi@c1india.com सी1 इंडिया: दूसरी ई-मेल आईडी: mithalesh.kumar@c1india.com**
3. नीलामी सेवा प्रदाता के लिए अधिकृत बैंक अधिकारी का विवरण इस प्रकार है: **नाम: श्री करमवीर सिंह, मुख्य प्रबंधक, इंडियन बैंक, हुडा कॉम्प्लेक्स, रोहतक, हरियाणा; मोबाइल नंबर (70159-50557); ईमेल: R648@indianbank.co.in.** बिक्री ऊपर नामित प्रतिवादियों/सीडी की संपत्तियों की होगी, जैसा कि नीचे दी गई अनुसूची में बताया गया है; और उक्त संपत्तियों से जुड़ी देनदारियां और दावे—जहां तक ??उनका पता लगाया जा सका है—वे हैं जो अनुसूची में प्रत्येक लॉट के सामने निर्दिष्ट किए गए हैं।
4. संपत्ति को अनुसूची में निर्दिष्ट लॉट के अनुसार बिक्री के लिए रखा जाएगा। यदि वसूली की जाने वाली राशि संपत्ति के किसी हिस्से की बिक्री से ही पूरी हो जाती है, तो शेष संपत्ति के संबंध में बिक्री को तत्काल रोक दिया जाएगा।
5. बिक्री तब भी रोक दी जाएगी, यदि किसी भी लॉट की नीलामी पूरी होने से पहले, उक्त प्रमाण पत्र में उल्लिखित बकाया राशि + ब्याज + लागत (बिक्री की लागत सहित) बिक्री का संचालन कर रहे अधिकारी को जमा कर दी जाती है; अथवा अधिकारी को इस बात का संतोषजनक प्रमाण दे दिया जाता है कि उक्त प्रमाण पत्र, ब्याज और लागत की राशि अधोहस्ताक्षरी को भुगतान कर दी गई है।
6. बिक्री, आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची में निर्धारित शर्तों और उसके तहत बनाए गए नियमों के अधीन होगी; तथा साथ ही निम्नलिखित अतिरिक्त शर्तों के भी अधीन होगी:-
(i) संलग्न अनुसूची में निर्दिष्ट विवरण अधोहस्ताक्षरी की सर्वश्रेष्ठ जानकारी के अनुसार प्रस्तुत की गई है, लेकिन, इस उद्घोषणा में किसी गलती,त्रुटि अथवा खामी के लिए अधोहस्ताक्षरी उत्तरदायी नहीं होंगे।
(ii) आरक्षित मूल्य जिसके नीचे सम्पत्ति की बिक्री नहीं की जायेगी वह अनुसूची में उल्लिखित के अनुसार होगी।
(iii) वह राशि जिसके द्वारा बोली बढ़ाई जाएगी वह इसके पश्चात तालिका में वर्णित के अनुसार होगी। यदि बोली राशि अथवा बोलीदाता से संबंधित कोई विवाद उत्पन्न होता है तो लॉट को फिर से बिक्री पर लगाया जाएगा।
(iv) उच्चतम बोलीदाता को किसी भी लॉट का क्रेता घोषित किया जाएगा बशर्ते वे संबोली के लिए वैधानिक रूप से अर्ह हैं तथा बशर्ते उनके द्वारा बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं है।
(v) यदि प्रस्तावित मूल्य स्पष्ट रूप से अपर्याप्त होता है तथा ऐसा करना व्यवहारिक नहीं होता है तो अधोहस्ताक्षरी स्वेच्छा से उच्चतम बोली को स्वीकार/अस्वीकार कर सकते हैं।
(v) प्रत्येक इच्छुक बोलीदाता को जमा धरोहर राशि (ईएमडी) 06.07.2026 **को 17:00 बजे तक वसूली अधिकारी-क ऋणवसूली अधिकरण-II (डीआरटी-2) चण्डीगढ़ के पक्ष खाता आरसी नंबर** 210/2018 में डीडी/पे ऑर्डर के माध्यम से तथा पैन कार्ड, पते का प्रमाण एवं पहचान प्रमाण, ई-मेल आईडी, मोबाइल नं. के साथ सम्पत्ति का विवरण और कम्पनी के मामले में अथवा कम्पनी के प्रतिनिधान/अटॉर्नी की पुष्टि करने वाले अन्य दस्तावेज और ऐसी जमा की रसीद/काउंटरफॉयल आर.ओ./कोर्ट ऑक्शनियर के पास जमा करने होंगे। इसके पश्चात जमा की गयी ईएमडी नीलामी में भाग लेने के लिए पात्र नहीं मानी जायेगी।

जमा धरोहर राशि (ईएमडी), आरक्षित मूल्य तथा संविदा वृद्धि निम्नवत निर्धारित होगी :

क्र.सं.	सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रू. में)	ईएमडी राशि (रू. में)
1	कुल जमीन का माप 7बी-12बी, यानी 38के-0एम है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है: - **A.** गुग्गन सिंह (जो अब दिवंगत हैं) कुल 13 बीघा 3 बिस्वा जमीन में से 1/9 + 10/163 + 1/12 हिस्से के मालिक हैं; यह जमीन खेवट संख्या 104, खतौनी संख्या 425 और 426, तथा खसरा संख्या 3286(4-3), 3291(0-16), 3292(0-18), 3294(2-7), 3295(4-19) में शामिल है। **B.** और कुल 4 बीघा 16 बिस्वा जमीन में से 1/6 + 7/192 + 1/12 हिस्से के मालिक हैं; यह जमीन खेवट संख्या 105, खतौनी संख्या 427, तथा खसरा संख्या 1427(2-8), 1428(2-8) में शामिल है। **C.** और 18 बीघा 13 बिस्वा जमीन में से 1/616 + 1/12 हिस्से के मालिक हैं; यह जमीन खेवट संख्या 116, खतौनी संख्या 446 से 450, तथा खसरा संख्या 3296(2-16), 3297(2-13), 3301 मिन (1-14), 3248 मिन (24), 3299 मिन (1-3), 3300 मिन (14), 3298 मिन (0-5), 3299 मिन (3-12), 3300 मिन (3-0), 3301 मिन (0) में शामिल है। **D.** और खेवट संख्या 117, खतौनी संख्या 451 से 454, खसरा संख्या .23(2-7), 24(1 -15), 25(1 -18), 25 मिन (1 -10), 23 मिन (2-0), 24 मिन (1 -15), 25 मिन में शामिल कुल 12 बीघे 3 बिस्वा भूमि में से (0-18). **E.** 0 बीघे 10 बिस्वा की भूमि, खेवट संख्या 107, खतौनी संख्या 429, खसरा संख्या 3287/2(3-4) में सम्मिलित 3 बीघे 4 बिस्वा भूमि में से 10/109 हिस्सा है और खेवट संख्या में सम्मिलित 2 बीघे 5 बिस्वा की कुल भूमि में से 10/109 हिस्सा है। 108, खतौनी नंबर 430, खसरा नंबर 3287/1 (2-5)। भूमि गांव मोखरा खेड़ी, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा में स्थित है	**रु. 73,28,062/-**	**रु. 7,32,806/-**

7. नियत तिथि और समय के बाद प्राप्त ईएमडी को खारिज कर दिया जाएगा और ईएमडी के लिए भुगतान की गई राशि ई-नीलामी फॉर्म में उनके द्वारा दिए गए विकल्प के माध्यम से वापस कर दी जाएगी। बोली प्रक्रिया में भाग लेने के इच्छुक किसी भी व्यक्ति के पास सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र होना आवश्यक है।
उक्त डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र, सक्रिय ई-मेल आईडी और इंटरनेट कनेक्शन के साथ एक कंप्यूटर टर्मिनल सिस्टम प्राप्त करना बोलीदाता की एकमात्र जिम्मेदारी है ताकि वह बोली में भाग ले सके।
ऑनलाइन बोली के दौरान डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र और कनेक्टिविटी के संबंध में कोई भी समस्या बोली लगाने वाले की एकमात्र जिम्मेदारी होगी और इस संबंध में कोई दावा नहीं किया जाएगा।
8. यदि बोली नीलामी के दिए गए समय के अंतिम 5 मिनट के भीतर बढ़ जाती है, तो नीलामी का समय 5 मिनट के लिए अतिरिक्त समय के लिए बढ़ा दिया जाएगा ताकि अन्य बोली लगाने वाले अपनी बोली बढ़ा सकें और 5 मिनट के विस्तारित समय के भीतर आगे कोई वृद्धि न होने पर नीलामी प्रक्रिया समाप्त कर दी जायेगी।
चल/अचल संपत्ति के मामले में प्रत्येक लॉट की कीमत बिक्री के समय या अधिकारी द्वारा बिक्री का निर्देश दिए जाने के तुरंत बाद भुगतान करनी होगी और भुगतान न करने पर संपत्ति को तत्काल पुनर्विक्रय के लिए नीलामी के लिए रखा जाएगा।
9. सफल बोलीदाता को ऊपर उल्लिखित विवरण के अनुसार उक्त खाते/डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर चेक/पे ऑर्डर में अगले दिन तक नॉक डाउन होने पर ईएमडी के समायोजन के बाद बिक्री आय का 25% भुगतान करना होगा। यदि अगले दिन छुट्टी या रविवार है, तो अगला पहले कार्यालय दिवस पर।
10. क्रेता को सम्पत्ति की बिक्री की तिथि से 15वें दिन या उससे पूर्व अन्तिम संविदा राशि का 75% जमा करना होगा। यदि 15वां दिन दिन रविवार या अवकाश होता है तो 15वें दिन के बाद प्रथम बैंककार्य दिवस को ऊपर वर्णित के अनुसार निर्धारित माध्यम में। इसके अतिरिक्त उपर्युक्त क्रेता को रु. 1000/- तक 2% तथा 1000 से अधिक की सकल राशि पर 1% की दर से पाउंडेज **शुल्क रजिस्ट्रार, ऋण वसूली अधिकरण-II चण्डीगढ़ के पक्ष में देय डीडी द्वारा रिकवरी अधिकारी-II, ऋण वसूली अधिकरण-II चण्डीगढ़** के पास जमा करना होगा।
11. निर्धारित अवधि में भुगतान में चूक करने पर बिक्री की नई उद्घोषणा जारी करने के बाद बिक्री के खर्चे को डेफ्रे करने के बाद अधोहस्ताक्षरी यदि उपयुक्त समझते हैं तो जमा राशि सरकार के पक्ष में जब्त कर ली जायेगी और सम्पत्ति की फिर से बिक्री की जायेगी तथा चूक करने वाले क्रेता सम्पत्ति या उस राशि जिसके लिये बाद में उसकी की जायेगी, के भाग के प्रति अपने सभी दावे से वंचित हो जाएगें।
12. **रिकवरी अधिकारी-कक ऋण वसूली अधिकरण-II चण्डीगढ़** द्वारा बिक्री की पुष्टि तक उच्चतम बोलीदाता का सम्पत्ति पर कोई अधिकार/स्वामित्व नहीं होगा।
13. संभावित खरीदार साइट का निरीक्षण कर सकता है और राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर संपत्ति के विवरण को सत्यापित कर सकता है; इसके लिए स्थानीय आयुक्त से काफी पहले संपर्क किए जाने पर, उनके द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया जाएगा।
14. **वसूली अधिकारी-कक ऋण वसूली अधिकरण-II, चंडीगढ़** को यह अधिकार है कि वे नीलामी की कार्यवाही के किसी भी चरण में संपत्ति का कोई भी हिस्सा जोड़ सकते हैं या हटा सकते हैं।
15. असफल बोलीदाताओं को ई-नीलामी बिक्री की कार्यवाही समाप्त होते ही, **वसूली अधिकारी-II, डीआरटी-II, चंडीगढ़/सीएच बैंक** के कार्यालय से अपनी ईएमडी सीधे वापस लेनी होगी। ई-नीलामी ईएमडी फॉर्म के साथ भेजी गई आईडी प्रूफ की फोटोकॉपी का मूल दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य है। ईएमडी राशि पर कोई ब्याज नहीं दिया जाएगा।
16. बिक्री प्रमाण पत्र में, ई-नीलामी ईएमडी फॉर्म में उल्लिखित व्यक्तियों के अलावा किसी अन्य व्यक्ति का नाम शामिल करने/बदलने के किसी भी अनुरोध पर तब तक विचार नहीं किया जाएगा, जब तक कि वह अनुरोध पूरी तरह से उचित न हो और **वसूली अधिकारी-II** को संतोषजनक न लगे।
17. यदि बिक्री के लिए एक से अधिक संपत्तियां लाई गई हैं, तो ऐसी संपत्तियों की बिक्री सुविधा के अनुसार की जाएगी; बिक्री सूचना में उल्लिखित क्रम के अनुसार ही चलना अनिवार्य नहीं है।
18. एनआरआई बोलीदाताओं के लिए अपने पासपोर्ट के फोटो वाले पृष्ठ की एक प्रति संलग्न करना और अपनी बोली को भारतीय मिशन (दूतावास) द्वारा विधिवत प्रमाणित करवाकर भेजना अनिवार्य है। चल/अचल संपत्ति की बिक्री ''जैसी है, जहाँ है'', ''जो है यही है'', ''जो कुछ भी है वही है'' और ''उपचार रहित'' आधार पर की जा रही है; साथ ही यह बिक्री नियमों के अनुसार प्रकाशन शुल्क, राजस्व और अन्य ऋणभारों के अधीन होगी।
19. अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार सुरक्षित है कि यदि कोई बोली अनुचित पाई जाती है, तो वह किसी भी या सभी बोलियों को स्वीकार या अस्वीकार कर सकता है; अथवा वह किसी भी समय, बिना कोई कारण बताए, नीलामी को स्थगित कर सकता है।

बिक्री उद्घोषणा का विवरण वेबसाइट www.drt.gov.in पर देखा जा सकता है।

सम्पत्ति की अनुसूची

क्र. सं.	बेची जाने वाली सम्पत्ति का विवरण	सम्पत्ति अथवा इसके किसी भाग पर आकलित राजस्व	उस ऋणभार का विवरण जो सम्पत्ति पर बकाया है	दावे, यदि कोई हो, जिसे सम्पत्ति पर किया गया है
1	कुल जमीन का माप 7बी-12बी, यानी 38के-0एम है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है: - **A.** गुग्गन सिंह (जो अब दिवंगत हैं) कुल 13 बीघा 3 बिस्वा जमीन में से 1/9 + 10/163 + 1/12 हिस्से के मालिक हैं; यह जमीन खेवट संख्या 104, खतौनी संख्या 425 और 426, तथा खसरा संख्या 3286(4-3), 3291(0-16), 3292(0-18), 3294(2-7), 3295(4-19) में शामिल है। **B.** और कुल 4 बीघा 16 बिस्वा जमीन में से 1/6 + 7/192 + 1/12 हिस्से के मालिक हैं; यह जमीन खेवट संख्या 105, खतौनी संख्या 427, तथा खसरा संख्या 1427(2-8), 1428(2-8) में शामिल है। **C.** और 18 बीघा 13 बिस्वा जमीन में से 1/616 + 1/12 हिस्से के मालिक हैं; यह जमीन खेवट संख्या 116, खतौनी संख्या 446 से 450, तथा खसरा संख्या 3296(2-16), 3297(2-13), 3301 मिन (1-14), 3248 मिन (24), 3299 मिन (1-3), 3300 मिन (14), 3298 मिन (0-5), 3299 मिन (3-12), 3300 मिन (3-0), 3301 मिन (0) में शामिल है। **D.** और खेवट संख्या 117, खतौनी संख्या 451 से 454, खसरा संख्या .23(2-7), 24(1 -15), 25(1 -18), 25 मिन (1 -10), 23 मिन (2-0), 24 मिन (1 -15), 25 मिन में शामिल कुल 12 बीघे 3 बिस्वा भूमि में से (0-18). **E.** 0 बीघे 10 बिस्वा की भूमि, खेवट संख्या 107, खतौनी संख्या 429, खसरा संख्या 3287/2(3-4) में सम्मिलित 3 बीघे 4 बिस्वा भूमि में से 10/109 हिस्सा है और खेवट संख्या में सम्मिलित 2 बीघे 5 बिस्वा की कुल भूमि में से 10/109 हिस्सा है। 108, खतौनी नंबर 430, खसरा नंबर 3287/1 (2-5)। भूमि गांव मोखरा खेड़ी, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा में स्थित है	अज्ञात	अज्ञात	अज्ञात

नोट- यह संपत्ति ''जैसी है, जहाँ है'' तथा ''जो है यही है'' के आधार पर बेची जा रही है। नीलामी प्रक्रिया में भाग लेने से पहले, संभावित खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे संपत्ति का निरीक्षण कर लें और साथ ही, यहाँ संलग्न 'अनुलग्नक ए' के रूप में दी गई नीलामी की सभी सामान्य शर्तों और नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

अधिकतम प्रतिस्पर्धा सुनिश्चित करने के लिए, प्रमाणपत्र धारक बैंक को निर्देश दिया जाता है कि वे संपत्ति के निरीक्षण के संबंध में किसी भी संभावित बोलीदाता के अनुरोध पर तत्काल कार्रवाई करें। हालाँकि, किसी भी प्रकार की कठिनाई होने पर, संभावित बोलीदाता इस कार्यालय से ई-मेलः drt2chandigarh-dfs@nic.in के माध्यम से संपर्क कर सकते हैं।

मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अंतर्गत, दिनांक 04.05.2026 को जारी।

हस्ता./-
वसूली अधिकारी- II,
डीआरटी-II, चंडीगढ़

खबर कोना

सुरक्षा चिंताओं के कारण मेस्सी की प्रतिमा होगी स्थानांतरित

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 1 जून।

कोलकाता के लेक टाउन में फुटबाल के दिग्गज लियोनेल मेस्सी की विशाल प्रतिमा को हटाने और दूसरी जगह ले जाने की तैयारी सोमवार से शुरू हो गई, क्योंकि अधिकारियों ने इस संरचना को सार्वजनिक सुरक्षा के लिए संभावित खतरा घोषित कर दिया था। व्यस्त वीआइपी रोड कारिडोर पर स्थित इंजीनियर और कर्मचारी प्रारंभिक कार्य करते देखे गए, जहां पांच महीने पहले ही 70 फुट ऊंची प्रतिमा स्थापित की गई थी। यह कदम स्थानीय निवासियों की शिकायतों के बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि तेज हवाओं के दौरान विशाल संरचना हिलती हुई प्रतीत होती है, जिससे इसकी स्थिरता को लेकर चिंताएं बढ़ गई थीं। अधिकारियों के अनुसार, सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्थानांतरण प्रक्रिया कई चरणों में की जाएगी।

पेरिस : फ्रेंच ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अमेरिका के जैचरी स्वाज्दा के खिलाफ इटली के फ्लेवियो कोबोली शाट खेलते हुए।

भारतीय टीम ने अंडर 18 हाकी एशिया कप में कोरिया को हराया

काकामिगाहारा, 1 जून (भाषा)।

कप्तान केतन कुशवाहा के दो गोलों की बदौलत भारतीय पुरुष अंडर-18 हाकी टीम ने सोमवार को एशिया कप के पूल-ए मुकाबले में कोरिया को 4-1 से हरा दिया। कुशवाहा ने तीसरे और 36वें मिनट में गोल दागे, जबकि वरिंदर सिंह (पांचवां मिनट) और शाहरुख अली (54वां मिनट) ने भी एक-एक गोल किया। कोरिया के लिए कप्तान यून जेह्योक ने 21वें मिनट में एकमात्र गोल किया। इस जीत के साथ भारत छह अंकों के साथ कोरिया और जापान की बराबरी पर पहुंच गया। दोनों पूलों से शीर्ष दो टीमें सेमीफाइनल में प्रवेश करेंगी।

सेरेना 44 वर्ष की उम्र में पेशेवर टेनिस में वापसी को तैयार

पेरिस, 1 जून (एपी)।

अमेरिका की दिग्गज सेरेना विलियम्स लगभग चार वर्ष तक खेल से दूर रहने के बाद 44 साल की उम्र में आगामी क्वीन्स क्लब टूर्नामेंट से पेशेवर टेनिस में वापसी करेंगी। तेईस बार की ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन सेरेना इस ग्रास कोर्ट टूर्नामेंट में युगल वर्ग के जरिए प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगी। डब्ल्यूटीए ने सोमवार को घोषणा की कि सेरेना ने टूर्नामेंट में खेलने के लिए वाइल्ड कार्ड स्वीकार कर लिया है। क्वींस क्लब टूर्नामेंट अगले सोमवार से शुरू होगा। उस समय उन्होंने टेनिस को अलविदा कहने की बात तो की थी, लेकिन संन्यास शब्द का इस्तेमाल करने से बचते हुए कहा था कि वह टेनिस से आगे बढ़ रही हैं। सेरेना 23 ग्रैंड स्लैम एकल खिताबों के अलावा 14 ग्रैंड स्लैम युगल खिताब भी जीत चुकी हैं।

खराब रोशनी से निपटने को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने किया बदलाव

टेस्ट क्रिकेट में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल को मिली मंजूरी

अहमदाबाद, 1 जून (भाषा)।

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आइसीसी) के बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल प्रभावित होने की स्थिति में टेस्ट मैचों में परीक्षण के आधार पर गुलाबी गेंद के इस्तेमाल और ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मुख्य कोच को मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से चर्चा करने की अनुमति देने जैसे कई महत्त्वपूर्ण बदलावों को अपनी वार्षिक बैठक में मंजूरी दे दी।

अहमदाबाद में आयोजित दो दिवसीय बैठक में आइसीसी बोर्ड ने भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोपों के चलते क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का भी फैसला किया। इसके साथ ही बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के चुनावों की निगरानी के लिए आइसीसी के वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। आइसीसी के बयान के अनुसार, दोनों टीमों की पूर्व सहमति से टेस्ट मैचों में गुलाबी गेंद के इस्तेमाल का परीक्षण किया जाएगा, ताकि खराब रोशनी की आशंका होने पर अधिक से अधिक खेल संभव हो सके।

मैच की शुरुआत पारंपरिक लाल गेंद से होगी, लेकिन यदि रोशनी कम हो जाती है तो फ्लडलाइट्स की मदद से गुलाबी गेंद का इस्तेमाल कर उन ओवरों को पूरा कराया जा सकेगा। मौजूदा नियमों के तहत एक दिन में 90 ओवर फेंके जाते हैं। उदाहरण के तौर पर अगर 75 ओवर लाल गेंद से खेले जाने के बाद रोशनी कम हो जाए और 15 ओवर बाकी हों, तो दोनों टीमों की पूर्व सहमति होने पर उन ओवरों को दुधिया रोशनी में गुलाबी गेंद से पूरा कराया जा सकेगा। यह देखना दिलचस्प होगा कि भारतीय टीम इस व्यवस्था को स्वीकार करती है या नहीं। भारतीय खिलाड़ी घरेलू परिस्थितियों में गुलाबी गेंद से टेस्ट खेलने को लेकर पहले भी अनिच्छा जता चुके हैं। गुलाबी गेंद से सीम मूवमेंट अधिक मिलने के कारण मैच का रुख बदल सकता है। आइसीसी बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल का नुकसान कम करने के लिए मैच अधिकारियों और मैदानों में प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी नई तकनीकों पर शोध को भी मंजूरी दी है। इस अनुसंधान एवं विकास परियोजना को आइसीसी और मेरिलबोन क्रिकेट क्लब (एमसीसी) संयुक्त रूप से वित्तपोषित करेंगे।

आइसीसी बोर्ड ने खेल नियमों में संशोधन करते हुए मुख्य कोच या उनके प्रतिनिधियों को निर्धारित ड्रिंक्स ब्रेक के दौरान मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से रणनीतिक चर्चा करने की अनुमति दे दी है। टी20 क्रिकेट में रणनीतिक टाइम आउट के दौरान कोचिंग स्टाफ के मैदान पर आने की व्यवस्था पहले से लागू है और अब इसी तरह की सुविधा टेस्ट क्रिकेट में भी उपलब्ध होगी।

क्रिकेट

खिलाड़ियों के हितों की रक्षा और राष्ट्रीय टीमों के विकास को ध्यान में रखते हुए आईसीसी की निगरानी में नियंत्रित वित्तीय व्यवस्था के तहत क्रिकेट कनाडा को स्वीकृत राष्ट्रीय कार्यक्रमों के लिए धन उपलब्ध कराया जाएगा। *आइसीसी* क्रिकेट कनाडा को सदस्यता बहाली के लिए आवश्यक शर्तों की सूची भी सौंपेगा। इन शर्तों के अनुपालन की निगरानी आइसीसी नार्मलाइजेशन कमेटी करेगी।

आइसीसी बोर्ड ने खराब रोशनी के कारण खेल का नुकसान कम करने के लिए मैच अधिकारियों और मैदानों में प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी नई तकनीकों पर शोध को भी मंजूरी दी है। इस अनुसंधान एवं विकास परियोजना को आइसीसी और एमसीसी संयुक्त रूप से वित्तपोषित करेंगे।

खेल नियमों में आइसीसी ने संशोधन करते हुए मुख्य कोच या उनके प्रतिनिधियों को निर्धारित ब्रेक के दौरान मैदान पर जाकर खिलाड़ियों से रणनीतिक चर्चा करने की अनुमति दे दी है। टी20 क्रिकेट में टाइम आउट के दौरान कोचिंग स्टाफ के मैदान पर आने की व्यवस्था पहले से लागू है।

वैभव सूर्यवंशी ने दिग्गजों को पछाड़कर जीती 'आरेंज कैप'

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 1 जून।

आइपीएल का यह सत्र अपने समापन के साथ कई ऐतिहासिक यादें छोड़ गया है। सत्र के सबसे बड़े स्टार राजस्थान रायल्स के पंद्रह वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी रहे, जिन्होंने सबसे ज्यादा रनों का इतिहास रचते हुए आरेंज कैप अपने नाम की। वैभव ने सर्वाधिक 776 रन बनाए। इसके साथ ही वह आइपीएल इतिहास में आरेंज कैप जीतने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं।

वैभव ने सत्र में रिकार्ड 72 छक्के उड़ाकर सुपर सिक्सेस, 237.3 के स्ट्राइक रेट के लिए सुपर स्ट्राइकर और इमर्जिंग प्लेयर आफ द सीजन के पुरस्कारों पर भी कब्जा जमाया। दूसरी ओर, गेंदबाजी में पंजाब किंग्स के कागिसो रबाडा ने धारदार गेंदबाजी करते हुए 29 विकेट चटकाए और पर्पल कैप अपने नाम की। उपविजेता टीम के कप्तान शुभमन गिल को साढ़े बारह करोड़ रुपए का चेक सौंपा गया। कैच आफ द सीजन : मनीष पांडे (बैकवर्ड पाइंट पर टिम डेविड का शानदार कैच)। डाट गेंदों का खिताब मोहम्मद सिराज को मिला। उन्होंने सबसे ज्यादा 172 डाट गेंदें निकाली। सबसे ज्यादा चौके लगाने का खिताब साई सुदर्शन (75 चौके) के नाम रहा। सर्वश्रेष्ठ पिच व मैदान का खिताब क्रिकेट एसोसिएशन आफ बंगाल और हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन (4 या कम मैचों के लिए) को मिला।

इस बार विजय जुलूस नहीं : रायल चैलेंज बेंगलुरु ने इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार दूसरी बार खिताब जीतने के बाद विजय जुलूस नहीं निकालने का फैसला किया है। बंगलुरु शहर के पुलिस आयुक्त सीमंथ कुमार सिंह ने कहा, हम किसी भी प्रकार के सार्वजनिक समारोह की अनुमति नहीं देंगे। यदि कोई जश्न मनाना चाहता है तो वह घर के अंदर मना सकता है।

आइपीएल 2026

रजत पाटीदार ने ट्राफी भगदड़ पीड़ितों को समर्पित की

आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने आइपीएल में अपना दूसरा खिताब जीतने के बाद ट्राफी को पिछले साल भगदड़ में मारे गए प्रशंसकों को समर्पित किया है। पाटीदार ने रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ फाइनल में पांच विकेट की जीत के बाद कहा की निश्चित तौर पर बहुत बुरा लगता है कि खिताब जीतने के बाद हमने अपने प्रशंसकों को खो दिया। सिर्फ प्रशंसक ही नहीं वे तो इस टीम के परिवार के सदस्य थे। उन्होंने कहा की मैं यह ट्राफी उन्हें समर्पित करना चाहता हूं। बस इतना ही। उस भावना को व्यक्त करने के लिए मेरे पास शब्द नहीं हैं। दुखद घटनाक्रम के बाद चिन्नास्वामी स्टेडियम में लगभग आठ महीने तक शीर्ष स्तर के क्रिकेट मैचों का आयोजन नहीं किया गया।

प्रधानमंत्री ने एशियाई एथलेटिक्स में 19 पदक जीतने पर भारतीय टीम को सराहा

नई दिल्ली, 1 जून (भाषा)।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने वाले भारतीय टीम को बधाई देते हुए सोमवार को कहा कि यह शानदार प्रदर्शन खिलाड़ियों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है।

भारत ने हांगकांग में आयोजित की गई चार दिवसीय प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, पांच रजत और चार कांस्य सहित कुल 19 पदक जीतकर चीन (14 स्वर्ण, नौ रजत, दो कांस्य) के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने के लिए भारतीय टीम को हार्दिक बधाई। यह उत्कृष्ट प्रदर्शन भारत के युवा एथलीटों के दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता को दर्शाता है। उम्मीद है कि यह उपलब्धियां आने वाले वर्षों में और भी कई युवा भारतीयों को खेल में अपना करिअर बनाने के लिए प्रेरित करेंगी।

अंडर20 चैंपियनशिप

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भी भारतीय टीम को बधाई दी। शाह ने एक्स पर पोस्ट किया, हांगकांग में आयोजित 22वीं एशियाई अंडर-20 एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम को बधाई। 10 स्वर्ण पदकों सहित 19 पदक जीतने की आपकी उपलब्धि भारत की अपार खेल प्रतिभा का प्रमाण है, जो पूरे देश के अनगिनत खिलाड़ियों को प्रेरित करेगी।

सैन फ्रांसिस्को में डब्ल्यूएनबीए बास्केटबाल के पहले हाफ में गोल्डन स्टेट वाल्कीरीज की वेरोनिका बर्टन (दाएं) व लास वेगास एसेस की स्टेफनी टैलबोट गेंद के लिए जूझती हुईं।

मुकाबला

इंग्लैंड से आज भारतीय महिला टीम की भिड़ंत

कप्तान हरमनप्रीत कौर निकालेंगी मध्यक्रम की समस्याओं का समाधान

टांटन, 1 जून (भाषा)।

भारतीय टीम मेजबान इंग्लैंड के खिलाफ मंगलवार को तीसरे और निर्णायक महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में उतरेगी तो उसे दीप्ति शर्मा और ऋचा घोष जैसी भरोसेमंद बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद होगी, ताकि टीम अपने मध्यक्रम की समस्याओं का समाधान तलाश सके।

भारतीय टीम ने इस शृंखला का विजयी आगाज किया था, लेकिन इंग्लैंड ने दूसरा टी20 मुकाबला जीतकर शानदार वापसी की। इस महीने 12 जून से शुरू होने वाले महिला टी20 विश्व कप से पहले दोनों टीमें जीत के साथ अपना आत्मविश्वास बढ़ाना चाहेंगी। भारतीय टीम के लिए यह शृंखला आगामी विश्व कप से पहले इंग्लैंड की परिस्थितियों में अपने सर्वश्रेष्ठ संयोजन को परखने का भी महत्त्वपूर्ण अवसर है। चोट से वापसी कर रहीं यास्तिका भाटिया ने पहले टी20 में अर्धशतकीय पारी खेली थी, लेकिन दूसरे मैच में वह तेजी से रन बनाने में नाकाम रहीं और 33 रन के निजी स्कोर पर रिटायर्ड आउट हो गईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने भी एक अर्धशतक लगाया, जबकि स्मृति मंधाना और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने दूसरे मैच में अच्छी शुरुआत की थी। दोनों ही मुकाबलों में भारतीय टीम अंतिम पांच ओवरों में अपनी लय बनाए रखने में असफल रही। बड़े शाट खेलने के लिए जानी जाने वाली ऋचा घोष अभी तक अपेक्षित प्रभाव नहीं छोड़ सकी हैं। पहले मैच में यास्तिका और जेमिमा की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत भारत ने 7 विकेट पर 188 रन का स्कोर खड़ा किया था।

तीसरा टी20 क्रिकेट

जेमिमा रोड्रिग्स ने भी एक अर्धशतक लगाया, जबकि स्मृति मंधाना और आक्रामक सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा ने दूसरे मैच में अच्छी शुरुआत की थी। *रोड्रिग्स* ने महिला सुपर लीग में खेलने के अपने अनुभव का लाभ उठाने की उम्मीद जताते हुए कहा कि इस मैदान की पिच आम तौर पर बल्लेबाजों के लिए अनुकूल रहती है।

'महिला सुपर लीग के दौरान यहां खेला' रोड्रिग्स ने मैच की पूर्व संध्या पर कहा, मैं इससे पहले भी महिला सुपर लीग के दौरान यहां खेल चुकी हूं। उस समय मैंने यहां अच्छा प्रदर्शन करते हुए रन भी बनाए थे, इसलिए इस मैदान से मेरी अच्छी यादें जुड़ी हैं। जहां तक इस पिच और यहां की परिस्थितियों का सवाल है, यह बल्लेबाजी के लिए बेहद अच्छी पिच रहती है।

दिव्यांशी भौमिक ने डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल का खिताब जीता

प्रिस्टीना, 1 जून (भाषा)।

उभरती हुई खिलाड़ी 15 वर्षीय दिव्यांशी भौमिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए डब्ल्यूटीटी फीडर महिला एकल खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। वह इस उपलब्धि हासिल करने वाली भारत की सबसे कम उम्र की महिला खिलाड़ी बन गई हैं। विश्व रैंकिंग में 211वें स्थान पर काबिज दिव्यांशी ने फाइनल में चीनी ताइपे की विश्व नंबर 38 येह यी-तियान को रोमांचक मुकाबले में 3-2 (8-11, 11-8, 11-5, 7-11, 11-7) से पराजित किया।

टेबल टेनिस

भारतीय खिलाड़ी ने पहला गेम गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी करते हुए अद्भुत संयम, जुझारूपन और आत्मविश्वास का परिचय दिया तथा यादगार जीत दर्ज की। इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने सीनियर अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी दमदार मौजूदगी का अहसास कराया। दिव्यांशी की यह उपलब्धि केवल भारतीय टेबल टेनिस के लिए ही ऐतिहासिक नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी उन्हें विशिष्ट स्थान दिलाती है।

मात्र 15 वर्ष की आयु में वह जापान की स्टार खिलाड़ी मिवा हारिमोटो के बाद डब्ल्यूटीटी फीडर सर्किट में महिला एकल खिताब जीतने वाली दुनिया की दूसरी सबसे युवा खिलाड़ी मानी जा रही हैं। प्रिस्टीना में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान दिव्यांशी ने पूरे सप्ताह अपने खेल से प्रभावित किया। उन्होंने अपने से अधिक अनुभवी और ऊंची रैंकिंग वाली खिलाड़ियों को बेखौफ आक्रामक खेल तथा अटूट आत्मविश्वास के दम पर मात दी। उनकी परिपक्वता उम्र से कहीं अधिक दिखाई दी।

दिव्यांशी ने अपने शानदार अभियान में एक और स्वर्णिम उपलब्धि जोड़ते हुए महिला युगल वर्ग का स्वर्ण पदक भी जीता। उन्होंने सिंड्रेला दास के साथ मिलकर जापान की साची आओकी व कोकोना मुरामात्सु की जोड़ी को रोमांचक फाइनल में 3-2 से हराया।

भारतीय जोड़ी ने पहली बार जीता सिंगापुर ओपन खिताब | **बैडमिंटन** | टूर्नामेंट आज से, सिंधु महिला एकल में बुसानन से भिड़ेंगी

सात्विक-चिराग की इंडोनेशिया ओपन के खिताब पर निगाह

जकार्ता, 1 जून (भाषा)।

सिंगापुर ओपन में लंबे समय से चले आ रहे खिताबी इंतजार को समाप्त करने के बाद आत्मविश्वास से भरपूर भारत की स्टार पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी अब मंगलवार से शुरू हो रहे इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 में लगातार दूसरा खिताब जीतने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगी।

पूर्व विश्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को प्रतियोगिता में चौथी वरीयता मिली है। अपने पहले मुकाबले में उनका सामना मलेशिया के कांग खाई शिंग और आरोन ताई की जोड़ी से होगा। सात्विक और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरीको पुरुष युगल फाइनल में हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन खिताब जीता था। यह जीत भारतीय जोड़ी के लिए इसलिए भी ऐतिहासिक रही क्योंकि वे सिंगापुर ओपन में युगल वर्ग का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय बने। उल्लेखनीय है कि सिंगापुर ओपन से पहले उनका पिछला खिताब 2024 का थाईलैंड ओपन ही था। इसके बाद वे चार बार फाइनल में पहुंचे, लेकिन हर बार उपविजेता रहना पड़ा।

पुरुष युगल में भारत की दूसरी जोड़ी एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरूणान का मुकाबला मलेशिया के नूर मोहद अजरीन आयुब अजरीन और तान वी कियोंग से होगा।

दोनों भारतीय जोड़ियां अपने-अपने शुरुआती मुकाबले जीतती हैं तो दूसरे दौर में आमने-सामने हो सकती हैं। महिला एकल में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में मालविका बंसोड़ का सामना थाईलैंड की सातवीं वरीय पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा, जबकि उन्नति हुड्डा को पहले ही दौर में जापान की विश्व नंबर 12 नोजोमि ओकुहारा जैसी मजबूत प्रतिद्वंद्वी मिली हैं। लक्ष्य सेन पुरुष एकल में अपने पहले मुकाबले में इंडोनेशिया के अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। वहीं किदांबी श्रीकांत का सामना जापान के युशी तनाका से होगा।

महिला एकल में भारत की स्टार शटलर पीवी सिंधु अपने अभियान की शुरुआत थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के खिलाफ करेंगी। *सात्विक* और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए इंडोनेशिया के फजर अल्फियान और मुहम्मद शोहिबुल फिकरीको पुरुष युगल फाइनल में हराकर अपना पहला सिंगापुर ओपन खिताब जीता था।

एशियाई खेलों से पहले टाप्स विकास समूह में 22 नौकायन खिलाड़ी शामिल

जनसत्ता खेल
नई दिल्ली, 1 जून।

जापान के आइची-नागोया में सितंबर-अक्तूबर में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर नौकायन (रोइंग) के 22 खिलाड़ियों को सोमवार को टारगेट ओलंपिक पोडियम योजन (टाप्स) के विकास समूह में शामिल किया गया। यह फैसला मिशन ओलंपिक सेल की 174वीं बैठक में लिया गया।

भारतीय नौकायन संघ द्वारा वार्षिक राष्ट्रीय चयन ट्रायल और विभिन्न नौकाओं के लिए दलों को अंतिम रूप दिए जाने के बाद खिलाड़ियों की सूची जारी की गई। विकास समूह में शामिल प्रमुख खिलाड़ियों में बलराज पंवार, अरविंद सिंह और दो पदक जीत चुके जसविंदर सिंह शामिल हैं।

रजिस्ट्रेशन नं. डी.एल.-21047/03-05, आरएनआई नं. 42819/83, वर्ष 43, अंक 196
दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड के लिए रमेश चंदर मल्होत्रा द्वारा ए-8, सेक्टर 7, नोएडा- 201301, जिला गौतम बुद्ध नगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित और मेजनीन फ्लोर, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित। फोनः (0120) 2470700/2470740, ई-मेलः edit.jansatta@expressindia.com,
बोर्ड अध्यक्ष : विवेक गोयनका, कार्यकारी संपादकः मुकेश भारद्वाज*, *पीआरपी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेवार। कापीराइटः दि इंडियन एक्सप्रेस प्राइवेट लिमिटेड। सर्वाधिकार सुरक्षित। लिखित अनुमति लिए बगैर प्रकाशित सामग्री या उसके किसी अंश का प्रकाशन या प्रसारण नहीं किया जा सकता।

JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99

(★ Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349

(Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

Special Offer

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69

(★ Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269

(Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

Special Offer

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW